लक्ष्मीनारायण लाल

एकांकी रचनावली



प्रस्तुति : आनन्द वर्धन

किताबघर

दरियागंज, नई दिल्ली

लक्ष्मीनाराय

एकांकी स

लक्ष्मीनारायण लाल
एकांकी रचनावली

खंड एक

इस रचनावली में संगृहीत एकांकियों के अभिनय-प्रदर्शन, प्रकाशन, प्रसारण, फिल्मीकरण आदि किसी भी प्रकार के व्यावसायिक, अव्यावसायिक उपयोग के लिए निम्नलिखित से पूर्व अनुमति अनिवार्य है :

श्रीमती आरती लाल, आनन्द वर्धन, 54-ए, पश्चिम विहार
ए-2 बी, डी० डी० ए० (एम० आई० जी० फ्लैट) नई दिल्ली-110063

ISBN-81-7016-063-4

© श्रीमती आरती लाल, आनन्द वर्धन

प्रकाशक
किताबघर
24/4866, शीलतारा हाउस, अंसारी रोड
दरियागंज, नयी दिल्ली-110002

प्रथम संस्करण
1991

मूल्य
पाँच सौ रुपये (दो खण्ड)

आवरण
सुकुमार चटर्जी

मुद्रक
चोपड़ा प्रिंटर्स, मोहन पार्क
नवीन शाहदरा, दिल्ली-110032

LAKSHMINARAIN LAL EKANKI RACHANAVALI
(A collection of One-act Plays in Hindi)
Price : Rs. 500.00 (Two Volumes)

एक बच्चा
एक चिड़िया
एक तितली
एक फूल—इसे अपने भीतर छिपाए रखो। यही कर रहे हैं
रचना। उन्हें दिखा दिया तो श्राप लग जायेगा।
इसे मार दिया तो बस सब खतम।
जो लाल है उसे देख कर क्या कोई अनुमान भी करेगा कि
इसके भीतर एक शिशु
तितली, एक चिड़िया, एक
पुष्प है
वही है मेरी रचना का रहस्य—प्रकट रहस्य पर इसे मैं किसी
कीमत पर आजन्म प्रकट नहीं होने दूँगा।

—लक्ष्मीनारायण लाल
(फरवरी 28, 1979)

क्रम

8 / निवेदन
17 / अपनी रंगभूमि की भूमिका
27 / उर्वशी
40 / महाकाल का मन्दिर
54 / नूरजहाँ की एक रात
68 / जहाँनारा का स्वप्न
80 / ताजमहल के आँसू
93 / पर्वत के पीछे
130 / सुबह होगी
147 / नई इमारतें
165 / मड़वे का भोर
190 / धुएँ के नीचे
204 / कैद से पहले
221 / मम्मी ठकुराइन
243 / दो मन चाँदनी
256 / सुबह से पहले
266 / औलादी का बेटा
274 / बाहर का आदमी
289 / शाकाहारी
305 / शरणागत

क्रम

गली की शान्ति / 321
चौथा आदमी / 334
कालपुरुष और अजन्ता की नर्तकी / 345
मैं आइना हूँ / 360
जादू बंगाल का / 374
गुड़िया / 388
वरुण वृक्ष का देवता / 400
बादल आ गए / 411
मीनार की बाँहें / 429
हम जागते रहे / 450
रावण / 466
हँसी की बात / 477
ठण्ठी छाया / 490
मोहिनी-कथा / 503
गदर / 517
वसन्त ऋतु का नाटक / 529
गाँव का ईश्वर / 542
नमक और पानी / 557
एक औसत आदमी / 576

निवेदन

20 नवम्बर, 1987 को प्रात: 10 बजे आधुनिक हिन्दी नाटक और रंगमंच के महान हस्ताक्षर डॉ० लक्ष्मीनारायण लाल का अचानक महाप्रयाण हो गया। मृत्यु शाश्वत तत्त्व है। पर यह इतनी शीघ्र अचानक बिना किसी पूर्वाभास के इतना बड़ा कुठाराघात हिन्दी साहित्य जगत पर करेगी, किसी को कल्पना तक नहीं थी। डॉ० लक्ष्मीनारायण लाल का पूरा जीवन 'रंगभूमि' को समर्पित था। रंगमंच के प्रति उनकी प्रतिबद्धता दिखावा नहीं थी। उन्होंने जीवन भर 'रंगभूमि' के विभिन्न आयामों का बड़ी गम्भीरता से चिन्तन, अध्ययन, अन्वेषण किया एवं सतत जीवन हिन्दी रंगमंच को समृद्ध किए जाने के प्रति पूर्ण निष्ठा का परिचय दिया। वैसे तो डॉ० लक्ष्मीनारायण लाल ने अपने जीवन काल में अनेक विधाओं द्वारा महत्त्वपूर्ण कृतियाँ हिन्दी साहित्य जगत को प्रदान कीं परन्तु इनका सृजनकारी व्यक्तित्व और प्रतिभा नाटकों के क्षेत्र में सबसे अधिक मुखरित होकर अत्यन्त महत्त्वपूर्ण सिद्ध हुई। इनकी सशक्त कलम से अनेक जीवन्त नाट्य कृतियों ने हिन्दी नाटक एवं रंगमंच को महत्त्वपूर्ण दिशा देकर हिन्दी नाट्य भण्डार को गौरवान्वित किया।

डॉ० लाल ने अपने लेखन से रंगमंच को जो दिया वह वैविध्यपूर्ण, बहुमुखी और नवीन रंगशिल्प से भरपूर था। उनके नाटकों के तथ्य समसामयिक समस्याओं, मनोवैज्ञानिक द्वन्द्वों से लेकर राजनीतिक, सामाजिक, ऐतिहासिक, पौराणिक मिथक तक रहे। डॉ० लक्ष्मीनारायण लाल का रंगमंच भारतवर्ष से जुड़ी हुई 'भूमि' का 'रंग' था। डॉ० लक्ष्मीनारायण लाल जैसे समर्पित नाट्यकार के एकाएक दिवंगत हो जाने से हिन्दी नाट्य जगत अनेक सम्भावनाओं से वंचित हो गया है। डॉ० लाल का रंगमंच उनका शौक मात्र न होकर भारतीय मानस और संस्कारों के प्रति हम सबको 'देखने' एवं 'सोचने' की महत्त्वपूर्ण दिशा की पहचान कराने में अत्यन्त सहायक सिद्ध होता है।

डॉ० लक्ष्मीनारायण लाल ऐसे समय में रंग-प्रक्रिया से जुड़े जब आधुनिक हिन्दी रगमंच के विकास का प्रारम्भ हुआ था। उस समय ऐसे नाटकों की जरूरत थी जो नये कृत्य, शिल्प और आधुनिक चेतना से सम्बद्ध हों। डॉ० लाल ने इस ऐतिहासिक जिम्मेदारी को बखूबी निभाया और अन्तिम समय तक हिन्दी रंगमंच को नये-नये नाटकों से समृद्ध करते रहे। डॉ० लाल का रंगमंच से सम्बन्ध सिर्फ लेखक का ही नहीं रहा बल्कि वे रंगकर्म के विभिन्न क्षेत्रों में भी सक्रिय रहे। अनवरत लिखने की वजह से ही उन्होंने

विभिन्न शिल्प और प्रयोगधर्मिता के नाटक लिखकर हिन्दी नाट्य जगत को गरिमा प्रदान की। डॉ० लक्ष्मीनारायण लाल की प्रमुख शक्ति उनकी निष्ठा और संकल्पपूर्ण रचनाशीलता में है। नये नाटकों में बढ़ती हुई चमत्कार प्रदर्शन की प्रवृत्ति और स्वतः ही आधुनिकता के बीच इनके नाटक भारतीय सामाजिक कला के स्वरूप को अक्षुण्ण बनाए रहे।

प्रस्तुत संकलन में डॉ० लक्ष्मीनारायण लाल द्वारा लिखे गये लगभग समस्त उपलब्ध एकांकियों-लघु नाटकों को एक साथ संकलित करके कालबद्ध रूप से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। इस संकलन में उनके द्वारा लिखे गए रेडियो और दूरदर्शन नाटकों को भी पहली बार पाठकों हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है। इस संकलन में काफी संख्या में ऐसे नाटक हैं जो पूर्व प्रकाशित एकांकी संकलनों में सम्मिलित नहीं थे। अतः प्रथम बार ही पाठकों के समक्ष पुस्तकाकार रूप में प्रस्तुत हो रहे हैं। इन लघु नाटकों की रचना उनके द्वारा विगत 30 वर्षों के अन्तराल में की गई जो इनकी रंगयात्रा का महत्त्वपूर्ण दस्तावेज है। इस संकलन का उद्देश्य डॉ० लाल पर शोध ग्रन्थ तैयार करके प्रस्तुत करने का नहीं वरन् उनके रचनात्मक आयामों को पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करके उनके उपलब्ध-अनुपलब्ध एकांकियों को सहजता से हिन्दी नाट्य जगत को उपलब्ध कराना है।

डॉ० लक्ष्मीनारायण लाल की मान्यता थी कि एकांकी नाट्य लेखन हिन्दी रंगमंच और उसके नाटक की वह बुनियाद है जहां वास्तव में रंगमंच की माँग के लिए लघु नाटकों की सृष्टि हुई। रंगमंच प्रदर्शन का उपर्युक्त साधन है और एकांकी उसका सर्वोत्कृष्ट माध्यम। इसीलिए डॉ० लाल ने अपने एकांकियों को रंगमंच का अंग बनाया और रंगमंच को जीवन से जोड़ दिया। जीवन का यथार्थपूर्ण चित्रण रंगमंच पर जीवन्त हो गया और ऐसा लगा मानो दर्शक पात्र के रूप में स्वयं मंच पर लीला कर रहे हों।

डॉ० लाल के एकांकियों एवं लघु नाटकों में कला और तकनीक के स्तर पर प्रयोगशीलता, यथार्थ जीवन-बोध और उत्तरोत्तर कला को गतिशीलता देने का आग्रह स्पष्टतः दृष्टिगोचर होता है। डॉ० लाल के हिन्दी एकांकी रंगयात्रा में जितने प्रमुख प्रयोग हुए हैं उनका आधार मूलतः युग का यथार्थ-बोध ही है। नाट्य लेखन के प्रारम्भिक काल में ही डॉ०लक्ष्मीनारायण लाल ने परिवेशगत नीतियों, समस्याओं और जटिलताओं को ठीक-ठीक समझने का दृढ़ संकल्प कर लिया था। उन्होंने अपने द्वितीय एकांकी संग्रह 'पर्वत के पीछे' की भूमिका में जो 1952 में प्रकाशित हुई थी लिखा है, "मैं ऐसे नाटक लिखना चाहता हूं जिनमें कोई बन्द सूरत बेनकाब कर दी गई हो, कोई घिनौना नासूर-घाव साफ करके दिखा दिया गया हो, स्वप्न में रोते हुए इन्सान के आँसुओं को मूर्त कर दिया गया हो, उदास ओंठों पर न जाने कब की सूखी हुई मुस्कुराहट प्यार देकर या थप्पड़ मारकर जगा दी गई हो।" डॉ० लक्ष्मीनारायण लाल ने अपने समय की समस्याओं को लघु नाटकों में प्रमुखता दी। वे न तो आदमी की सामाजिक वैयक्तिक जटिलताओं के प्रति उदासीन रहे और न ही उसके आन्तरिक संघर्ष और भाषा के प्रति। बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध के बाद भारत के जीवन की पीड़ा मानव स्वतन्त्रता बनाम सत्ता और

व्यवस्था के संघर्षों को अनेक कोणों से कथ्य में ढालने पर भी उन्होंने मानवीय आस्था कोक भी नहीं त्यागा। जीवन और नाटक दोनों में आस्था की यही शक्ति उन्हें निर्देशक, अभिनेता, रंगकर्मी, नाटककार, नाट्य समीक्षक सभी कुछ एक साथ बनाती है।

प्रसिद्ध समालोचक डॉ० प्रभाकर माचवे के अनुसार "नाटककार रंगकर्मी लक्ष्मीनारायण लाल के व्यक्तित्व में पहली बार ऐसा परम संयोग हुआ जहाँ अपनी रंग मिट्टी अपनी नाट्य परम्पराओं के भीतर से रचना और सौंदर्य-बोध से स्वयं स्थापित हुई जिस पर न कोई किसी का आग्रह है न प्रभाव।" डॉ० लाल ने अपनी रंगयात्रा अपने आप पर निर्भर रहकर निर्भय रूप से बिना अपने उद्देश्य से विमुख हुए, चाहे कितना ही अकेले रहना पड़ा हो, जूझते हुए तय की और पा करके रहे अपना रंगमंच। डॉ० लक्ष्मीनारायण लाल के अनुसार नाटक लिखा नहीं जाता बल्कि रंगमंच में उसकी रचना होती है। इसीलिए इन्होंने अपने नाटकों में समय-समय पर रंगमंचीय आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए अपने नाट्य आलेखों में आवश्यकतानुसार परिमार्जित करते हुए संशोधन भी किये ताकि नाटक अपने मूल उद्देश्य अर्थात् रंगमंच हेतु प्रस्तुतीकरण के उद्देश्य में सफल रहे और यह केवल पाठ्यक्रम हेतु ही सीमित न रह जाय। लाल के नाटकों में सब कुछ प्रत्यक्ष तथ्य के रूप में हमारे सामने प्रकट होता है। जितना नाटक में दिखाया जाता है उससे वहीं अधिक दर्शक के अंतस में घटित होने लगता है। अंतस के पीछे और नाटक के बाहर मानो एक और नाटक चरितार्थ हो उठता है। यह अभिव्यंजना शक्ति लाल के नाट्य का अतिरिक्त आयाम है। डॉ० लाल के स्वयं के अनुसार भी नाटक में जो भी लिखा होता है, जितने जीवन संदर्भ इसमें उभरे होते हैं और उनके अनुसार जितना कुछ रंगमंच में उभर कर आता है वह सब समुद्र की सतह पर दिखते हुए उस पहाड़ की चोटी की तरह है जिसका नौवाँ हिस्सा पानी के गर्भ में अदृश्य है और सिर्फ एक भाग दृश्य है। वही अदृश्य, वही अप्रकट, वही अनाहद रंगमंच की वह मोहिनी है जो सारी कलाओं के जादू और सारत्व को समेट कर हमारे आवेगों और उद्वेगों का प्रतिनिधित्व करता है इसीलिए नाटक में जो कहा गया है उससे अर्थवान वह है जो छोड़ दिया गया है।

डॉ० लाल द्वारा भारतीय, पारिवारिक, सामाजिक, राजनीतिक जीवन के विभिन्न पहलुओं का चिन्तन-मनन इस संग्रह में संकलित लघु एकांकियों को पढ़ने से परिलक्षित होता है। उनमें विभिन्न विचारधाराओं को गहराई से समझने की अनवरत प्रक्रिया स्पष्टतः दृष्टिगोचर होती है। संवेदनशील चित्त और देश व समाज से जुड़ने की इसी प्रवृत्ति के कारण ही उनके एकांकी और लघु नाटकों की विषयवस्तु बहुरूपी और बहुरंगी है। उनके द्वारा रचित प्रत्येक एकांकी अपने में भिन्न एवं प्रस्तुतीकरण के विभिन्न रंग-संयोजन के कारण अनूठा है। डॉ० लाल के एकांकियों के चिन्तन का मूल विषय है—वर्तमान जीवन की स्थिति और उसकी परिणति—डॉ० लाल के विभिन्न एकांकियों के पात्र ठोस चारित्र्य आवरण में कैद नहीं हैं जिसके कारण ही अभिनेता अपनी सीमा एवं क्षमता के अनुरूप उन्हें जीवन्तता व सम्पूर्णता प्रदान करता है। इसी कारण ही निर्देशक एवं अभिनेता की कल्पनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतिभा को उद्वेलित करके

अपनी ओर आकृष्ट करता है जिससे कि नाट्य चरित्रों, प्रेक्षकों के साथ-साथ वे भी आत्मसाक्षात्कार कर सके। तभी यह आकर्षण महानगरों से लेकर छोटे-छोटे कस्बों तक प्रतिष्ठित और प्रशिक्षित निर्देशकों-अभिनेताओं से लेकर स्कूलों, कालिजों के अव्यावसायिक कलाकारों तक और प्रशिक्षण नाट्य संस्थाओं से लेकर साधनहीन नाट्य दलों तक डॉ० लाल के एकांकी समान उत्साह एवं रुचि के साथ खेले और देखे जाते हैं। डॉ० लाल का मानना है कि मानव ही मानव के लिए सबसे कौतुक का विषय रहा है। मानव अपने और अपने परिवेश के साथ निरन्तर संघर्ष करता है क्योंकि हर मनुष्य में कहीं-न-कहीं एक प्रेरक शक्ति होती है जो उसे हमेशा क्रियाशील रखती है और उसमें कहीं-न-कहीं एक आदर्श होता है जो उसे मन्त्र की तरह बेधे रहता है। डॉ० लक्ष्मीनारायण लाल का रंगमंच इसी बिन्दु से प्रारम्भ होता है।

'मेरा अपना रंगमंच' में लक्ष्मीनारायण लाल ने लिखा है, "मेरे लिए रंगमंच उस यौवन की तरह है जो एक गहरे अनुराग के साथ प्रत्येक सुन्दर वस्तु की छाप ग्रहण करने के लिए ललकता है। इतना ही नहीं, मेरे लिए यह रंगमंच मेरी निजी चेतना-सा बन गया है। मैं इसे उस तरह नहीं देख पाता जैसे रंग-समीक्षक या कला-पारखी इसे देखता है। इसके विषय में विचार-विवेचन कर कुछ निष्कर्ष निकाल कर, कुछ स्थापनाएँ कर वह जिस तरह मुक्त हो जाता है मैं नहीं हो पाता। यह हर क्षण मुझ में बसा रहता है—फूल में सुगन्धि की तरह, योग में अनुभव की तरह और रूप में मादकता की तरह। मैं बारहा इससे मुक्ति चाहता हूँ—एक क्षण के लिए छुटकारा, पर मैं इससे निस्संग तक नहीं हो पाता। यह मेरे लिए नरक है। यही मेरे लिए स्वर्ग है। यह पग-पग पर मेरा स्वाभिमान खण्ड-खण्ड करता है। यह हर क्षण मुझे महिमा-मण्डित करता है।"

डॉ० लाल के एकांकी एवं पात्र मूलतः मनोरंजक हैं क्योंकि वे दर्शक के स्तर पर उतर कर उससे संवाद के आकांक्षी हैं। डॉ० लाल ने एकांकी को रंगशाला की दीवारों से आजाद कर इसको व्यापकता प्रदान की है क्योंकि वे एकांकी को रंगशाला प्रयोग की वस्तु न मानकर आम आदमी के आस्वाद से जोड़कर देखते हैं। इनके अधिकांश एकांकियों में नाट्यगृह की दीवार, दृश्यबन्ध की सीमा नहीं मिलती। उनका मुख्य उद्देश्य है अपने नाटकों द्वारा दर्शकों को अपनी रंगलीला का सहभागी बनाना। डॉ० लक्ष्मीनारायण लाल के एकांकी यहाँ की भूमि, यहाँ की मिट्टी से जुड़े हुए हैं, साथ लिए हुए हैं, यहाँ की मिट्टी की सौंधी महक। वे स्वयं को कदापि आधुनिक कहलाने के इच्छुक नहीं रहे। क्योंकि उनकी मान्यता थी आधुनिकता की अंधी दौड़ में केवल पश्चिम की मात्र नकल करके उधार ली हुई विरासत को ओढ़ने की प्रवृत्ति जिसका उन्होंने जीवन-पर्यन्त वैचारिक विरोध किया। उनका सदैव प्रयास रहा भारतवर्ष की पारम्परिक मर्यादाओं को पाश्चात्य संस्कृति से बिना प्रभावित हुए सम्प्रेषण करके दर्शकों से रागात्मक सम्बन्ध स्थापित करना। उन्हीं के अनुसार "कृतित्व संभव है अपनी जड़, अपनी मिट्टी से उगने में। अपनी हवा, अपने परिवेश, अपनी परिस्थितियों में ही उसका विकास है, फूल और फल है। खासकर नाटक और रंगमंच के संदर्भ में अपनी परम्परा से जुड़ने में

ही कृतित्व की सारी संभावनाएँ हैं। परम्परा से जुड़ने का मतलब वर्तमान से पलायन नहीं। इसका अर्थ है अपनी दृष्टि प्राप्त करना। अपनी दृष्टि हर मनुष्य और प्रकृति को, प्राचीन और वर्तमान को पूरे काल को दो टुकड़ों में बाँट कर देखना नहीं। बाहर जो सूर्य का प्रकाश है वही भीतर हमारी बुद्धि का प्रकाश है। बाहर जो अंधकार है वही हमारे भीतर का भय है। बाहर प्रकृति में ऊपर उठने की जो प्रक्रिया है वही हमारे भीतर की उमंग है। इसीलिए हमारे नाटकों में रंगमंच शैलियों में प्रकृति और पुरुष का युद्ध नहीं है। मनुष्य और देवता में स्पर्धा नहीं है। राजा, प्रजा में विषमूलक बैर नहीं है। इसी जीवन दृष्टि का साक्ष्य है कि हमारे यहाँ ज्ञान, विज्ञान, कला और आनन्द का पहला बुनियादी केन्द्र यज्ञ है, पूजा है। इसी से निकला और विकसित हुआ है अपना नाट्य। नाट्य हमारे यहाँ कभी यथार्थ नहीं रहा, लीला रहा।"

प्रसिद्ध नाट्य चिन्तक डा० दशरथ ओझा के अनुसार डा० लाल की कृतियों पर जितनी आलोचनाएँ हुई, जितने शोध प्रबन्ध तैयार हुए, जितने स्वतंत्र ग्रन्थ लिखे गए उसका मूल कारण यह है कि उनकी नाट्य कृतियों में इतना वैविध्य है, प्रयोगों की इतनी बहुलता है, विचारों का इतना विस्तार है, प्रश्नों की इतनी भरमार है कि जो भी इनके नाटक पढ़ता अथवा रंगमंच पर देखता है वह विचारों, समस्याओं, प्रश्नों की एक लम्बी कतार साथ लेकर घर लौटता है। लक्ष्मीनारायण लाल में जहाँ साहित्यिकता और रंगमंचीयता का, ग्रामीणता और नागरिकता का, कलात्मकता और व्यावसायिकता का, फक्कड़पन और अक्खड़पन का, विनम्रता और दृढ़धर्मिता का, भारतीय मुमूर्षा, और पाश्चात्य मुमूर्षा, सनातन निष्ठा और पुरातन अप्रतिष्ठा का विस्मयकारी सम्मिश्रण पाया जाता है।

इस संकलन में डा० लाल के कुल 94 एकांकी-लघु नाटक संकलित करके प्रस्तुत किए जा रहे हैं। संकलन में प्रस्तुत प्रत्येक एकांकी इनकी रंग साधना व प्रतिबद्धता का परिचायक है, जो इनकी रंगदृष्टि का महत्त्वपूर्ण पक्ष रहा है। डा० लक्ष्मीनारायण लाल के नाटक की बड़ी संख्या में अभिनीत होकर मंचित होते रहे हैं। जो इनकी लोकप्रियता की पुष्टि करता है। क्योंकि अन्ततोगत्वा नाट्य रसिक ही किसी नाटक या नाटककार की सफलता-असफलता के सबसे महत्त्वपूर्ण निर्णायक हुआ करते हैं। डा० लाल ने अपने जीवनकाल में इलाहाबाद प्रवास के दौरान 'नाट्य केन्द्र' की स्थापना की। दिल्ली आने पर 'संवाद' नामक नाट्य संस्था के संस्थापक रहे। इन दोनों नाट्य संस्थाओं द्वारा नियमित नाट्य प्रदर्शन किए गए और अनेक प्रतिभाशाली निर्देशक एवं अभिनेता नाट्य जगत में स्थापित हुए। अन्य क्षेत्रों में कार्यरत महत्त्वपूर्ण व्यक्तियों एवं सामान्य जन को इन संस्थाओं में जोड़ कर लाल ने अपने रंग आन्दोलन को बेहतर बनाकर ठोस रंग आन्दोलन का सूत्रपात किया।

डा० लाल द्वारा लिखे गए एकांकी रंगमंच एवं दर्शकों की माँग के अनुरूप ही गढ़े गए। उन्होंने अपने एकांकी नाटकों की तरह यथा आवश्यकतानुसार मंच की सीमाओं और माँग के अनुरूप परिवर्धित एवं संशोधित करके नाट्य आलेख को मंचोपयोगी बनाने का प्रयास किया।

अब तक डा० लक्ष्मीनारायण लाल के प्रकाशित एकांकी संग्रह हैं : ताजमहल के आँसू, पर्वत के पीछे, नाटक बहुरंगी, नाटक बहुरूपी, सिरा दरवाजा, खेल नहीं नाटक, मेरे श्रेष्ठ रंग एकांकी, नया तमाशा, शुरू हो गया नाटक।

'ताजमहल के आँसू' व 'पर्वत के पीछे' एकांकी संग्रह डा० लाल के विद्यार्थी काल में ही प्रकाशित होकर मंचन के साथ-साथ विभिन्न रेडियो स्टेशनों से प्रसारित भी किए गए। डा० लाल का सर्वप्रथम मंच पर मंचित किए जाने वाला एकांकी 'ताजमहल के आँसू' था जिसके विषय में वे स्वयं लिखते हैं, "वह मेरे लिए बड़े सौभाग्य का दिन था जिस दिन दीक्षान्त समारोह के सिलसिले में म्योर हौस्टिल में मेरा पहला एकांकी 'ताजमहल के आँसू' वहाँ के छात्रों द्वारा अभिनीत होने को था। वह एकांकी यूनिवर्सिटी मैगजीन में छपा था। परम्परा को तोड़ते हुए नये एकांकीकार के एकांकी को मंचित किया गया था। दर्शकों को सम्मानित अतिथियों के बीच यह नाटक खूब सराहा गया।" यह उसे रंगयात्रा की शुरुआत थी। उस महत्त्वपूर्ण नाटककार की जो अपने अथक प्रयास से आगामी तीस वर्षों तक हिन्दी नाट्य सम्पदा को समृद्ध करता रहा। 'ताजमहल के आँसू' एकांकी संग्रह के अन्य एकांकी थे 'उर्वशी', 'महाकाल का मन्दिर', 'जहांआरा का स्वप्न', 'नूरजहाँ की एक रात'।" प्रथम प्रकाशन के पश्चात यह समस्त नाटक पर्याप्त चर्चा के विषय रहे जो मंचित होने के साथ-साथ विभिन्न रेडियो केन्द्रों द्वारा प्रसारित भी किए गए। डा० लाल का दूसरा एकांकी संग्रह 'पर्वत के पीछे' नाम में निकला जिनसे संगृहीत एकांकी इस प्रकार थे : 'पर्वत के पीछे', 'सुबह होगी', 'नयी इमारतें', 'मंडवे का भोर', 'धुएँ के नीचे', 'कैद से पहले'। अपनी विविधता के कारण समस्त एकांकी नाट्य जगत में अपना स्थान बनाने में सफल रहे। डा० लाल का अगला एकांकी संग्रह 'नाटक बहुरंगी' के नाम से प्रकाशित हुआ। जिसमें—'मम्मी ठकुराईन', 'दो मन चाँदनी', 'सुबह से पहले', 'औलादी का बेटा', 'बाहर का आदमी', 'शाकाहारी', 'शरणागत', 'गली की शान्ति', 'चौथा आदमी', 'काल पुरुष' और 'अजन्ता की नर्तकी', 'मैं आईना हूँ', 'जादू बंगाल का' सम्मिलित हैं। पूर्व के एकांकियों की तुलना में डा० लाल के इस संग्रह में और अधिक परिपक्वता का परिचय मिलता है जो मंच की दृष्टि से अत्यन्त सशक्त सिद्ध हुए। 'मम्मी ठकुराईन', 'शरणागत', 'काल पुरुष' और 'अजन्ता की नर्तकी', 'दो मन चाँदनी' प्रयाग एवं दिल्ली विश्वविद्यालयों के विभिन्न कालिजों में सफलता के साथ मंचित हुए। 'चौथा आदमी' का दृश्यबन्ध नितान्त मुक्ता काशी शैली का ठीक लोक-नाट्यों की तरह है। कहीं भी किसी भी खुली जगह में मंच की परिकल्पना करके सहजता से मंचन किया जा सकता है। इस एकांकी का हर चरित्र लोकनाट्यों के स्वांगधारियों-बहुरूपियों की तरह अपने संवाद उछाल जाता है। 'जादू बंगाल का' में यह रंगधर्मिता कुछ और गहरी हो गई है। यह एकांकी मंच की अनिवार्यता को अस्वीकार कर देता है। वस्तुतः इस एकांकी के संग्रह 'बन्द कमरे' के पूर्वाग्रह को तोड़ते हैं क्योंकि उनके रंगमंच का विस्तार गली-कूचे, हाट-बाजार, पार्क-मैदान, नुक्कड़-चौराहा तक है। 'रंग-भूमि' यह सम्पूर्ण दृश्य जगत है। इसीलिए अधिकांश एकांकियों का गठन मुक्ता काशी

शिल्प पर आधारित है। 'काल पुरुष और अजन्ता की नर्तकी' में कमरे की दीवारें मौजूद हैं क्योंकि इस एकांकी में पारम्परिक मंच परिकल्पना को दृष्टिगत रखते हुए नाट्य दलों की आवश्यकता के अनुसार रूपबन्ध किया गया है। 'शरणागत' मूलत: ध्वनि नाट्य है जो यहाँ मंच नाट्य की तर्ज पर प्रस्तुत हुआ है। 'नाटक बहुरूपी' नाट्य संग्रह में ही 'वरुण वृक्ष का देवता', 'मीनार की बाँहें', 'रावण', 'ठण्डी छाया', 'गदर', 'वसन्त ऋतु का नाटक' बिल्कुल खुले रंगमंच मुक्ता काशी रंगमंच की चीज है। 'नाटक बहुरूपी' के एकांकियों में नाटककार का आग्रह निश्चित अर्थ, विचार, उद्देश्य और वास्तविक जीवन के तत्त्वों से अपनी नाट्य रचना में रंगमंच का एक निश्चित स्वरूप उतारने की ओर रहा है। डा० लाल के इन एकांकियों में पारम्परिक और शास्त्रीय विधानों के अनुसार एक घटना अवश्य ली गई है। उस घटना का अर्थापन करना केवल व्याख्याकारों-टीकाकारों के लिए ही नहीं छोड़ दिया गया है। नाटककार अपनी नाट्य कृति के माध्यम से स्वयं उसकी व्याख्या प्रस्तुत करता है। 'गुड़िया', 'वरुण वृक्ष का देवता', 'रावण' यद्यपि इतिहास पुराण पर आधारित एकांकी हैं तथापि इनमें जीवन की एक नवीन व्याख्या प्रस्तुत की गई है।

'नमक और पानी', 'एक औसत आदमी', 'पीढ़ियों का संघर्ष', 'भाषा और संस्कार', 'कुछ और कुछ', 'आन्टी और आन्टी', 'हाय अंकल', 'चोर-चोर बहन-भाई', 'क्यू में', 'गुप्त धन', 'अब और नहीं', 'बाहर का रास्ता', 'आईना देख अपना' और 'खुशबू' लाल द्वारा समय-समय पर रेडियो अथवा टेलीविजन हेतु लिखे गए नाट्य आलेख हैं जिन्हें इस उद्देश्य से इस संग्रह में ज्यों का त्यों स्थान दिया गया है ताकि सुधी पाठक डा० लाल द्वारा इन माध्यमों के लिए लिखे गए कृतियों से भी दो-चार हो लें।

'दूसरा दरवाजा' एकांकी संग्रह में 'केवल तुम और हम', 'दूसरा दरवाजा', 'फिर बताऊँगी', 'धीरे बहो गंगा', 'हाथी घोड़ा चूहा' और 'कॉफी हाउस में इन्तजार' नामक एकांकी संगृहीत हैं। यह डा० लाल का अत्यन्त विशिष्ट संग्रह है क्योंकि इसमें सम्मिलित एकांकियों ने अपने मंचन काल से ही अत्यन्त ख्याति पाई और लगभग पूरे देश में इनका मंचन किया गया। रंगमंच पर कई संस्थाओं द्वारा केवल स्त्री चरित्रों को लेकर एकांकी की माँग की गई। उसकी पूर्ति हेतु डा० लक्ष्मीनारायण लाल ने एकांकी 'केवल तुम और हम' लिखा। दिल्ली विश्वविद्यालय के जानकी देवी कालिज द्वारा सर्वप्रथम इसका मंचन किया गया। स्त्री पात्रों वाले इस एकांकी को रच कर लाल ने स्त्रियों को रंगमंच की भागीदारी दी है। 'दूसरा दरवाजा' एकांकी वर्तमान के धरातल पर जुड़ा हुआ है—बेकारी की स्थिति, बेकारी से उत्पन्न कुण्ठाएँ, बेकारी की यन्त्रणा, कुर्सी पाने के लिए दूसरे दरवाजे, पैरवी, रिश्तेदारी का प्रयोग। यह एकांकी नाट्य संस्थाओं द्वारा अनेक बार मंचित किया गया है। 'फिर बताऊँगी' दफ्तरी बाबुओं का जीता-जागता चित्रण करता है। और कार्यालयों में पुरुष के साथ काम करने वाली महिलाओं की समस्या का निरूपण भी 'धीरे बहो गंगा', 'नारों के व्यंग से', 'हाथी घोड़ा चूहा' दफ्तरी साहबों के भीतर मौजूद पशुपन के कीटाणुओं के अधिवेशन से जुड़ा

है। 'कॉफी हाउस में इन्तजार' नेशनल स्कूल आफ ड्रामा के स्नातकों द्वारा अभिनीत किए जाने के अतिरिक्त अन्य सुरुचिपूर्ण संस्थाओं द्वारा बार-बार मंचित किया जाता रहा है। वस्तुतः 'दूसरा दरवाजा' का हर एकांकी जीवन और जगत के किसी न किसी ऐसे धरातल पर टिका है जहाँ जीवन की जीवन्तता समाप्त होने को है—नाटककार की छुअन उनमें नवजीवन का संचार कर देती है। डा० लाल के सभी एकांकी कहीं न कहीं समसामयिकता को स्पर्श कर ही खड़े होते हैं। इन एकांकियों की ख्याति का कारण इन कृतियों की अपनी रचनात्मक सशक्तता है जो शिल्प और शैली के धरातल पर पारम्परिक नाट्य शिल्प और रूपों में स्वायत्त किए गए हैं और जो सीधे वर्तमान से जुड़े हैं। इसीलिए इनमें समसामयिकता भी है और लोक-नाट्यों का लचीलापन भी है। इसलिए ये परिष्कृत पारम्परिक शिल्प के नमूने भी हैं और शैली शिल्प के नये प्रयोग भी।

'खेल नहीं नाटक' में संगृहीत एकांकी—'अखबार', 'परिचय', 'शहर', 'अप्रासंगिक', 'खेल', 'एक घण्टा', 'नहीं', 'क्रिकेट' वस्तुतः आपातकाल के दौरान लिखे गए एकांकी हैं। जिनमें वैयक्तिक स्वतन्त्रता एवं राजनीतिक-सामाजिक विसंगतियों को बखूबी चित्रित किया गया है। यह समस्त एकांकी आपातकाल के दौरान विभिन्न स्थानों पर अत्यन्त उत्साह से मंचित किए गए। प्रस्तुत संग्रह में संगृहीत एकांकी 'भगवती जागरण', 'एक शून्य की हत्या', 'डिनर पार्टी', 'हत्या की राजनीति', 'पोलिटिक्स आफ ह्यूमन ट्रेजेडी', 'ड्रिल', 'वापस घर आना', 'शादी', 'दो व्यक्ति', 'इतिहास की कथा' और 'बीरबल की खिचड़ी' वस्तुतः दृश्य बन्धों में बँधे हुए छोटे-बड़े एकांकी हैं। जो एक साथ भी मंचित किए जा सकते हैं और अलग-अलग दृश्यों के तहत भी।

डा० लक्ष्मीनारायण लाल के एकांकी संग्रह 'नया तमाशा' में 'हेमु का बलिदान', 'लड़कियाँ', 'मैं और मैं', 'सबरंग मोहभंग', 'माता', 'फुटबाल और नया तमाशा' एकांकी हैं। 'सबरंग मोहभग' डा० लाल का पहले पूर्णकालिक नाटक के रूप में मंचित हुआ। परन्तु बाद में उन्होंने इसे एकांकी के रूप में मंच हेतु प्रस्तुत किया। 'शुरू हो गया नाटक' डा० लाल का अन्तिम प्रकाशित एकांकी संग्रह है। जिसमें 'बूढ़े पुत्रों की जवान माँ', 'शुरू हो गया नाटक', 'आँखों देखा तमाशा', 'वह मेरा पति', 'तुम चन्दन हम पानी' संगृहीत हैं। 'तुम चन्दन हम पानी' एवं 'खाक एक सूरत बहुतेरी' मूलतः नृत्य नाटिकाएँ हैं। जो शुद्ध रंगमंचीय माँग को देखते हुए ही की गई। 'इनविजी-लेटर', 'बिल्ली का खेल', 'बन्दर का खेल', 'झील में चन्द्रमा' एवं 'राजा लम्बोदर बालकों हेतु उनकी सीमाओं को दृष्टिगत रखते हुए रखे गए हैं। स्पष्ट है कि डा० लाल ने अपने एकांकियों को मात्र पढ़ने के लिए नहीं लिखा वरन् रंगमंच पर अभिनीत करने के लिए उनकी रचना की सच्चाइयों से ऐसा जोड़ दिया कि उनके एकांकी खेल अथवा नाटक न होकर मानव जीवन के शुद्ध कर्म लगने लगे। लाल के अनुसार ही "मैंने अनुभव किया है कि नाटक लिखना नहीं रचना है और इस रचना में देखना और जीना दोनों एकसाथ हैं।" डा० लाल रंगमंच के जादूगर थे। उनके निर्देश अंशों में उनका रंगमंचीय अनुभव दृष्टिगत होता है।

किसी भी देश का जीवित रंगमंच वहाँ की मिट्टी, वहीं के रागरंग से उपजता है जिसमें हमारी रंग परम्परा हो, जिसमें हमारी सांस्कृतिक दृष्टि और कलात्मक दृष्टि हो। यह इस तरह जितना 'हमारा होगा' उतना ही अधिक इसमें हमारा चतुरंगी जीवन अपना सहज प्रतिनिधित्व पाएगा और वह उतना ही अधिक विकासमान और व्यावहारिक होगा। लाल के अनुसार जब तक आदमी अपने यथार्थ से जुड़ा न रहेगा और जिन्दगी में से कोई मौज-मस्ती, मनोरंजन और कोई खास रंग निकाल करके मंच पर प्रस्तुत न कर पाएगा—जो जीवन की परम अनिवार्यता है तब तक हमारे यहाँ हिन्दी क्षेत्र में अपना नया रंगमंच अपने मूल से नहीं जुड़ पाएगा। यह रंग संकल्प है—इन्द्रिय विलास नहीं। श्रेष्ठ रंगकर्मी वही हो सकता है जो प्रतिपल इस आत्मबोध में रहे कि मैं हूँ क्योंकि सब हैं। मैं हूँ क्योंकि मेरा समाज है। मेरा देश है तभी मैं हूँ। प्रस्तुत संग्रह में संगृहीत समस्त एकांकी लघु नाटक वस्तुतः डा० लक्ष्मीनारायण लाल की इसी विचारधारा के सबल परिचायक हैं। प्रस्तुत संग्रह को प्रामाणिक बनाने का भरसक प्रयास किया गया है और एकांकियों का क्रम उनके रचनाकाल के अनुसार ही रखा गया है। इस संग्रह को पाठकों तक पहुँचाने में श्री सत्यव्रत शर्मा ने गहरी दिलचस्पी ली है और इस संग्रह को तैयार करने में महती भूमिका निभाई है। श्रीमती अनुपमा वर्धन ने भी इस ग्रन्थ को तैयार करने में सहयोग दिया है। श्री सी० पी० वर्मा ने रचनाओं को व्यवस्थित करने और पाण्डुलिपि तैयार करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन समस्त के प्रति मैं आभारी हूँ।

आशा है डा० लक्ष्मीनारायण लाल के प्रस्तुत सम्पूर्ण एकांकियों के इस ग्रन्थ को पाठकगण उपयोगी पाएँगे।

अपनी रंगभूमि की भूमिका

अपनी इस भूमिका का संबंध अपने ही कितने भूले-बिसरे रंगसूत्रों से है, जो हमारी चेतना-भूमि पर बिखरे पड़े हैं। उस बिखराव के बीच खड़े रहकर उन्नीस सौ सत्तर के आसपास एक बिसरी याद आई इलाहाबाद की, जहां हमने 'नाट्य-केन्द्र' से यह स्वप्न देखा था कि एक दिन अपना नाट्य, हिन्दी नाट्य, भारतीय नाट्य होगा। वही बिसरी याद नई दिल्ली में आई, लज्जित हो गया। उदासी से भर गया। तभी, दूसरे ही क्षण मुझे अपने किसी पुरखे की याद आई, जिसने कहा, सुना, भूली-बिसरी याद से ही पूर्वाभास होता है। अपनी स्मृति की कालातीत प्रक्रिया का जब वर्तमान में मंथन होता है तो भावी आकांक्षाओं की सोच, किसी नई रचना-दृष्टि का हेतु बनता है।

स्मृतियों के उसी खिंचाव में पहली बार मूल संस्कृत में 'हनुमन नाटक' पढ़ा। रावण और कुम्भकरण के इस दृश्य और संवाद पर रुक गया। रावण कहता है—कुम्भकरण उठो, दिन निकल आया है। देखो, राम की पत्नी को मैं ले आया हूँ। कुम्भकरण पूछता है—उसका भोग किया? रावण जवाब देता है—वह तो किसी तरह काबू में ही नहीं आती। राम के सिवा और कुछ सोचती ही नहीं। इस पर कुम्भकरण सलाह देता है कि रावण, तुम राम क्यों नहीं बन जाते? रावण बोलता है, सुनो प्यारे!

बालाघन श्यामलं रामागं भजतः
ममापि कुटिलो भावोपि न जायते।

जैसे ही मैं राम की वेशभूषा धारण करने चलता हूँ मेरे बुरे भाव ही पैदा नहीं होते।

किसी की वेशभूषा धारण करने मात्र से उसकी पात्रता में चरित्रबल-परिवर्तन आ जाए, यह किस रूपक और नाट्य का संकेत है, आश्चर्यचकित रह गया।

जैसे-जैसे अपने भारतीय नाट्य और शास्त्र का अध्ययन-मनन करता गया, वैसे-वैसे एक बुनियादी बात स्पष्ट होती चली गई कि हमारी नाट्य दृष्टि पश्चिम की तरह निरपेक्ष नहीं है। हमारी अपनी दृष्टि यह है कि कोई भी कला मूलतः एक कृति है। वह कृति किसी भी तरह जीवन से अलग नहीं है। उसमें सब कुछ सन्निहित है, समाया हुआ है सब—कृतिकार, दर्शक, श्रोता, समय, काल और अवस्था पूरी।

सन् सत्तर के आसपास, मैं अपनी जाँच-पड़ताल करने लगा कि देखूं मैं क्या काम कर रहा हूँ। क्यों कर रहा हूँ? किस प्रेरणा और उत्साह से कर रहा हूँ? जो नाट्य-कर्म कर रहा हूँ, उसमें मेरी अपनी भूमिका क्या है?

देखा और पाया कि नाट्य क्षेत्र में एक अजीब विडम्बनापूर्ण स्थिति है। शास्त्र या दृष्टि के नाम पर यहाँ सब कुछ आरोपित है। थोपा हुआ है—चाहे वह संस्कृत नाट्यशास्त्र हो, चाहे पश्चिमी नाट्यशास्त्र। सब कुछ ऊबड़-खाबड़, छिन्न-विच्छिन्न। सब कुछ इस क्षेत्र में एक-दूसरे से अलग-थलग।

इससे बढ़कर और क्या अज्ञानता हो सकती है कि भारत में जन्म लेकर, यहाँ जीकर नाट्यकर्म तो कर रहा हूँ पर भारतीय नाट्य दृष्टि से अपरिचित हूँ।

जरा सोचिए, विचार कीजिए, ऐसा कृतिकार क्या रचना-सृजन कर सकता है, जिसे ज्ञान का वर्तमान (पश्चिमी) सिरा तो दिख रहा है, लेकिन उसे अपना पहला सिरा ही न मिला हो? चाहे वह कितना ही सोच-विचार करे और कितना ही तलाश और खोज में सिर खपाए, उसको अपने नाट्य और रंग ज्ञान का सीधा और यथार्थ मार्ग न मिलेगा, क्योंकि उसे आरम्भ में ही (आधुनिक काल) 'ओडियस ड्रामा' का आँखफोड़ अँधेरा दिख गया है। फलतः उसे अंधकार के सिवा और कुछ न दिखेगा।

पर जिस व्यक्ति को अपनी सत्ता का ज्ञान हो और अपने गुणों की पहचान हो, दरअसल वही अपने ज्ञान के आदि सिरे को जान सकता है और उसकी वर्तमान अवस्था को। वही अपने समय में बखूबी यह अनुभव कर देख सकता है कि जिस ड्रामा-थियेटर के पैमाने पर वह अपने नाट्य को गरीब, विपन्न पा रहा है या अपने औपनिवेशिक मानस के कारण जिसको अपनी सम्पन्नता का पैमाना बनाए हुए है, जिसके कारण वह अपनी जड़ों से कटकर दिखावटी नाट्य प्रगति की लालसा का शिकार हुआ है, वही उसकी असली दरिद्रता है। और जो अपनी रंगभूमि की सम्पन्नता, नाट्य-सौन्दर्य-दृष्टि, आत्मविश्वास उसके पास है, और जिसकी तरफ उसका ध्यान नहीं है वही उसकी वास्तविक दरिद्रता है।

अपने जीवन नाट्य के प्रसंग में उनके ड्रामा-थियेटर ज्ञान से मुझे स्पष्ट हुआ कि वे योजनापूर्ण ढंग से हमें आधुनिकता की जो दीक्षा देते हैं, उससे इस तरह हमारा मन बनाते हैं कि जो तुम्हारा था, वह तो प्राचीन था, उससे अब तुम्हारा क्या मतलब? तुम्हारी मुक्ति प्राचीन से कटकर परम्परा-त्याग से आधुनिक बनने में ही है। अर्थात् वे हमें आधुनिक करने के लिए आधुनिक नहीं बनाते, इसलिए बनाते हैं कि तुम आधुनिकता के नशे में पश्चिम पर अवलम्बित रहो।

इस प्रकाश में उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध वर्तमान समय तक, अपना पूरा नाटक और रंग देखें तो स्पष्ट होगा कि तथाकथित ऐतिहासिक, वैज्ञानिकता, तर्कबुद्धि की जो एक प्रवृत्ति है, वह निश्चित ढंग से रूपक-तत्व के स्थान पर वस्तु को, नाटकत्व के स्थान पर गति को ही महत्त्व देता है। ठीक इसके विपरीत अपने रूपक का जो नाटकत्व है, उसका मूल तत्त्व है प्रज्ञात्मक अनुभव। इसीलिए तो कुमार स्वामी के शब्दों में पश्चिम में विज्ञान है, पूर्व में प्रज्ञा।[1]

जब तक मुझे अपनी रंगभूमि, अपने नाट्य, अपनी रंगदृष्टि का आभास न था, तब तक नाटक और रंगमंच के नाम पर भारत में जितना कुछ राष्ट्रीय स्तर पर ड्रामा-

1. नालेज आफ द वेस्ट एंड विजडम आफ द ईस्ट।

थियेटर का प्रदर्शन हो रहा था, उसका मैं एक गूँगा दर्शक था। मेरे लिए वह एक ऐसा औपनिवेशिक-ऐतिहासिक नाटक था, जो खेला तो जा रहा था भारत देश में, पर जिसका आलेख लंदन में बैठे किसी अंग्रेज ने लिखा था।

मैंने देखा और अनुभव किया है कि सुनियोजित ढंग से आजादी के आसपास सम्पूर्ण रंगधर्मिता हम पर लादी जा रही थी। नेहरू-काल का स्वतंत्र भारत बड़े उत्साह और गौरव के साथ पश्चिम के आधुनिक थियेटर-ड्रामा और उसके शास्त्र का आज्ञाकारी ढंग से अनुकरण कर रहा था। उसमें मुझ जैसे लोग भी थे। उस दौर में बुजुर्ग रंगकर्मियों के साथ नकली पश्चिमी ऐसी बहुत सारी चीजें हमने सीख लीं, जो हमारी जीवन प्रकृति और नाट्य प्रकृति के बिल्कुल खिलाफ थीं। इस पर तुर्रा ये कि हमारी यह सोच बन चुकी थी कि हमारे भारतीय नाट्य की शुद्धता उसी नकल में है। हम जब हिन्दी नाटक लिखते थे तो हमारे जेहन में पश्चिम के रंग-निर्देशक, पंचशिल्पी और उनका शास्त्र होता था। हमने जहाँ कहीं प्रशिक्षण केन्द्र देखा, वहाँ अंग्रेजी थियेटर, मंच, प्रकाश, अभिनय, निर्देशन के ही आधार पर प्रशिक्षण पाते लोगों को देखा। चाहे हिन्दी नाटक हो, चाहे संस्कृत, चाहे शास्त्रीय चाहे लोकधर्मी, सब का निर्देशन और प्रस्तुतीकरण उसी अंग्रेजी की किताबों में दिए गए आदेशों के हिसाब से। इतना पतन हो चुका था हमारा।

अंग्रेजी नाट्य प्रदर्शनों में, निर्देशनों में गुस्सा-प्रदर्शन, चीखने-चिल्लाने, एकाएक दृश्य तोड़ने, तनाव और गति को खींचकर चरम सीमा पर ले जाकर झन्न से तोड़ने और लम्बा शून्य पैदा कर फिर 'तार सप्तक' पर बोलने पर अधिक बल है। कैसा ड्रामा, जिसके प्रदर्शन-निर्देशन के सारे तत्त्व नकली, दिखाऊ, खोखले, निकृष्ट जो विधिवत पारसी थियेटर के रास्ते हमारे तथाकथित आधुनिक रंगमंच में आए।

जब अपने भारतीय नाट्य को पढ़ा और ईश्वर कृपा से अपनी रंगभूमि को जाना तो यह अनुभव कर दंग रह गया कि अपने नाट्य और रंगभूमि में कहीं कोई ऐसी स्थिति नहीं, जिसके तहत समय, स्थान, कार्य और अभिनय की इकाई में, कहीं कोई तोड़ है, झटका है, अर्थात् बेसुरापन है। सर्वत्र एकलयता, सांगीतिकता, छन्दता और अबाध दृश्यता है—जिसे रूपकत्व कहते हैं। इसीलिए चाहे युद्ध हो, यहाँ तक कि बीभत्स हो, सबमें कला-आस्वादन है। सौन्दर्य है।

तभी तो जाना, अपना रंग क्या है। उसमें कितनी ऊर्जा और आत्मविश्वास और आत्मसम्मान है। देखने में रंग है तो एकआयामी, पर उस एक रंग को दर्शकों की इतनी आँखें एकसाथ देख रही हैं तो दर्शकों की इतनी आँखों के इतने रंग मिलकर उस एक रंग को बहुआयामी, बहुरंगी, बहुरूपी बनाते हैं।

कैसे ?

क्यों ?

अपनी 'भूमि' के कारण। अपने चित्त की बनावट के कारण, स्मृति और अनुकृति स्वभाव के कारण।

लेकिन 'रंगभूमि' पर दो घटनाएँ घटीं। पहली घटना है, इस भूमि पर सात सौ

वर्षों का मुसलमानी राज्य। जिसके कारण प्रत्यक्षतः रंगभूमि पर पटाक्षेप रहा। पर नेपथ्य में एक ओर यह संगीत के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति देती रही। दूसरी ओर नगर केन्द्रों से दूर, भारतवर्ष के सुदूर अंचलों, जनपदों और उनकी बोलियों में, देश की परिधि पर असंख्य लोकधर्मी नाट्य रूपों में जीवित रही। कहीं धर्म के सहारे, कहीं अंधविश्वास, कहीं पूजापाठ के रूप में तो कहीं खेलकूद, व्यायाम और कहीं शुद्ध-अशुद्ध मनोरंजन के रूप में। पर अपने रूप में लोकधर्मी रहे हैं, जिन्हें स्वर्गीय श्री जगदीशचन्द्र माथुर ने परम्पराशील नाट्य मानने का प्रयत्न किया है। जिसमें 'लोक' और 'परम्परा' में बुनियादी अंतर और समझ में भ्रान्ति पैदा हुई है। ऐसी तमाम भ्रान्तियाँ उन्नीसवीं सदी के अन्त में अंग्रेजीदां संस्कृत प्रोफेसरों से कराई गईं।

दूसरी घटना है, भारत में अंग्रेजी राज्य। एक ऐसा अभूतपूर्व राज्य, जो अपने देश और दूसरे देश के बीच एक अनिवार्य विरोध और बैर मानता है तथा अपनी ताकत से दूसरे देश-राष्ट्र को नष्ट करने में खुद अपने भीतर वास्तविक राष्ट्रीय सत्व का विनाश है, बिल्कुल नहीं मानता।

सृष्टि में एक अखण्ड तत्त्व की सत्ता मानने वाले भारतवर्ष के लिए यह एक अकल्पनीय अनुभव था और उस स्तर पर एक अभूतपूर्व मानसिक-बौद्धिक आघात भी। उस अनुभव को हम बौद्धिक रूप से तनिक समझें-बूझें कि इसके पहले हमें सिर से दबोच कर हमीं से हल्ला करा दिया कि लो आ गया नवजागरण। फलस्वरूप हम अंग्रेज कम्पनी राज के शुरू से ही अंग्रेज विजित मनोवृत्ति के तहत पराई, पश्चिमी विचार, जीवन-संरचना, कला दृष्टि को अपनाने के लिए विवश हो गए।

उसी प्रक्रिया में भारतवर्ष में औपनिवेशिक दबाव के नीचे हिन्दी, भारतीय नाट्य की अपने मूल से कटी, उखड़ी हुई एक अभूतपूर्व शुरुआत हुई। स्वभावतः वह नई शुरुआत बिल्कुल योरोपीय ढाँचे पर हुई। भारतीय समाज को मानसिक धक्का न लगे, लोग अंग्रेजी चाल को समझ न जाएँ, इसलिए यह काम पारसी थियेटर के पर्दों के पीछे से योजनापूर्ण ढंग से बड़े ठाटबाट, पूजापाठी ढंग से किया गया। उसमें राष्ट्रीयता, अतीत गौरव, भारत-नवोत्थान, पुनर्जागरण आदि के तमाम लड्डू बाँटे गए। सनातन धर्म, आर्य समाज, गांधीजी आदि के अनेक पताका परचम फहराए गए और पूरे देश को अंग्रेज राजनीतिक चाल से अनभिज्ञ रखने के लिए शत-शत कंठों में भारतमाता की जै-जैकार कराते रहे।

इसके खिलाफ अगर अकेले भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की भारतीय रूपक, भारतीय नाट्य की आवाज और लहर उठी तो उसे किस तरह सुनियोजित ढंग से, नये अंग्रेजी पढ़कर निकले हुए गुलाम बुद्धिजीवियों द्वारा दबा दिया गया—इसके प्रमाण उपलब्ध हैं। और यही आज तक हो रहा है—कहीं ज्यादा बड़े पैमाने पर।

तो हुआ यह कि भारत और पश्चिम की दो परस्पर अलग नाट्य परम्पराओं की कभी कोई मुठभेड़ ही नहीं हुई। दोनों के बीच में पारसी थियेटर के बिचौलिएपन से एक घुटना टेक समन्वय का रास्ता जरूर ढूंढ़ा गया। क्योंकि बीसवीं सदी आते-आते केवल रवीन्द्रनाथ ठाकुर को छोड़ देश की किसी भी भाषा में, खासकर, हिन्दी में, कोई

एक भी नाट्यकार नहीं हुआ जो कोई सर्जनात्मक सार्थक समन्वय का रास्ता ढूंढ़ सके। इसका मुख्य कारण, पराजित मनोवृत्ति और अपनी रंगभूमि के मूल से उच्छिन्न हो हमने अपने रूपक, अपने नाट्य को पश्चिम से हीन और अविकसित मानकर अंग्रेज राजा के ड्रामा-थियेटर की सपाट नकल की कोशिश की। और उसे अपने नाम दे दिए—ड्रामा को नाटक नाम, थियेटर को रंगमंच नाम।

इसमें मेरे काल में आधुनिकता को लेकर जिस तरह के विचार, जिस तरह की धारणाएँ और बहाने हमारे यहाँ पनपीं, उससे कई तरह की गड़बड़ियाँ पैदा हुईं। आधुनिक नाट्य कलाधारा में हमारे यहाँ एक झोंके के साथ पश्चिम से जो चीजें आईं, वह हमारी नहीं, थीं, हमारे बोध से मेल नहीं खाती थीं। पश्चिम की रंगकला को ही आधुनिक और प्रासंगिक मान लेने के कारण जैसे हमने अपने चारों तरफ, अपनी धरोहर की तरफ देखना छोड़ दिया या बहुत कुछ अनदेखा कर गए। हमारी दृष्टि धुंधली हुई। इससे रचनात्मकता के सवालों को भी चोट पहुँची। नाट्यकला की रचना के संदर्भ में देश समय (स्पेस) में बदल गया है। और इस प्रकार हम एक ऐसे संसार में विचरे जहाँ सब कुछ वर्तमान में है। यहीं आकर ऐतिहासिक दायित्व से जनित रंगकला तथा कथित तात्कालिक सार्थकता या प्रयोजन का भ्रम टूट गया। और मानव जीवन के प्रति मूल दायित्व की बात उजागर होने लगी, जो हमसे बाहर थी।

इस स्थिति से दबकर और काफी हद तक अज्ञानवश हमें लगने लगा कि भारतीय नाट्य, भारतीय रूपक, भारतीय नाट्यशास्त्र हमारे लिए एक ऐतिहासिक बोझ है। जबकि जैविक रूप से पश्चिम का ड्रामा-थियेटर हमें बोझ लगना चाहिए था। जो वास्तव में बोझ है, गुलामी है, सीमा है, उसकी जगह अपना स्वातंत्र्य, अपना सौन्दर्य, अपनी अस्मिता बोझ और गुलामी लगने लगे, यही तो है गुलाम मन, औपनिवेशिक बुद्धि जो अंग्रेजी की देन है। जो अपनी आन्तरिक दुर्बलता को इतिहास पर आरोपित कर हमें अपने भारतीय मूल से विच्छिन्न करने का सतत प्रयत्न करती रहती है। क्योंकि उसे मालूम है, दो सौ वर्षों के अंग्रेज कटान के बावजूद भारतीय रंगवृक्ष कहीं न कहीं अब भी हरा है। रंगभूमि अब तक बंजर क्यों नहीं हुई—यह पश्चिमी देशों की खासकर अमरीका की बड़ी चिंता है।

उन्नीसवीं सदी में पश्चिमी ड्रामा और थियेटर का जो रूप उस समय भारत में ले आकर आरोपित किया गया, वह योरोप का जड़ और पतनशील थियेटर था। वह कहीं आज भी हमारे अपनेपन से शून्य खाली मानस में टिका बैठा हुआ है। लेकिन इस बीच हमारी अपनी सांस्कृतिक जरूरतों के मुताबिक स्वभावतः उस परदेसी, आयातित ड्रामा-थियेटर की गुलामी तोड़कर उसकी सीमा का अतिक्रमण नहीं कर पा रहे हैं। कारण जो अपना है ही नहीं, उसे केवल अपने कंधे से उतार फेंका ही जा सकता है। उसे कंधे पर बोझ की तरह उठाए हुए उसमें स्वभावतः न कोई परिवर्तन लाया जा सकता है, न उसमें कोई प्रयोग किया जा सकता है।

उस बोझ को न उतार फेंकने के पीछे एक गहरा कारण है। हमारा तथाकथित आधुनिक नाट्य, अपने भारतीय नाट्य के उस 'लोक' से कटा-टूटा हुआ है, जिसके

एक भी नाट्यकार नहीं हुआ जो कोई सर्जनात्मक सार्थक समन्वय का रास्ता ढूंढ़ सके। इसका मुख्य कारण, पराजित मनोवृत्ति और अपनी रंगभूमि के मूल से उच्छिन्न हो हमने अपने रूपक, अपने नाट्य को पश्चिम से हीन और अविकसित मानकर अंग्रेज राजा के ड्रामा-थियेटर की सपाट नकल की कोशिश की। और उसे अपने नाम दे दिए—ड्रामा को नाटक नाम, थियेटर को रंगमंच नाम।

इसमें मेरे काल में आधुनिकता को लेकर जिस तरह के विचार, जिस तरह की धारणाएँ और बहाने हमारे यहाँ पनपीं, उससे कई तरह की गड़बड़ियाँ पैदा हुईं। आधुनिक नाट्य कलाधारा में हमारे यहाँ एक झोंके के साथ पश्चिम से जो चीजें आईं, वह हमारी नहीं थीं, हमारे बोध से मेल नहीं खाती थीं। पश्चिम की रंगकला को ही आधुनिक और प्रासंगिक मान लेने के कारण जैसे हमने अपने चारों तरफ, अपनी धरोहर की तरफ देखना छोड़ दिया या बहुत कुछ अनदेखा कर गए। हमारी दृष्टि धुंधली हुई। इससे रचनात्मकता के सवालों को भी चोट पहुँची। नाट्यकला की रचना के संदर्भ में देश समय (स्पेस) में बदल गया है। और इस प्रकार हम एक ऐसे संसार में विचरे जहाँ सब कुछ वर्तमान में है। यहीं आकर ऐतिहासिक दायित्व से जनित रंगकला तथा कथित तात्कालिक सार्थकता या प्रयोजन का भ्रम टूट गया। और मानव जीवन के प्रति मूल दायित्व की बात उजागर होने लगी, जो हमसे बाहर थी।

इस स्थिति से दबकर और काफी हद तक अज्ञानवश हमें लगने लगा कि भारतीय नाट्य, भारतीय रूपक, भारतीय नाट्यशास्त्र हमारे लिए एक ऐतिहासिक बोझ है। जबकि जैविक रूप से पश्चिम का ड्रामा-थियेटर हमें बोझ लगना चाहिए था। जो वास्तव में बोझ है, गुलामी है, सीमा है, उसकी जगह अपना स्वातंत्र्य, अपना सौन्दर्य, अपनी अस्मिता बोझ और गुलामी लगने लगे, यही तो है गुलाम मन, औपनिवेशिक बुद्धि जो अंग्रेजी की देन है। जो अपनी आन्तरिक दुर्बलता को इतिहास पर आरोपित कर हमें अपने भारतीय मूल से विच्छिन्न करने का सतत प्रयत्न करती रहती है। क्योंकि उसे मालूम है, दो सौ वर्षों के अंग्रेज कटान के बावजूद भारतीय रंगवृक्ष कहीं न कहीं अब भी हरा है। रंगभूमि अब तक बंजर क्यों नहीं हुई—यह पश्चिमी देशों की खासकर अमरीका की बड़ी चिंता है।

उन्नीसवीं सदी में पश्चिमी ड्रामा और थियेटर का जो रूप उस समय भारत में ले आकर आरोपित किया गया, वह योरोप का जड़ और पतनशील थियेटर था। वह कहीं आज भी हमारे अपनेपन से शून्य खाली मानस में टिका बैठा हुआ है। लेकिन इस बीच हमारी अपनी सांस्कृतिक जरूरतों के मुताबिक स्वभावतः उस परदेसी, आयातित ड्रामा-थियेटर की गुलामी तोड़कर उसकी सीमा का अतिक्रमण नहीं कर पा रहे हैं। कारण जो अपना है ही नहीं, उसे केवल अपने कंधे से उतार फेंका ही जा सकता है। उसे कंधे पर बोझ की तरह उठाए हुए उसमें स्वभावतः न कोई परिवर्तन लाया जा सकता है, न उसमें कोई प्रयोग किया जा सकता है।

उस बोझ को न उतार फेंकने के पीछे एक गहरा कारण है। हमारा तथाकथित आधुनिक नाट्य, अपने भारतीय नाट्य के उस 'लोक' से कटा-टूटा हुआ है, जिसके

अनुभव के सामने कोई भी काल-बोध और जीवन-बोध दोनों एक भूमि पर आकर हमें जाग्रत और आलोकित कर जाते हैं। इसी का गुणनफल है कि हमने किसी भी सीमा और संकीर्ण क्षेत्र का अतिक्रमण करके देखना अपना लक्ष्य माना है। वर्तमान में रहते हुए, उसकी प्रवाहशीलता का प्रत्यक्ष अनुभव करते हुए भी उसका अतिक्रमण करना, यही हमारी परम्परा की पहचान रही है।

पर आधुनिक भारत, स्वतंत्र भारत में भी अपने बोझ को उतार फेंकने, उसका अतिक्रमण करने की क्षमता नहीं रही। पर ठीक इसके विपरीत बीसवीं सदी के प्रारम्भ से लेकर वर्तमान समय तक, योरोपीय नाट्य में अपनी सांस्कृतिक जरूरतों और जीवन से सरोकार के कारण तथा उनके मुताबिक कलात्मक संरचनात्मक, वैचारिक, सौंदर्यात्मक दृष्टि से लगातार परिवर्तन और अपनी सीमाओं का अतिक्रमण होता रहा है। योरोप ऐसी तमाम नाट्य अवधारणाओं, तत्त्वों को सफलतापूर्वक आत्मविश्वास के साथ अपनाता गया है, जो उससे काफी दूर (भारत, चीन, जापान, अफ्रीका आदि) के हैं। ऐसा योरोप इसलिए कर सका और लगातार करता जाएगा, क्योंकि वह अपने ड्रामा, थियेटर के मूल से अबाध ढंग से आदि से वर्तमान तक, विचार, कर्म और आत्मविश्वास के साथ सर्जनात्मक ढंग से जुड़ा हुआ है, उसका आत्म है, तभी उसमें आत्मविश्वास है।

उसी आत्म अभाव के कारण भारतवर्ष वैसा कुछ नहीं कर सका। भारत अपने ही जनपदों, अपने लोक, अपने ज्यादा करीब पूर्वी देशों के नाट्य तत्त्वों और अवधारणाओं को नहीं अपना सका। जबकि भारतवर्ष के लिए औपनिवेशिक बोझ उतार फेंकने और अपनी 'भूमि' पर स्वतन्त्रतापूर्वक खड़े होने के लिए यह अनिवार्य था।

बल्कि उल्टा हुआ। आजादी मिलने के बाद हम लोगों की नजर योरोपीय ड्रामा थियेटर की नई समृद्धि, प्रयोगों, परिवर्तनों की ओर उठी और हम नये सिरे से एक दोहरी गुलामी के रंगजाल में फँसे। कुछ अपवादों को छोड़कर ऐसी सारी कोशिशों में भी वही अजनबीपन बरकरार रहा और जल्दी ही लोगों को इस बात का पूरी तरह अहसास हो गया कि भारतीय नाट्य को सार्थक बनाने के लिए उसे अपनी परम्परा से जोड़ना होगा। लेकिन इनमें भी ज्यादातर कोई आंतरिक सर्जनात्मक संगति स्थापित न हो सकी। और यह भारतीयपन विदेशी प्रेक्षकों के लिए चाहे जो हो, भारतीय दर्शकों को उतना ही अजनबी और ओढ़ा हुआ लगा।

अपनी भारतीय नाट्य दृष्टि क्या है, शोधन कर उसको देखने, अनुभव करने की इसी अनिवार्यता ने मुझे इस ओर प्रेरित किया। अपने पुरखों से मुझे यह विश्वास मिला है कि अपनेपन की, आत्म की स्मृति, मनुष्य को बंधनमुक्त हो स्वतन्त्रतापूर्वक आगे बढ़ने में बड़ी सहायक होती है। जो अपने मूल को भूल जाता है, अपने आदि स्रोत से कट जाता है, उसका कोई भविष्य नहीं होता, क्योंकि उसे अपने वर्तमान से जुड़े रहने का कोई आत्मानुशासन नहीं प्राप्त होता।

इसे मनोविज्ञान और तत्वज्ञान भी मानता है कि मनुष्य में ऐसे कुछ सूत्र हैं जो अतीत से चले आते हैं। परम्परा जो है, वृक्ष में जड़ जो है, हम कितना भी गहरे जाएँ, जड़ की समाप्ति दिखाई नहीं देती। परन्तु हर फूल में उसका मधु है, हर फूल में उसकी गन्ध, उसका रूप है। दिखाई न देने पर भी हर पल्ल
उतना मधु नहीं हो सकता था अगर वह जड़ न होत
चाहे सोने में मढ़ दें, चाहे हम संगमरमर के प्याले मे
ऐसा ही कुछ स्थिति मनुष्य की है, जातियों की है, र

भारतीय नाट्य के मूल का अभिज्ञान,
साधारण कार्य नहीं है। बड़ा ही संश्लिष्ट और संकट
का सहज अबाध विकास, जैसा कि पश्चिमी ड्रामा
ही सहज और अबाधित है। पर किन्हीं ऐतिहासिक
की कड़ी टूट जाने से जैसा कि भारतीय नाट्य का र
बाद उसे पुनः खोजकर शोधन कर उसके साथ अपने
आप को उसके भीतर से प्राप्त करना, कितनी कठिन
तभी तो पिछले दो सौ वर्षों से इससे मुँह मोड़
गुजारा करना चाहा, जो पश्चिम के इस अन्धविश
और तत्सम्बन्धी विचार, अपने इतिहास-क्रम में ह
पीछे छोड़ता हुआ लगातार विकास करता चला गया
ही है। सारा पिछला वर्तमान आधुनिक के सामने
भयंकर प्रभाव-आघात भारत की रगचेतना और नाट्
विश्वास के दूरगामी दुष्प्रभाव से स्वयं पश्चिम का अ

आज वर्तमान भारतीय जीवन के हर क्षेत्र में
बाजी छाई हुई है, उसकी बुनियाद में वही पूरब-पश्चि
जीवनदृष्टि है।

उदाहरण के लिए नाट्य बनाम ड्रामा-थियेट
परस्पर विरोध लें।

दास संस्था पर उत्पादन करने वाली यूनानी
की जरूरत थी, जो गरीब, गुलाम, मजदूरों की विशा
स्वामियों से निर्मित झूठे प्रजातंत्र के प्रति निष्ठा बे
रख सके। उन दास-स्वामियों के त्रासद और नियतिब
वाले (जभी तो पश्चिम के ड्रामा के पहले अंक का
नाटककार, आगे चलकर इसी क्रम में अपने बद
एलिजाबीथन नाटककार अपने नागरिकों को यह विश्व
साधारण नागरिक बने रहना ही बेहतर है। क्यों
राजतंत्र के लिए खतरनाक हैं, बल्कि वे स्वयं तमाम अ
हैं और परिणामतः उन्हें 'पाप', 'दंड' और यहाँ तक कि
हैं। इसी से पश्चिम के ड्रामों में यूनानी काल से लेकर
के केन्द्र में वही संघर्ष और त्रासदी ही है—चाहे वह 'प

इसलिए चरित्रों के बीच शक्ति हथियाने के

भी काल-बोध और जीवन-बोध दोनों एक भूमि पर आकर हमें
कर जाते हैं। इसी का गुणनफल है कि हमने किसी भी सीमा
अतिक्रमण करके देखना अपना लक्ष्य माना है। वर्तमान में रहते
ा का प्रत्यक्ष अनुभव करते हुए भी उसका अतिक्रमण करना, यही
चान रही है।
भारत, स्वतंत्र भारत में भी अपने बोझ को उतार फेंकने, उसका
मता नहीं रही। पर ठीक इसके विपरीत बीसवीं सदी के प्रारम्भ
तक, योरोपीय नाट्य में अपनी सांस्कृतिक जरूरतों और जीवन
था उनके मुताबिक कलात्मक संरचनात्मक, वैचारिक, सौंदर्यात्मक
र्तन और अपनी सीमाओं का अतिक्रमण होता रहा है। योरोप
ारणाओं, तत्त्वों को सफलतापूर्वक आत्मविश्वास के साथ अपनाता
फी दूर (भारत, चीन, जापान, अफ्रीका आदि) के हैं। ऐसा
ा और लगातार करता जाएगा, क्योंकि वह अपने ड्रामा, थियेटर
से आदि से वर्तमान तक, विचार, कर्म और आत्मविश्वास के
जुड़ा हुआ है, उसका आत्म है, तभी उसमें आत्मविश्वास है।
भाव के कारण भारतवर्ष वैसा कुछ नहीं कर सका। भारत अपने
ोक, अपने ज्यादा करीब पूर्वी देशों के नाट्य तत्त्वों और अव-
ना सका। जबकि भारतवर्ष के लिए औपनिवेशिक बोझ उतार
में' पर स्वतन्त्रतापूर्वक खड़े होने के लिए यह अनिवार्य था।
हुआ। आजादी मिलने के बाद हम लोगों की नजर योरोपीय ड्रामा
द्धि, प्रयोगों, परिवर्तनों की ओर उठी और हम नये सिरे से एक
ाल में फँसे। कुछ अपवादों को छोड़कर ऐसी सारी कोशिशों में
रकरार रहा और जल्दी ही लोगों को इस बात का पूरी तरह
भारतीय नाट्य को सार्थक बनाने के लिए उसे अपनी परम्परा से
इनमें भी ज्यादातर कोई आंतरिक सर्जनात्मक संगति स्थापित
भारतीयपन विदेशी प्रेक्षकों के लिए चाहे जो हो, भारतीय दर्शकों
और ओढ़ा हुआ लगा।
य नाट्य दृष्टि क्या है, शोधन कर उसको देखने, अनुभव करने
ने मुझे इस ओर प्रेरित किया। अपने पुरखों से मुझे यह विश्वास
की, आत्म की स्मृति, मनुष्य को बंधनमुक्त हो स्वतन्त्रतापूर्वक
यक होती है। जो अपने मूल को भूल जाता है, अपने आदि स्रोत
कोई भविष्य नहीं होता, क्योंकि उसे अपने वर्तमान से जुड़े
शासन नहीं प्राप्त होता।
न और तत्वज्ञान भी मानता है कि मनुष्य में ऐसे कुछ सूत्र हैं जो
परम्परा जो है, वृक्ष में जड़ जो है, हम कितना भी गहरे जाएँ,
ई नहीं देती। परन्तु हर फूल में उसका मधु है, हर फूल में उसकी

गन्ध, उसका रूप है। दिखाई न देने पर भी हर पल्लव में, हर फूल में वह है। उतना रस, उतना मधु नहीं हो सकता था अगर वह जड़ न होती। और उस जड़ को काटकर हम चाहे सोने में मढ़ दें, चाहे हम संगमरमर के प्याले में रख दें, लेकिन वृक्ष सूख जाएगा। ऐसा ही कुछ स्थिति मनुष्य की है, जातियों की है, राष्ट्र की है।

भारतीय नाट्य के मूल का अभिज्ञान, अपने रंग-स्रोत से जुड़े रहना, कोई साधारण कार्य नहीं है। बड़ा ही संश्लिष्ट और संकटों से भरा है। अपनी नाट्य परंपरा का सहज अबाध विकास, जैसा कि पश्चिमी ड्रामा का रहा है, उससे जुड़े रहना उतना ही सहज और अबाधित है। पर किन्हीं ऐतिहासिक कारणों से अपनी नाट्य परम्परा की कड़ी टूट जाने से जैसा कि भारतीय नाट्य का रहा है, उससे एक भारी अन्तराल के बाद उसे पुनः खोजकर शोधन कर उसके साथ अपने को नये सिरे से जोड़ना और अपने आप को उसके भीतर से प्राप्त करना, कितनी कठिन बात है! एक तरह से तपस्या है। तभी तो पिछले दो सौ वर्षों से इससे मुँह मोड़कर हमने उस पराई चीज से अपना गुजारा करना चाहा, जो पश्चिम के इस अन्धविश्वास पर टिका है कि ड्रामा-थियेटर और तत्सम्बन्धी विचार, अपने इतिहास-क्रम में हर प्राचीन मध्ययुग की मंजिलों को पीछे छोड़ता हुआ लगातार विकास करता चला गया है। जो है वह आधुनिक काल में ही है। सारा पिछला वर्तमान आधुनिक के सामने अप्रासंगिक, अर्थविहीन है। इसका भयंकर प्रभाव-आघात भारत की रंगचेतना और नाट्यकर्म पर तो पड़ा ही है, इस अन्ध-विश्वास के दूरगामी दुष्प्रभाव से स्वयं पश्चिम का आधुनिक थियेटर भी नहीं बच सका।

आज वर्तमान भारतीय जीवन के हर क्षेत्र में जो भ्रम, भ्रांति-धोखा और घपला-बाजी छाई हुई है, उसकी बुनियाद में वही पूरब-पश्चिम की परस्पर विरोधी अन्तर्विरोधी जीवनदृष्टि है।

उदाहरण के लिए नाट्य बनाम ड्रामा-थियेटर का बुनियादी अन्तर्विरोध—परस्पर विरोध लें।

दास संस्था पर उत्पादन करने वाली यूनानी समाज व्यवस्था को ऐसे ड्रामा की जरूरत थी, जो गरीब, गुलाम, मजदूरों की विशाल भीड़ को नियतिवाद और दास स्वामियों से निर्मित झूठे प्रजातंत्र के प्रति निष्ठा के कठोर बन्धनों में जकड़कर बाँधे रख सके। उन दास-स्वामियों के त्रासद और नियतिवादी जीवन-दर्शन को प्रकट करने वाले (जभी तो पश्चिम के ड्रामा के पहले अंक का नाम है—'एक्सपोजीशन') यूनानी नाटककार, आगे चलकर इसी क्रम में अपने बदले हुए समय की माँग के अनुसार एलिजाबीथन नाटककार अपने नागरिकों को यह विश्वास दिलाना चाहते थे कि आम, साधारण नागरिक बने रहना ही बेहतर है। क्योंकि ऊँचे लोग, स्वामी वर्ग न सिर्फ राजतंत्र के लिए खतरनाक हैं, बल्कि वे स्वयं तमाम अनैतिक संकट के शिकार हो जाते हैं और परिणामतः उन्हें 'पाप', 'दंड' और यहाँ तक कि भूत-प्रेतों की सजाएँ भोगनी पड़ती हैं। इसी से पश्चिम के ड्रामों में यूनानी काल से लेकर वर्तमान समय तक उनकी चेतना के केन्द्र में वही संघर्ष और त्रासदी ही है—चाहे वह 'फार्स', 'कामेडी' ही क्यों न हो।

इसलिए चरित्रों के बीच शक्ति हथियाने के लिए परस्पर सतत संघर्ष, उनके

सम्बन्धों में प्रतिस्पर्धा, उनके जीवन-व्यापार में मारकाट, विश्वासघात, मृत्यु, विनाश-भाव की धुरी पर स्वभावतः पश्चिमी ड्रामा थियेटर की रंगरूप संरचना हुई। और उन्हें अपनी विशेष पहचान और शक्ति-प्रतिष्ठा मिली। उसी के अनुसार उनके थियेटर हाल बने, एरिना थियेटर, आधुनिक थियेटर। उसी के अनुसार उनकी एक्टिंग, निर्देशन और प्रस्तुतीकरण कलाएँ विकसित हुईं और लगातार हो रही हैं।

और हम विवशतः अनिवार्यतः उनके ड्रामा-थियेटर के प्रत्येक अंग की नकल करने में लगे हुए हैं।

यह दासता, यह मजबूरी तभी खत्म होगी जब हमें अपनी रंगभूमि की चेतना प्राप्त होगी। वह अपनी चेतना देखेगी और अनुभव करेगी कि भारतवर्ष में नाट्य की मूल प्रतिष्ठा और उसका विकास पश्चिम के उस यूनानी, एलिजाबीथन थियेटर से सर्वथा भिन्न, किसी दास स्वामी राजा के द्वारा नहीं, बल्कि स्वतंत्र कलाविलासी समाज द्वारा हुआ, जिसमें सुशिक्षित-संस्कारित राजन्य वर्ग के लोग, कलागुरु, पुरोहित, श्रेष्ठी-वर्ग और तमाम उत्सव धर्मों पर आत्मनुशासित लोग शामिल थे। यह नाट्य मूलतः अपने समुदाय, समाज और अपने ही लोगों के लिए था, इसलिए उतने ही थोड़े लोगों को दर्शक नहीं, प्रेक्षक की संज्ञा मिली। इसमें धर्मसमर्थित काम-सौन्दर्य का स्वरचित लोक-स्थापित (प्रकट नहीं) होता था। हमारा नाट्य पशु रुचियाँ नहीं, अभिजात रुचियाँ और मानवीय संस्कार देने वाला रूपक था। इसमें कथा, काव्य, संगीत की ऐसी रसधर्मी अवधारणा थी जो नाट्यकार, अभिनेता, प्रेक्षक इन तीन अंगों को एक ही सृजनात्मक प्रक्रिया से प्रेक्षणीयता की एक इकाई में सहज जोड़ देती थी।

जिस दिन मुझे अपनी रंगभूमि का तनिक-सा ही आभास मिला, उसी दिन अनुभव किया कि संसार का सबसे अधिक सुन्दर, प्रभावशाली शब्द मैंने सुना। लगा कि मैं भारतवर्ष की नाट्यात्मा देख और सुन रहा हूँ। वर्षों बाद उसका प्रेक्षक, सुमनस, भावक, रसिक, बोधक हुआ हूँ। मुझे मेरा खोया हुआ आत्मविश्वास मिला है कि हिन्दी क्षेत्रों में किसी नाट्य परम्परा का अभाव एक तरह से अनुकूल परिस्थितियाँ हैं, जिनमें अपनी 'भूमि' पर अपना 'रंग' रोपा, उगाया जा सकता है। अपने इस रंगकर्म में हमारा यह चैतन्य कभी शिथिल नहीं होगा कि ड्रामा-थियेटर अस्तित्व-केन्द्रित है। रंगभूमि मूल्य-केन्द्रित।

रंगभूमि, वर्तमान में अतीत की वापसी का कोई दुःस्वप्न नहीं है। वापसी संभव ही नहीं है। वापसी जीवन के बाहर का अहसास है, जो ज्यादा से ज्यादा प्रार्थना या कविता का रूप धारण करता है।

यह वास्तविक यथार्थ है कि रंगकर्म देश और काल सापेक्ष होता है। जैसा देश-समाज होगा, जैसी उसकी अर्थव्यवस्था होगी, उसी के अनुरूप उसका रंग-बोध होगा। इस वास्तविक, यथार्थ की चुनौती को हम जानते हैं। पर 'विकास' के नाम पर वास्तविक यथार्थ के साथ उसके अनिवार्य भविष्य को भी उसमें जोड़ने का जो प्रयत्न हो रहा है, वह कुटिलतापूर्ण है, क्योंकि वह राजनीतिक है।

जिन अंग्रेजीदां लोगों ने अपनी पश्चिमी शिक्षा-दीक्षा से आधुनिक भारतीय चेतना को अपने विकासवाद के दर्शन से परिभ
भारतीय रंगक्षेत्र में पराई दृष्टि और संसाधन से 'वि
में लगे हैं।

इन परिस्थितियों में अपने रंगकर्म के लिए
अनिवार्य हो जाता है। वे नये रास्ते ऐसे होने चाहि
लोगों की रचनात्मकता और वैचारिक तथा क्रियात्म
फूलने का मौका मिल सके। ऐसी स्थितियाँ बना
क्षेत्रों के लोग अपनी परम्परागत रंगभूमि की जान
और राष्ट्रीय जरूरतों को पूरा करने के प्रयास में लग
के ज्ञान-विज्ञान को इस तरह विकसित करना होगा
विश्वास हमें फिर से प्राप्त हो। उसी आत्मविश्वास के
के स्तर पर बर्ताव कर सकेंगे। किन्तु हमें इस व
रखना होगा कि रंग-क्षेत्र के किसी भी ऐसे ज्ञान-वि
पास पहले से उपलब्ध ज्ञान और अनुभव के अन्तर्गत
क्षमताओं की ही भूमि पर हम कोई नया रंग विकास

हमें ऐसी व्यवस्था भी इस क्षेत्र में करनी होगी
लोग एक-दूसरे के करीब आएँ और हम पर ड्रामा औ
लादा है, उसे अपने सिर से उठाकर फेंक दें और
ताकि ड्रामा-थियेटर से हो रहे अपमान के अहसास की

अपनी रंगभूमि की पुनर्प्रतिष्ठा का अर्थ यह न
जाएँ। रंगभूमि-प्रतिष्ठा का अर्थ यह है कि आत्मसम्
भाईचारे के भाव को अपनी जगह जीवित रखते हुए
अभिव्यक्तियों को उभरने का मौका दिया जाएगा।

यह तभी सम्भव हो सकेगा जब भारत अप
खड़ा हो सकेगा। और अपनी देखभाल स्वयं कर सके
केवल अपनी अस्मिता के आधार पर।

अपनी रंगभूमि···

अपनी वही अस्मिता है।

अगर अपनी अस्मिता में हम जाएँगे तो जितन
उसी अनुपात में दूसरे देशों के भी रंग-क्षेत्र में हम काम

भारतेन्दु काल के दौरान भारतीय समाज के इ
के हुआ करते थे। फिर हम जयशंकर प्रसाद के समय
गए। भारत और पश्चिम का समन्वयवाद इस भटकन
गिरने से पहले हम उसका अन्दाज ही नहीं लगा सकते
से अपनी भारतीय यात्रा पर निकले तब भी उसी स
अपनी रंग दुनिया का कोई खास अनुभव नहीं था। आ

चेतना को अपने विकासवाद के दर्शन से परिभाषित किया है, उन्हीं के चेले-चाँटे भारतीय रंगक्षेत्र में पराई दृष्टि और संसाधन से 'विकास' और 'प्रयोग' की अन्धी पूजा में लगे हैं।

इन परिस्थितियों में अपने रंगकर्म के लिए नये रास्तों को खोजना हमारे लिए अनिवार्य हो जाता है। वे नये रास्ते ऐसे होने चाहिए कि उस पर चलते हुए भारत के लोगों की रचनात्मकता और वैचारिक तथा क्रियात्मक पहल को नाट्य क्षेत्र में फलने-फूलने का मौका मिल सके। ऐसी स्थितियाँ बनानी होंगी जिनमें भारत के विभिन्न क्षेत्रों के लोग अपनी परम्परागत रंगभूमि की जानकारी और क्षमताओं को स्थानीय और राष्ट्रीय जरूरतों को पूरा करने के प्रयास में लगा सकें। अपनी भूमि पर अपने रंग के ज्ञान-विज्ञान को इस तरह विकसित करना होगा जिससे हमारा खोया हुआ आत्म-विश्वास हमें फिर से प्राप्त हो। उसी आत्मविश्वास के साथ हम दुनिया के साथ बराबरी के स्तर पर बर्ताव कर सकेंगे। किन्तु हमें इस वास्तविक यथार्थ को सदा ध्यान में रखना होगा कि रंग-क्षेत्र के किसी भी ऐसे ज्ञान-विज्ञान की नींव भारत के लोगों के पास पहले से उपलब्ध ज्ञान और अनुभव के अन्तर्गत डाली जाए। अपनी जानकारी और क्षमताओं की ही भूमि पर हम कोई नया रंग विकास कर सकते हैं।

हमें ऐसी व्यवस्था भी इस क्षेत्र में करनी होगी कि भारत के सभी रंगभूमियों के लोग एक-दूसरे के करीब आएँ और हम पर ड्रामा और थियेटर ने जो अपमान का बोझ लादा है, उसे अपने सिर से उठाकर फेंक दें और ऐसे रंगकर्म की सृष्टि में जुट जाएँ ताकि ड्रामा-थियेटर से हो रहे अपमान के अहसास की स्मृति तक मिट जाए।

अपनी रंगभूमि की पुनर्प्रतिष्ठा का अर्थ यह नहीं है कि हम शेष दुनिया से कट जाएँ। रंगभूमि-प्रतिष्ठा का अर्थ यह है कि आत्मसम्मान के साथ दुनिया के रंगकर्म से भाईचारे के भाव को अपनी जगह जीवित रखते हुए भारतीयता और उसकी विभिन्न अभिव्यक्तियों को उभरने का मौका दिया जाएगा।

यह तभी सम्भव हो सकेगा जब भारत अपनी रंगभूमि पर अपने ही पैरों से खड़ा हो सकेगा। और अपनी देखभाल स्वयं कर सकेगा। अगर ऐसा कर सकेगा तो केवल अपनी अस्मिता के आधार पर।

अपनी रंगभूमि···

अपनी वही अस्मिता है।

अगर अपनी अस्मिता में हम जाएंगे तो जितना हम देश के लिए काम आएंगे उसी अनुपात में दूसरे देशों के भी रंग-क्षेत्र में हम काम आ सकेंगे।

भारतेन्दु काल के दौरान भारतीय समाज के इरादे और उद्देश्य कुछ इसी तरह के हुआ करते थे। फिर हम जयशंकर प्रसाद के समय के आस-पास बुरी तरह से भटक गए। भारत और पश्चिम का समन्वयवाद इस भटकन की वह गहरी खाई थी जिसमें गिरने से पहले हम उसका अन्दाज ही नहीं लगा सकते। जब हम आजादी के बाद फिर से अपनी भारतीय यात्रा पर निकले तब भी उसी समन्वयवाद के कारण हमारे पास अपनी रंग दुनिया का कोई खास अनुभव नहीं था। आज मैं अपने आप से प्रश्न करता

हूँ कि क्या हम इसी अनुभवहीनता से रंग पथभ्रष्ट हो गए या कि हमारे सम्पूर्ण जीवन चिन्तन में ही कहीं कोई ऐसा विकास आ गया था जिसे हम समझ ही नहीं पाए, और हम अपने सोच-विचार को प्राचीन नाट्य-शास्त्र व वर्तमान ड्रामा-थियेटर की वास्तविकता से किसी तरह से जोड़ ही नहीं सके। या कि गुलामी की लम्बी रात और स्वतन्त्रता-प्राप्ति के उत्साह-भरे दिनों के बाद अचानक आधुनिकवाद के तूफान में इस तरह पथभ्रष्ट हो जाना ही हमारे लिए स्वाभाविक था? इन प्रश्नों का शायद एक ही उत्तर है कि इस तरह के अस्वाभाविक ऐतिहासिक दौरों के गुजर जाने के बाद किसी भी समाज के लिए दुबारा अपने सहज जीवन को ठीक से पकड़ पाने में कुछ समय लगा ही करता है।

वही समय मेरे जीवन में लगा—थियेटर से अपनी रंगभूमि पर आने में। इसी प्रक्रिया में मुझे भारत और पश्चिम—इनकी विभिन्न नहीं, परस्पर विरोधी सभ्यताओं को समझने का सुअवसर प्राप्त हुआ। इसी प्रक्रिया से गुजरकर मुझे 'माडर्न थियेटर' और उसमें उपजी सारी प्रस्तुतीकरण कलाएँ, निर्देशन, अभिनय और दर्शकों को एक निश्चित लक्ष्य में बाँध रखने की तकनीक के पीछे की मूल प्रवृत्ति की भी जानकारी मिली। मुझे अनुभव हुआ कि सब चीजों की तरह रंग और नाट्य, उसकी पूरी शिल्प-विधि, तकनीकी और विज्ञान, देश और काल सापेक्ष होते हैं। कोई देश, कोई सभ्यता चाहे जितनी निरपेक्षता की बात क्यों न कहे। यह वास्तविक यथार्थ है कि जिस तरह भारतीय रंगदृष्टि का मूल उद्भव और विकास भारत की विशेष सभ्यता के साथ जुड़ा है, ठीक उसी तरह भारतीय रंगदृष्टि से बिल्कुल अलग, सर्वथा विभिन्न पश्चिम की थियेटर-ड्रामा दृष्टि उनकी अपनी विशेष सभ्यता के साथ जुड़ी है।

अपनी रंगभूमि की जड़ें कहीं गहरी हैं और रंगभूमि के विषय में हमारी जानकारी उतनी ही कम है।

नये सिरे से उसकी जानकारी के साथ-साथ हमें इसके प्रति भारतीय मानस और विवेक को जगाना होगा। पर वह जागरण अपनी रंगभूमि की एक खुशफहमी मात्र से सम्भव नहीं। ऐसी खुशफहमी गांधी ने स्वतन्त्रता-प्राप्ति के दिनों में चरखा, छप्पर, चक्की, कोल्हू, बकरी आदि भारतीय जीवन के अपने उपकरणों से पैदा की थी, और उससे एक बड़े उद्देश्य की पूर्ति हुई थी। पर स्वतन्त्रता मिलते ही अपने उन देशी उपकरणों की कोई गति नहीं रही।

रंगभूमि ऐसी कोई खुशफहमी नहीं। यह आत्मचेतना है जिसे निरन्तर सजगता और सर्जनात्मक स्वतंत्रता से हर क्षण मुक्त होना है। जिसके द्वारा आज हम अपनी जर्जरित संस्कृति के धागों को समेट कर एक मानवीय और स्वतन्त्र विकल्प प्रस्तुत कर सकते हैं, जो हमारी संस्कृति की सनातन और मूल मर्यादाओं में पहले से ही मौजूद है।

नई दिल्ली
18 मई, 1987

—लक्ष्मीनारायण लाल

उर्वशी

पात्र

अर्जुन	:	पाण्डुपुत्र
उर्वशी	:	स्वर्ग की अप्सरा
वृहन्नला	:	उर्वशी से शापित अ
उत्तरा	:	विराट की राजकुमा
चित्रसेन	:	गन्धर्वराज
उत्तर	:	विराट के राजकुमार

भवहीनता से रंग पथभ्रष्ट हो गए या कि हमारे सम्पूर्ण जीवन
ऐसा विकास आ गया था जिसे हम समझ ही नहीं पाए, और
को प्राचीन नाट्य-शास्त्र व वर्तमान ड्रामा-थियेटर की
रह से जोड़ ही नहीं सके। या कि गुलामी की लम्बी रात और
ाह-भरे दिनों के बाद अचानक आधुनिकवाद के तूफान में
ना ही हमारे लिए स्वाभाविक था? इन प्रश्नों का शायद एक
के अस्वाभाविक ऐतिहासिक दौरों के गुजर जाने के बाद किसी
रा अपने सहज जीवन को ठीक से पकड़ पाने में कुछ समय लगा

जीवन में लगा—थियेटर से अपनी रंगभूमि पर आने में। इसी
ौर पश्चिम—इनकी विभिन्न नहीं, परस्पर विरोधी सभ्यताओं
र प्राप्त हुआ। इसी प्रक्रिया से गुजरकर मुझे 'माडर्न थियेटर'
ी प्रस्तुतीकरण कलाएँ, निर्देशन, अभिनय और दर्शकों को एक
रखने की तकनीक के पीछे की मूल प्रवृत्ति की भी जानकारी
ा कि सब चीजों की तरह रंग और नाट्य, उसकी पूरी शिल्प-
ज्ञान, देश और काल सापेक्ष होते हैं। कोई देश, कोई सभ्यता
की बात क्यों न कहे। यह वास्तविक यथार्थ है कि जिस तरह
ल उद्भव और विकास भारत की विशेष सभ्यता के साथ जुड़ा
तीय रंगदृष्टि से बिल्कुल अलग, सर्वथा विभिन्न पश्चिम की
ी अपनी विशेष सभ्यता के साथ जुड़ी है।
की जड़ें कहीं गहरी हैं और रंगभूमि के विषय में हमारी जान-

सकी जानकारी के साथ-साथ हमें इसके प्रति भारतीय मानस
होगा। पर वह जागरण अपनी रंगभूमि की एक खुशफहमी मात्र
वफहमी गांधी ने स्वतन्त्रता-प्राप्ति के दिनों में चरखा, छप्पर,
ादि भारतीय जीवन के अपने उपकरणों से पैदा की थी, और
पूर्ति हुई थी। पर स्वतन्त्रता मिलते ही अपने उन देशी उप-
ों रही।
ई खुशफहमी नहीं। यह आत्मचेतना है जिसे निरन्तर सजगता
ा से हर क्षण मुक्त होना है। जिसके द्वारा आज हम अपनी
को समेट कर एक मानवीय और स्वतन्त्र विकल्प प्रस्तुत कर
ति की सनातन और मूल मर्यादाओं में पहले से ही मौजूद है।

—लक्ष्मीनारायण लाल

उर्वशी

पात्र

अर्जुन	:	पाण्डुपुत्र
उर्वशी	:	स्वर्ग की अप्सरा
वृहन्नला	:	उर्वशी से शापित अर्जुन स्त्री-रूप में
उत्तरा	:	विराट की राजकुमारी
चित्रसेन	:	गन्धर्वराज
उत्तर	:	विराट के राजकुमार

प्रथम दृश्य

युग—द्वापर, स्थान—स्वर्गलोक में इन्द्र का केलिगृह

[रत्नजड़ित ऊँचे सिंहासन पर इन्द्र प्रसन्न मुद्रा में बैठे हैं। पार्श्व में देवासन पर मनस्वी अर्जुन बैठे हैं। उनके समीप उनका गाण्डीव, पाशुपतास्त्र रखा हुआ है। संगीत विद्या और सामगान के कुशल गायक तुम्बरु चित्रसेन मनोहर मुद्रा में बैठे हुए हैं। अन्तःकरण और बुद्धि को लुभानेवाली घृताक्षी, मेनका, रंभा, पूर्वाचिति, मिश्रकेशी, दण्डगौरी, चित्रलेखा शृंगारयुक्त मध्य में बैठी हुई हैं। उर्वशी मेनका के साथ इन्द्र के ठीक सामने बैठी है। उर्वशी के वेश-विन्यास एवं प्रसाधन में विशेषता है। मुक्ता-लड़ियों द्वारा विविध प्रकार से गूँथे गए उसके केशों पर पुष्पों के अर्ध-चन्द्र-किरीट शोभायमान हैं। स्निग्धवर्ण ग्रीवा से एक मुक्तावली, और नये स्फुटित मालती कुसुमों की मालाएँ गुलाबी कौशेय पर पीछे झूल रही हैं। निरावरण क्षीणोदर की त्रिवली से कटि की ओर उठता हुआ वर्तुल उभार, कटि पर पीत कौशेय मुक्तावली की मेखला से सँभला हुआ है। कोमल बाहुओं पर मुक्तावली के अंगद वलय हैं। समयानुकूल उर्वशी ने स्वर्णकलश पर आरती सँभाली, मेनका पारिजात के दो हारों को लेकर नृत्य की मुद्रा में पीछे खड़ी हो गई। आरती-नृत्य आरम्भ हो गया। नृत्य-थकित उर्वशी ने पलक-सम्पुट में सौन्दर्य एवं शृंगार की अर्चना लेकर अर्जुन की आरती ली और पारिजात के दोनों हारों को पहनाया। फिर समस्त अप्सराओं का अन्तःपुर द्वार से प्रस्थान।]

इन्द्र : (**देव-सुलभ मुस्कान से, अर्जुन की ओर मुड़कर**) प्रिय अर्जुन ! आज तुम्हें स्वर्ग कैसा लगा ?

अर्जुन : बहुत ही मनोहर देव !

इन्द्र : बहुत ही मनोहर ! कल संध्या समय सुमेरु पर उस नीले प्रस्तर पर गन्धर्वों की मानवी लीला एवं परिहास से भी मनोहर ?

अर्जुन : हाँ देव···।

इन्द्र : इतने मंत्रमुग्ध हो गए कि इसकी शोभा मनोहरता की समता नहीं दे सकते। (**हँसकर**)···मेरा अपना अनुभव है कि इससे कहीं उत्तम तुमने कई बार अप्सराओं के साथ नृत्य किया है। मुझे कितने शृंगार-स्निग्ध नृत्य और उनकी मुद्राएँ याद आ रही हैं।

अर्जुन : पर देव ! मुझे तो ऐसा नहीं याद है, मैं तो अ
विद्यार्थी मात्र था।

इन्द्र : भूल गए ! इतनी देर में भूल गए नन्दन वन क
सघन छाया तले वह मधुमयी क्रीड़ा ! स्मर
उपत्यका में, अपना-उर्वशी का कथाकली नृत्य
तुम्हारी स्वर्ग की उपस्थिति कभी नहीं भूलेगी।

अर्जुन : देव ! इतनी प्रशंसा ?···इस शिष्टाचार से

[इन्द्र मन्दस्मित—अर्जुन नीचे देखते हुए क्षण भ

इन्द्र : अर्जुन ! मैं इसी केलि-गृह में तुम्हारा परम
पिता की आज्ञा न सोच लेना···यह पिता की
विश्वास है इस नृत्य में तुम उर्वशी-समेत समस
करोगे।

अर्जुन : क्षमा देवराज ! अब मुझे निज लोक जाने की
नहीं, सम्पूर्ण मर्त्यलोक मुझे यहाँ से खींच रहा है
पलकें अब मेरी प्रतीक्षा में लगी होंगी।

इन्द्र : (**प्यार से अर्जुन की पीठ पर हाथ फेरकर**) पा
अभी तो स्वर्ग की कुछ निधियों, केलि-विहारों
नहीं मिल सका है, पुत्र ! कुछ काल और रुको

अर्जुन : देव ! स्वर्ग में आजकल मुझे पृथ्वीतल की बहु
छल-कपट का लोक; वह मरने-जीने का संसा
देव ! वस्तुतः जिस कार्य के लिए मैं यहाँ आया
ज्ञान के अतिरिक्त मुझे यहाँ, आपके शब्दों में दे
मिल चुकी।···अब तो कर्मलोक में भेजकर
अमूल्य आशीर्वाद दीजिए।

इन्द्र : यशस्वी ! मेरी मंगल कामनाएँ सदैव तुम्हारे
पुत्र को पाकर, सरलता से विदा देना नहीं चा
लोक···अलकापुरी···पीयूष-कुण्ड की यात्रा क
पड़ी···!

अर्जुन : कौन-सी योजना ?

इन्द्र : हम लोग कल ध्रुवलोक की यात्रा करेंगे—सम
के पहले पृथ्वी से अनन्त की ओर—स्वर्ग से
चलेंगे, अपने नवीन विमान से। आकाश मार्ग मे
लेंगी। देव, किन्नर-गंधर्व उस कौतुक में साथ

अर्जुन : क्षमा देव ! और के लिए क्षमा !! अमरा
बहुत कौतुक रचाए। स्वर्ग के कण-कण ने मुझे

प्रथम दृश्य

पर, **स्थान**—स्वर्गलोक में इन्द्र का केलिगृह

हासन पर इन्द्र प्रसन्न मुद्रा में बैठे हैं। पार्श्व में देवासन पर
। उनके समीप उनका गाण्डीव, पाशुपतास्त्र रखा हुआ है।
ामगान के कुशल गायक तुम्बरु चित्रसेन मनोहर मुद्रा में बैठे
और बुद्धि को लुभानेवाली घृताक्षी, मेनका, रंभा, पूर्वाचिति,
, चित्रलेखा शृंगारयुक्त मध्य में बैठी हुई हैं। उर्वशी मेनका के
ामने बैठी है। उर्वशी के वेश-विन्यास एवं प्रसाधन में विशेषता
द्वारा विविध प्रकार से गूँथे गए उसके केशों पर पुष्पों के अर्ध-
मान हैं। स्निग्धवर्ण ग्रीवा से एक मुक्तावली, और नये स्फुटित
ालाएँ गुलाबी कौशेय पर पीछे झूल रही हैं। निरावरण क्षीणोदर
ट की ओर उठता हुआ वर्तुल उभार, कटि पर पीत कौशेय
ा से सँभला हुआ है। कोमल बाहुओं पर मुक्तावली के अंगद
ूल उर्वशी ने स्वर्णकलश पर आरती सँभाली, मेनका पारिजात
र नृत्य की मुद्रा में पीछे खड़ी हो गई। आरती-नृत्य आरम्भ
कित उर्वशी ने पलक-सम्पुट में सौन्दर्य एवं शृंगार की अर्चना
रती ली और पारिजात के दोनों हारों को पहनाया। फिर समस्त
पुर द्वार से प्रस्थान।]

न से, **अर्जुन** की ओर मुड़कर) प्रिय अर्जुन ! आज तुम्हें स्वर्ग

देव !

कल संध्या समय सुमेरु पर उस नीले प्रस्तर पर गन्धर्वों की
रिहास से भी मनोहर ?

गए कि इसकी शोभा मनोहरता की समता नहीं दे सकते।
पना अनुभव है कि इससे कहीं उत्तम तुमने कई बार अप्सराओं
है। मुझे कितने शृंगार-स्निग्ध नृत्य और उनकी मुद्राएँ याद आ

अर्जुन : पर देव ! मुझे तो ऐसा नहीं याद है, मैं तो अभी तक स्वर्ग में, इस कला का एक विद्यार्थी मात्र था।

इन्द्र : भूल गए ! इतनी देर में भूल गए नन्दन वन का रास ! याद नहीं है कल्पवृक्ष की सघन छाया तले वह मधुमयी क्रीड़ा ! स्मरण क्यों नहीं करते, स्वर्ण-मेरु की उपत्यका में, अपना-उर्वशी का कथाकली नृत्य···लास्य नृत्य। अर्जुन ! मुझे तो तुम्हारी स्वर्ग की उपस्थिति कभी नहीं भूलेगी। इसके प्रत्येक क्षण···।

अर्जुन : देव ! इतनी प्रशंसा ?···इस शिष्टाचार से मुझे लजा आ रही है।

[इन्द्र मन्दस्मित—अर्जुन नीचे देखते हुए क्षण भर मौन)

इन्द्र : अर्जुन ! मैं इसी केलि-गृह में तुम्हारा परम नूतन नृत्य देखना चाहता हूँ। इसे पिता की आज्ञा न सोच लेना···यह पिता की इच्छा है इच्छा।···पुत्र ! मुझे विश्वास है इस नृत्य में तुम उर्वशी-समेत समस्त अप्सराओं, गंधर्वों को पराजित करोगे।

अर्जुन : क्षमा देवराज ! अब मुझे निज लोक जाने की आज्ञा दीजिए। पांचाली···नहीं-नहीं, सम्पूर्ण मर्त्यलोक मुझे यहाँ से खींच रहा है। मेरे वनवासी बन्धुओं की उन्मुक्त पलकें अब मेरी प्रतीक्षा में लगी होंगी।

इन्द्र : (**प्यार से अर्जुन की पीठ पर हाथ फेरकर**) पांचाली बहुत याद आ रही है ?··· अभी तो स्वर्ग की कुछ निधियों, केलि-विहारों को देखने तथा सुनने का अवसर ही नहीं मिल सका है, पुत्र ! कुछ काल और रुको···।

अर्जुन : देव ! स्वर्ग में आजकल मुझे पृथ्वीतल की बहुत याद आ रही है—वह कलहपूर्ण, छल-कपट का लोक; वह मरने-जीने का संसार, प्यार-घृणा की दुनिया···। और देव ! वस्तुतः जिस कार्य के लिए मैं यहाँ आया था, अर्थात् समस्त अस्त्र-शस्त्रों के ज्ञान के अतिरिक्त मुझे यहाँ, आपके शब्दों में देव ! नृत्य-गान की सफल शिक्षा भी मिल चुकी।···अब तो कर्मलोक में भेजकर देव, मेरी सफलता के लिए अपना अमूल्य आशीर्वाद दीजिए।

इन्द्र : यशस्वी ! मेरी मंगल कामनाएँ सदैव तुम्हारे साथ रहेंगी···हाँ, पिता का हृदय पुत्र को पाकर, सरलता से विदा देना नहीं चाहता···अभी तो मैं तुम्हें सप्तऋषि-लोक···अलकापुरी···पीयूष-कुण्ड की यात्रा कराऊँगा···हाँ, सुन्दर योजना याद पड़ी···!

अर्जुन : कौन-सी योजना ?

इन्द्र : हम लोग कल ध्रुवलोक की यात्रा करेंगे—समस्त लोकों से दूर···पृथ्वी पर भेजने के पहले पृथ्वी से अनन्त की ओर—स्वर्ग से भी ऊपर, हम लोग कल ध्रुवलोक चलेंगे, अपने नवीन विमान से। आकाश मार्ग में ही शत-शत उर्वशी तुम्हारी आरती लेंगी। देव, किन्नर-गंधर्व उस कौतुक में साथ दे भाग्यशाली होंगे।

अर्जुन : क्षमा देव ! और के लिए क्षमा !! अमरावती में मैंने बहुत आनन्द किया है, बहुत कौतुक रचाए। स्वर्ग के कण-कण ने मुझे अपूर्व स्थान दिया। देव ! अब

अधिक आनन्द···अधिक भावनाओं में विचरण करने की बेला नहीं। मैं वनवासी हूँ, शत्रु-उपेक्षित हूँ। कठोर कर्म-भूमि···कटु सत्य, अब मुझे यहाँ पल-पल में विह्वल कर देता है।···देव ! अब आज्ञा···!

इन्द्र : महाबाहु ! तुम इन्द्र के पुत्र हो, यथार्थ कर्मलोक को सोचते हुए इसे कदापि न भूलना।···ओह ! स्वर्ग में रहकर चिन्ता के क्षण ? (**बाईं ओर घूमकर**)··· चित्रसेन !

चित्रसेन : (**अभिवादन से**) आज्ञा देव !

इन्द्र : (**दाईं ओर इंगित कर**) नृत्य-कक्ष के मणि और मुक्ता द्वार पर कह दो, रंभा और मेनका अच्छुरित मुद्रा में खड़ी रहें···हम लोग नृत्य-कक्ष में अभी आ रहे हैं।

चित्रसेन : जो आज्ञा देव !

[इन्द्र, अर्जुन का नृत्य-कक्ष में प्रवेश। कक्ष के सामने से तीन उन्मुक्त वातायन जिस पर केशकीय पर्दे एक ओर खिचे हुए हैं। मध्य के वातायन से 'नन्दन वन' बहुत ही समीप प्रतीत हो रहा है। इसके मध्य से स्वर्णमेरु दीप्तमान हो रहा है, जिसकी मनोहर उपत्यका में कल्पवृक्ष का ऊपरी हरित भाग स्पष्ट दिखाई दे रहा है।]

अर्जुन : देव ! इस नृत्य-मंदिर को मैं कभी नहीं भूल पाऊँगा। शिक्षादात्री उर्वशी ने बहुत ही आत्मीयता से मुझे यहाँ वर्षों तक नृत्य-गान सिखाया है।

इन्द्र : (**हँसकर**)तभी बिना उर्वशी से मिले, गुरुदक्षिणा दिए, अपने लोक जाने की तैयारी कर रहे हो न ! पुत्र ! अन्तिम बार उर्वशी के साथ नृत्य तो कर लो। वह भी तुम्हें बहुत याद करेगी। (**द्वार की ओर मुड़कर पुकारते हुए**)—चित्रसेन !

चित्रसेन : (**प्रवेश कर**) आज्ञा देव !

इन्द्र : उर्वशी को सूचना दो कि नृत्य-कक्ष में अर्जुन अन्तिम बार पधारे हैं।

चित्रसेन : जो आज्ञा, देव !

[चित्रसेन का प्रस्थान]

अर्जुन : देव ! स्वर्ग की भी तुलना किसी लोक से की जा सकती है ?

इन्द्र : क्यों नहीं, सर्वत्र ! सबसे !!···जहाँ दो हृदयों में प्रेम है, वह विशिष्ट प्रदेश-लोक, इस स्वर्ग से कई गुना सुन्दर है। उस प्रेमज्योति में स्वर्ग की समस्त आशा दीपक के समान है।

[सहसा कलामूर्ति उर्वशी कक्ष में नृत्य करने लगती है। क्षण-भर में सम्पूर्ण वातावरण नृत्य की अलौकिक लहरियों एवं ताल-गति से अभिभूत हो गया। केशराशि पर पारिजात पुष्पों की पतली मेखला, मध्य में अर्धचन्द्र-सा स्वर्ण कमल का किरीट। मस्तक, कान, ग्रीवा, बाहुमूल, कलाई अँगुलियाँ—चन्द्रिका, भृंगमूल, कुंडल, हार-अंगद वलय और मुद्रिका से प्रकाशमान थे। कंधे पर अनेक बल खाए झीने उत्तरीय के पीछे मेरुदंड पर कसी हुई कंचुकी वक्ष की ओर उभर आई है। मृणाल बाहुओं से पारिजात कलिका-हार उत्तरी बन्ध पर झूल रहा है। आलक्त रंजित तथा आ गति मानो अंगड़ाई ले रही है। अंग-अंग से ला छूट रहा है। आँखों में मादकता के डोरे···। इन अन्तःपुर चले जाते हैं। उर्वशी अर्जुन को अकेले मुद्रा में गुंफित करके शंकित, दृग खचित भौं से नमस्कार करती हुई।]

उर्वशी : देव ! उर्वशी का आपको नमस्कार।

अर्जुन : (**दाईं ओर देखकर**) अरे ! देव ने कब यहाँ

उर्वशी : अभी, अभी, क्यों ?···आज यहाँ देव की क्य कहना था···दो हृदयों में जहाँ प्रेम होता है, वहाँ है।···कितनी सुन्दर उक्ति है ! देव ! उर्वशी व

अर्जुन : (**शिष्टता से**) देवि ! मैं तुम्हें नतशिर नमस्व

उर्वशी : (**बीच के वातायन से इंगित करती हुई**) मह से देखिए, स्वर्गंगा में कितनी स्वाभाविक गति प्रेरणा है, जीवन है। मेरा नमस्कार स्वीका नहीं !

अर्जुन : नहीं, यह तो अत्यन्त स्वाभाविक है। मैं तुम्हा हूँ।

उर्वशी : क्षमा देव ! अब तक आप मेरे शिष्य थे, चुपके से मृत्युलोक जा रहे थे···देव ! बिना मेर

अर्जुन : नहीं तो देवि ! बिना तुमसे मिले···नहीं, नहीं तुम्हारा ही स्थान है। तुम माता···।

उर्वशी : (**जल्दी से बात काटकर**) क्षमा देव ! कोई की भूखी नहीं, इसे कृपया संसार की अन्य स्त्रियों इन मादक नयनों में मातृत्व की गरिमा !

अर्जुन : क्यों ?

उर्वशी : क्षमा ! आज आप मुझसे अन्तिम बार मिल रखकर मेरे व्यक्तित्व की इतनी उपेक्षा !··· दीजिए। उर्वशी कभी माँ नहीं बन सकती···केव

अर्जुन : इतनी घृणा ! यह कैसे ?···यह नहीं हो सक

उर्वशी : हो सकता है।···कृपया आज, निर्बल धर्म, थो मुझे केवल ऐसे प्रश्नों का उत्तर दीजिए···मेरे नयनों में ? आपको मेरे कारण, अंगहार प्रिय थे

अर्जुन : स्मिते ! इन प्रश्नों को मेरे सामने न रक्खो अंगहार और नृत्य···

धिक भावनाओं में विचरण करने की बेला नहीं। मैं बनवासी
ूँ। कठोर कर्म-भूमि···कटु सत्य, अब मुझे यहाँ पल-पल में
।···देव ! अब आज्ञा···!
न्द्र के पुत्र हो, यथार्थ कर्मलोक को सोचते हुए इसे कदापि न
स्वर्ग में रहकर चिन्ता के क्षण? (**बाईं ओर घूमकर**)···

से) आज्ञा देव !
कर) नृत्य-कक्ष के मणि और मुक्ता द्वार पर कह दो, रंभा
रत मुद्रा में खड़ी रहें···हम लोग नृत्य-कक्ष में अभी आ रहे हैं।
!

त्य-कक्ष में प्रवेश। कक्ष के सामने से तीन उन्मुक्त वातायन जिस
क ओर खिंचे हुए हैं। मध्य के वातायन से 'नन्दन वन' बहुत
ो रहा है। इसके मध्य से स्वर्णमेरु दीप्तमान हो रहा है,
त्यका में कल्पवृक्ष का ऊपरी हरित भाग स्पष्ट दिखाई दे

-मंदिर को मैं कभी नहीं भूल पाऊँगा। शिक्षादात्री उर्वशी ने
ा से मुझे यहाँ वर्षों तक नृत्य-गान सिखाया है।
ता उर्वशी से मिले, गुरुदक्षिणा दिए, अपने लोक जाने की तैयारी
! अन्तिम बार उर्वशी के साथ नृत्य तो कर लो। वह भी
गी। (**द्वार की ओर मुड़कर पुकारते हुए**)—चित्रसेन !
आज्ञा देव !
दो कि नृत्य-कक्ष में अर्जुन अन्तिम बार पधारे हैं।
!
न]
ी तुलना किसी लोक से की जा सकती है ?
सबसे !!···जहाँ दो हृदयों में प्रेम है, वह विशिष्ट प्रदेश-लोक,
ा सुन्दर है। उस प्रेमज्योति में स्वर्ग की समस्त आशा दीपक के

उर्वशी कक्ष में नृत्य करने लगती है। क्षण-भर में सम्पूर्ण वाता-
किक लहरियों एवं ताल-गति से अभिभूत हो गया। केशराशि
ं की पतली मेखला, मध्य में अर्धचन्द्र-सा स्वर्ण कमल का
न, ग्रीवा, बाहुमूल, कलाई अँगुलियाँ—चन्द्रिका, भृंगमूल,
लय और मुद्रिका से प्रकाशमान थे। कंधे पर अनेक बल खाए
छे मेरुदंड पर कसी हुई कंचुकी वक्ष की ओर उभर आई है।

मृणाल बाहुओं से पारिजात कलिका-हार उत्तरीय पट पर बल खाता हुआ मेखला-बन्ध पर झूल रहा है। आलक्त रंजित तथा आभूषणों से वेष्टित चरणों पर नृत्य-गति मानो अंगड़ाई ले रही है। अंग-अंग से लावण्य की ज्योति, यौवन का स्फुलिंग छूट रहा है। आँखों में मादकता के डोरे···। इन्द्र, अर्जुन से आँखें बचाकर धीरे से अन्तःपुर चले जाते हैं। उर्वशी अर्जुन को अकेले पा नृत्य की समस्त गति को वक्र-मुद्रा में गुंफित करके शंकित, दृग खचित भौं से रुक गई और भाव-भंगिमा में नमस्कार करती हुई।]

उर्वशी : देव ! उर्वशी का आपको नमस्कार।

अर्जुन : (**दाईं ओर देखकर**) अरे ! देव ने कब यहाँ से प्रस्थान कर दिया ?

उर्वशी : अभी, अभी, क्यों ?···आज यहाँ देव की क्या अपेक्षा ?···उन्हें तो केवल यही कहना था···दो हृदयों में जहाँ प्रेम होता है, वहाँ स्वर्ग से भी बढ़कर ज्योति रहती है।···कितनी सुन्दर उक्ति है ! देव ! उर्वशी का नमस्कार स्वीकार···

अर्जुन : (**शिष्टता से**) देवि ! मैं तुम्हें नतशिर नमस्कार करता हूँ।

उर्वशी : (**बीच के वातायन से इंगित करती हुई**) महाबाहो ! स्वर्णमेरु के उत्तुंग शिखर से देखिए, स्वर्गंगा में कितनी स्वाभाविक गति है। समस्त वस्तुओं में स्वाभाविक प्रेरणा है, जीवन है। मेरा नमस्कार स्वीकार···यह स्वाभाविक है···आपका नहीं !

अर्जुन : नहीं, यह तो अत्यन्त स्वाभाविक है। मैं तुम्हारा शिष्य हूँ—मैं अभिवादन करता हूँ।

उर्वशी : क्षमा देव ! अब तक आप मेरे शिष्य थे, आज नहीं···और मैंने सुना है आप चुपके से मृत्युलोक जा रहे थे···देव ! बिना मेरा अपराध बताए !

अर्जुन : नहीं तो देवि ! बिना तुमसे मिले···नहीं, नहीं, अमरावती में माता शची के बाद तुम्हारा ही स्थान है। तुम माता···।

उर्वशी : (**जल्दी से बात काटकर**) क्षमा देव ! कोई अप्सरा विशेष उर्वशी मातृत्व पद की भूखी नहीं, इसे कृपया संसार की अन्य स्त्रियों के लिए सुरक्षित रखिए···देव ! इन मादक नयनों में मातृत्व की गरिमा !

अर्जुन : क्यों ?

उर्वशी : क्षमा ! आज आप मुझसे अन्तिम बार मिल रहे है। मुझे माता शची के बाद रखकर मेरे व्यक्तित्व की इतनी उपेक्षा !···कृपया उर्वशी को अप्सरा रहने दीजिए। उर्वशी कभी माँ नहीं बन सकती···केवल प्रिया। और आज तो···।

अर्जुन : इतनी घृणा ! यह कैसे ?···यह नहीं हो सकता।

उर्वशी : हो सकता है।···कृपया आज, निर्बल धर्म, थोथी नैतिकता की बात रहने दीजिए मुझे केवल ऐसे प्रश्नों का उत्तर दीजिए···मेरे अधरों में अधिक राग थे कि मेरे नयनों में ? आपको मेरे कारण, अंगहार प्रिय थे कि मेरे नृत्य ?

अर्जुन : स्मिते ! इन प्रश्नों को मेरे सामने न रक्खो···देवि ! तुम्हारे पवित्र करण, अंगहार और नृत्य···

उर्वशी : भूल गए महाबाहु ! सत्य कहती हूँ···आज चाहे जो हो, मैं हृदय खोलकर आपके सामने रखूंगी—मेरे स्वस्तिका रचित, भुजंग त्रसित, करुण-मद विलसित, परिवृत्त चित्त, सम्भ्रान्त अंगहार कथकली, गर्बा नृत्य, मेरी ओर से आपके हृदय के कोमलतम प्रवेश में पैठा लेने के लिए स्पष्ट निमंत्रण थे। महाबाहु ··।

अर्जुन : आज, देवि ! तुम किस लोक से बातें कर रही हो ? क्या आज भूल गईं···? मैं तुम्हारे सामने पुत्रवत् अर्जुन···खड़ा हूँ।

उर्वशी : महाबाहु ! मैं दृढ़चेतना की आधार-भूमि पर अपने···नहीं, नहीं आपके नृत्य-कक्ष में खड़ी होकर आपसे बातें कर रही हूँ।···काश, आप मेरे हृदय के वर्षों का मूक निमंत्रण सुनते होते !

अर्जुन : देवि ! आज क्या आसव अधिक पान कर लिया है ? मैं अर्जुन हूँ, अर्जुन—तुम्हारा शिष्य !

उर्वशी : आह ! आसव से कई गुना मादक वह रूप ! जिस मदिरा को वर्षों से घूंट-घूंट पीती आ रही थी; आज आरती-नृत्य में न जाने किस मानिक ने अपने कंपित करों से सम्पूर्ण छलकते हुए घट को मेरे मुख में उड़ेल दिया।···आज मेरी मादक आँखें केवल पहचान रही हैं···अपने देव ! परमदेव !!···स्वामी···

अर्जुन : (**पुकारते हुए**) चित्रसेन ! चित्रसेन !!

[कोई प्रत्युत्तर नहीं]

अर्जुन : (रुककर) द्वार पर कोई है ?

आवाज : (**दाहिनी ओर से**) आज्ञा देव !

उर्वशी : (**चौंककर**) ओह ! यह रंभा का स्वर है ! सावधान रंभा ! तुम इस समय भीतर नहीं आ सकती !···देव ! मैं स्वस्थ हूँ; कहिए, कोई आज्ञा ?

अर्जुन : पर देवि ! आज कैसी बातें कर रही हो ? कभी भी तुमने मुझसे ऐसी बातें नहीं की थीं !

उर्वशी : देव ! बोलते हुए हृदय पर मूक वाणी की अर्गला लगा देना—यही तो नारी का महान् अभिशाप और वरदान दोनों है, महाबाहु ! जिस अमृत घूंट को पीकर मैं वर्षों से घुल रही थी, आज मरणासन्न हो, मिलन के इन अन्तिम क्षणों में वाणी के सहारे प्रकट कर जीवन पाने का प्रयत्न कर रही हूँ।···आह ! स्वर्णमेरु की उपत्यका में आपके साथ मेरा कथकली नृत्य···आह ! कितने मधुर थे कल्पवृक्ष की सघन छाया में वे क्षण। मधुमय अतीत ! तुम्हें शत, शत प्रणाम···।

[भावावेश में फिर अर्जुन की ओर लड़खड़ाती है, अर्जुन सँभालकर फिर द्वार पर आवाज देते हैं।]

अर्जुन : पश्चिम द्वार पर कोई है ?

आवाज : आज्ञा देव !

उर्वशी : (**चौंककर**)···अरे···यह मेनका का स्वर है। सावधान मेनका ! मैं उर्वशी अप्सरा हूँ—इसमें संदेह नहीं; परन्तु द्वार न
महाबाहु की प्रणय-प्रेयसी।···सावधान ! वहीं

अर्जुन : देवि ! आज तुम्हारे इन विक्षिप्त कथनों से
दया करना, मैं वनवासी हूँ।···पाशुपतास्त्र की
बेचारा समझकर इस समय आशीर्वाद दो।···
परम पुनीत पिता-लोक की अप्सरा।

उर्वशी : देव ! एक समय इतनी उक्तियाँ ! मैं वि
इस समय वाणी में बल नहीं है देव ! मेरे लि
महाबाहु ! अपने मधुर कंपन में मेरी कंपित
स्त्रीत्व की सौगन्ध खाकर कहती हूँ, मैं आपसे
देव !

अर्जुन : देवि ! शिष्य से इतनी कठिन परीक्षा उचित
मुझे बल दो। कर्मलोक में जाने के पहले अप
प्रकार से दया-पात्र हूँ।

उर्वशी : अपने देव को कर्मलोक में भेजने के पहले सर्व
से महाबलिष्ठ बना रही हूँ। याद रखिएगा, मेर
एक क्षीण रेखा असंख्य पाशुपतास्त्र, वज्र चक्रा
उर्वशी को अपनी शीतल छाया देकर उसे जी
स्वामी बनिए।

अर्जुन : हे ईश्वर ! मैं आज क्या सुन रहा हूँ ?

उर्वशी : महाबाहु ! जिस आशाबेलि को संतोष के
आज उसे एक बार प्रसून बनकर खिलने दीजिए
की रिक्त मधुकरी देखिए।

अर्जुन : (**बैठकर सिर थाम लेते हैं**) ईश्वर ! आज
कर) उर्वशी, तुम मेरी शिक्षिका ही नहीं, तुम
मेरे पूर्वजों की आदि जननी हो। पवित्र उर्वशी
स्नेह दे···!

उर्वशी : और प्रेम क्यों नहीं ?···देव ! इन अनर्गल
···मैं अपने को भी उसी क्षण···उस प्रथम द
आपकी वह आकृति···मृणालबाहु···उन्नत वक्ष
गहराई में स्थिर, मादकता का सिन्धु···आह !
···मेरे स्वामी ! आज मैं आपकी माँ नहीं, शिक्षि
केवल एक नारी···प्रणय-भिखारिन ! आपसे प्रण

अर्जुन : ·····

उर्वशी : चुप क्यों ?···आह ! एक बार 'हाँ' क्यों नहीं
वाणी का तात्पर्य···देव !···स्वीकार है न !

ाबाहु ! सत्य कहती हूँ···आज चाहे जो हो, मैं हृदय खोलकर
ूँगी—मेरे स्वस्तिका रचित, भुजंग त्रसित, करुण-मद विलसित,
म्भ्रान्त अंगहार कथकली, गर्बा नृत्य, मेरी ओर से आपके हृदय के
में पैठा लेने के लिए स्पष्ट निमंत्रण थे। महाबाहु ··।
तुम किस लोक से बातें कर रही हो ? क्या आज भूल गई···? मैं
वत् अर्जुन···खड़ा हूँ।
दृढ़चेतना की आधार-भूमि पर अपने···नहीं, नहीं आपके नृत्य-
र आपसे बातें कर रही हूँ।···काश, आप मेरे हृदय के वर्षों का
ते होते !
क्या आसव अधिक पान कर लिया है ? मैं अर्जुन हूँ, अर्जुन—

से कई गुना मादक वह रूप ! जिस मदिरा को वर्षों से घूंट-
थी; आज आरती-नृत्य में न जाने किस मानिक ने अपने कंपित
लकते हुए घट को मेरे मुख में उड़ेल दिया।···आज मेरी मादक
न रही है···अपने देव ! परमदेव !!···स्वामी···
चित्रसेन ! चित्रसेन !!

हीं]

पर कोई है ?
ोर से) आज्ञा देव !
ओह ! यह रंभा का स्वर है ! सावधान रंभा ! तुम इस समय
कती !···देव ! मैं स्वस्थ हूँ; कहिए, कोई आज्ञा ?
ज कैसी बातें कर रही हो ? कभी भी तुमने मुझसे ऐसी बातें नहीं

हुए हृदय पर मूक वाणी की अर्गला लगा देना—यही तो नारी
प और वरदान दोनों है, महाबाहु ! जिस अमृत घूंट को पीकर मैं
थी, आज मरणासन्न हो, मिलन के इन अन्तिम क्षणों में वाणी के
ीवन पाने का प्रयत्न कर रही हूँ।···आह ! स्वर्णमेरु की उपत्यका
रा कथकली नृत्य···आह ! कितने मधुर थे कल्पवृक्ष की सघन
मधुमय अतीत ! तुम्हें शत, शत प्रणाम···।

अर्जुन की ओर लड़खड़ाती है, अर्जुन सँभालकर फिर द्वार पर

र कोई है ?

अरे···यह मेनका का स्वर है। सावधान मेनका ! मैं उर्वशी

अप्सरा हूँ—इसमें संदेह नहीं; परन्तु द्वार नर्तकी-परिचारिका नहीं···विश्वविश्रुत महाबाहु की प्रणय-प्रेयसी।···सावधान ! वहीं द्वार पर स्थिर रहना।

अर्जुन : देवि ! आज तुम्हारे इन विक्षिप्त कथनों से मैं काँप रहा हूँ···उर्वशी ! मुझ पर दया करना, मैं बनवासी हूँ।···पाशुपतास्त्र की सौगन्ध···खाकर कहता हूँ तुम मुझे बेचारा समझकर इस समय आशीर्वाद दो।···उर्वशी ! तुम केवल नर्त्तकी नहीं··· परम पुनीत पिता-लोक की अप्सरा।

उर्वशी : देव ! एक समय इतनी उक्तियाँ ! मैं किसका-किसका उत्तर दूं ?···आह ! इस समय वाणी में बल नहीं है देव ! मेरे लिए तो समस्त भूमंडल काँप रहा है। महाबाहु ! अपने मधुर कंपन में मेरी कंपित तरी को सँभालना। देव ! मैं अपने स्त्रीत्व की सौगन्ध खाकर कहती हूँ, मैं आपसे प्रेम करती हूँ, प्रेम। मुझ पर दया··· देव !

अर्जुन : देवि ! शिष्य से इतनी कठिन परीक्षा उचित नहीं। अपनी मंगल कामनाओं से मुझे बल दो। कर्मलोक में जाने के पहले अपना शुभ आशीर्वाद, देवि ! मैं सब प्रकार से दया-पात्र हूँ।

उर्वशी : अपने देव को कर्मलोक में भेजने के पहले सर्वस्व देकर···अमूल्य निधि के उत्सर्ग से महाबलिष्ठ बना रही हूँ। याद रखिएगा, मेरा प्रणय ! नहीं, नहीं, वक्र-भृकुटि की एक क्षीण रेखा असंख्य पाशुपतास्त्र, वज्र चक्रादि को कुंठित करती है। देव ! तप्त उर्वशी को अपनी शीतल छाया देकर उसे जीवन दीजिए और सम्पूर्ण भूतल के स्वामी बनिए।

अर्जुन : हे ईश्वर ! मैं आज क्या सुन रहा हूँ ?

उर्वशी : महाबाहु ! जिस आशाबेलि को संतोष के छींटे से वर्षों से सींचती आ रही हूँ, आज उसे एक बार प्रसून बनकर खिलने दीजिए।···मेरे देव ! प्रणय-भिखारिन की रिक्त मधुकरी देखिए।

अर्जुन : (**बैठकर सिर थाम लेते हैं**) ईश्वर ! आज आप क्या करने जा रहे हैं ? (उठकर) उर्वशी, तुम मेरी शिक्षिका ही नहीं, तुम पुरुवंश की आनन्दमयी माता हो। मेरे पूर्वजों की आदि जननी हो। पवित्र उर्वशी ! मुझे मुक्ति दे···कल्याण दे··· स्नेह दे···!

उर्वशी : और प्रेम क्यों नहीं ?···देव ! इन अनर्गल प्रलापों को मैं उसी क्षण भूल गई। ···मैं अपने को भी उसी क्षण···उस प्रथम दर्शन में भूल गई।···रूपसागर ! आपकी वह आकृति···मृणालबाहु···उन्नत वक्षस्थल···गम्भीर विशाल नयनों की गहराई में स्थिर, मादकता का सिन्धु···आह ! आपकी भरत-नृत्य की अमर मुद्राएँ ···मेरे स्वामी ! आज मैं आपकी माँ नहीं, शिक्षिका नहीं, अप्सरा नहीं, कुछ नहीं; केवल एक नारी···प्रणय-भिखारिन ! आपसे प्रणय-दान माँगती है।

अर्जुन : ·····

उर्वशी : चुप क्यों ?···आह ! एक बार 'हाँ' क्यों नहीं कह देते ?···पर समझी; मूक वाणी का तात्पर्य···देव !···स्वीकार है न !

अर्जुन : (याचना से) क्षमा देवि, क्षमा !

उर्वशी : (गम्भीरता से) तो आप नारी की बार-बार उपेक्षा करेंगे ?

अर्जुन : देवि ! देवि ! !···

उर्वशी : (क्रोध से) अब उर्वशी अन्य बातों के लिए वधिर है ! हो चुके वार्तालाप। मुझे विश्वास था, पत्थर में तरलता होती है।

अर्जुन : रुको देवि !···देवि !

उर्वशी : शरीर के प्रत्येक अणु-अणु से केवल एक प्रेम का अनाहद नाद सुनने वाली, विलम्ब और मृत्यु दोनों एक साथ नहीं चाहती।

अर्जुन : (विह्वल हो हाथ जोड़) ईश्वर ! धर्म-पालक ! मेरी रक्षा आपके हाथ में है; अन्तर्यामी !

उर्वशी : (स्थिर हो कड़े स्वर में) धर्मात्मा !···सुनिए ! ! यदि आपको इन बातों की दुहाई देनी है, तो मुझे विवश हो कहना पड़ रहा है—आज उर्वशी, आपके प्रणय को गुरु-दक्षिणा के रूप में माँगती है···बोलिए, बोलिए। स्वीकार है ? देखिए इधर !—आह ! नारी का प्रणय-सिन्धु अपने पूर्ण शशिदेव को देखकर आज उफन आया है।

अर्जुन : (काँपकर) पृथ्वी ! मुझे शक्ति दे···इस स्वर्ग में धरातल नहीं···कुरुवंश की आदि जननी मेरी विकट परीक्षा ले रही है।···यदि मैंने जीवन भर में कोई पुण्य किया हो···वह मेरा सहायक हो···। देवि ! मैं मृत्यु का आवाहन करता हूँ···मेरी यह परीक्षा न लो. मुझे सुमेरु के उत्तुंग शिखर से गिरा सकती हो, मैं हलाहल पीने को तैयार हूँ। देवि ! संसार में इसके अतिरिक्त अर्जुन द्वारा कोई भी बात हो सकती है···पर क्षमा देवि !···क्षमा !

उर्वशी : (कटुता से) स्वयं कंठ तक हलाहल पिलाकर मुझसे क्षमा माँगते हो ! (घूरने लगती है) हाँ, मरने के पहले, ओह !···हाँ···किन्तु एक प्रश्न करती हूँ स्मरण रखिए, इसी नृत्य-कक्ष में वह पूनम की रात ! मुझे याद है, अपने गर्वा नृत्य में मुझे अंक में भरकर, स्फुट स्वर में आपने क्या कहा था ? समस्त कथाकली नृत्यों में—समस्त रास-रचनाओं के पीछे आपकी ओर से कितना नैतिक समर्थन था !···मुझे यदि लेशमात्र पता होता कि इस ऐश्वर्य-तेज-प्रताप सौन्दर्य से निर्मित व्यक्तित्व में इतनी हृदय-हीनता है, कटुता है, प्रवंचना है; तो उर्वशी का पथ···उर्वशी अप्सरा ···आह ! निर्मम पुरुष !

अर्जुन : किन्तु देवि ! मैं सत्य कहता हूँ—दिशा-विदिशाएँ अपने अधिदेवताओं के साथ मेरी बात सुन लें। जैसे कुन्ती, माद्री, शची मेरी माताएँ हैं, वैसे ही तुम भी मेरे समस्त शिक्षा-काल में पूजनीय माता-तुल्य थीं। मैं सत्य कहता हूँ, इस पवित्र अंक में तुम्हें भरकर, मैंने मातृत्व-गरिमा का आनन्द लिया था···यौवन की मादकता का नहीं···।

उर्वशी : आह ! यौवन की मादकता !···धर्म का दम्भ भरकर निर्बल पुरुष अपने हृदय पर पत्थर रखता है; स्वयं अपने से चोरी करता है। पर मैं मृत्यु के पहले एक

निःश्वास छोड़कर पूछती हूँ, क्या मुझसे प्रणय स

अर्जुन : क्षमा देवि !

उर्वशी : (क्रोधित स्वर में) यह उपेक्षा ! मैं दग्ध नारी ठुकराई हुई अप्सरा, वंक भृकुटि से समस्त इन्द्रा

अर्जुन : नहीं पूज्या ! मैं पुत्रवत् रक्षणीय हूँ !

उर्वशी : (आँखों में रक्त घोलकर) तो आज समस्त भ गई। प्रथम बार एक पुरुष ने उर्वशी, अप्सरा पराजित किया। पर याद है न, कुचली हुई न आँखों में अब अमृत के स्थान पर केवल विष है, धर्म के पाखंडी ! मर्यादा के दीवाने ! ! नैतिकता के

अर्जुन : क्षमा ! क्षमा !

उर्वशी : (पैर पटककर) छिः पौरुषहीन ! कहाँ तक क्षमा किया ? पर जाओ, स्त्रीत्व के उपेक्षक ! (श नर्त्तकी होकर रहना पड़ेगा···सम्मान-रहित···मु पौरुष का गर्व है···कृपण! उस निधि से विहीन ! जीवन-दान देती है।

[आवेश में उर्वशी का प्रस्थान, शापित अर्जुन मंच प

अर्जुन : आह ! स्वर्ग की विषमय विदाई ! नृत्य-कक्ष में प्र ···आह ! (बाहर कोलाहल···इन्द्र का प्रवेश)

इन्द्र : (अर्जुन को सँभालते हुए) पुत्र ! इतनी चिन्ता क सचमुच कुन्ती पुत्रवती हुई। आज तुमने अपने धैर्य

अर्जुन : देव ! पर उर्वशी का अमिट शाप !

इन्द्र : ···कल्याण पुत्र ! व्रती धर्मात्मा इसकी चिन्ता नहीं तुम तेरहवें वर्ष गुप्तवास करोगे; उस समय तुम्हारी वरदान होगी। वृहन्नला के रूप में तुम अनन्य धर्म पुरुषत्व की प्राप्ति होगी।

अर्जुन (अभिवादन से) देव ! जय हो ! !

द्वितीय दृश्य

स्थान : मर्त्यलोक में मत्स्य देश का विराट् नगर।

[राजकुमारी उत्तरा के भवन में वृहन्नला का शयन-क **दो उन्मुक्त वातायन—जिससे** कमरे में पूर्णमासी के

मा देवि, क्षमा !
) तो आप नारी की बार-बार उपेक्षा करेंगे ?
…
व उर्वशी अन्य बातों के लिए बधिर है ! हो चुके वार्तालाप।
त्थर में तरलता होती है।
देवि !
क अणु-अणु से केवल एक प्रेम का अनाहद नाद सुनने वाली,
दोनों एक साथ नहीं चाहती।
थ जोड़) ईश्वर ! धर्म-पालक ! मेरी रक्षा आपके हाथ में है;

स्वर में) धर्मात्मा ! …सुनिए !! यदि आपको इन बातों की
ुझे विवश हो कहना पड़ रहा है—आज उर्वशी, आपके प्रणय
के रूप में माँगती है…बोलिए, बोलिए। स्वीकार है ? देखिए
नारी का प्रणय-सिन्धु अपने पूर्ण शशिदेव को देखकर आज उफन

ी ! मुझे शक्ति दे…इस स्वर्ग में धरातल नहीं…कुरुवंश की
विकट परीक्षा ले रही है।…यदि मैंने जीवन भर में कोई पुण्य
ा सहायक हो…। देवि ! मैं मृत्यु का आवाहन करता हूँ…मेरी
मुझे सुमेरु के उत्तुंग शिखर से गिरा सकती हो, मैं हलाहल पीने
! संसार में इसके अतिरिक्त अर्जुन द्वारा कोई भी बात हो
मा देवि !…क्षमा !
यं कंठ तक हलाहल पिलाकर मुझसे क्षमा माँगते हो ! (**घूरने**
रने के पहले, ओह !…हाँ…किन्तु एक प्रश्न करती हूँ स्मरण
क्ष में वह पूनम की रात ! मुझे याद है, अपने गर्वा नृत्य में मुझे
ुट स्वर में आपने क्या कहा था ? समस्त कथाकली नृत्यों में—
ओं के पीछे आपकी ओर से कितना नैतिक समर्थन था !…मुझे
होता कि इस ऐश्वर्य-तेज-प्रताप सौन्दर्य से निर्मित व्यक्तित्व में
है, कटुता है, प्रवंचना है; तो उर्वशी का पथ…उर्वशी अप्सरा
ुरुष !
सत्य कहता हूँ—दिशा-विदिशाएँ अपने अधिदेवताओं के साथ
जैसे कुन्ती, माद्री, शची मेरी माताएँ हैं, वैसे ही तुम भी मेरे
में पूजनीय माता-तुल्य थीं। मैं सत्य कहता हूँ, इस पवित्र अंक
ने मातृत्व-गरिमा का आनन्द लिया था…यौवन की मादकता

की मादकता !…धर्म का दम्भ भरकर निर्बल पुरुष अपने हृदय
है; स्वयं अपने से चोरी करता है। पर मैं मृत्यु के पहले एक

निःश्वास छोड़कर पूछती हूँ, क्या मुझसे प्रणय सम्भव नहीं ?

अर्जुन : क्षमा देवि !

उर्वशी : (**क्रोधित स्वर में**) यह उपेक्षा ! मैं दग्ध नारी हूँ, हृदय में वड़वाग्नि छिपाए। ठुकराई हुई अप्सरा, वंक भृकुटि से समस्त इन्द्रासन हिलाने वाली।

अर्जुन : नहीं पूज्या ! मैं पुत्रवत् रक्षणीय हूँ !

उर्वशी : (**आँखों में रक्त घोलकर**) तो आज समस्त भूमंडल को कँपानेवाली ठुकराई गई। प्रथम बार एक पुरुष ने उर्वशी, अप्सरा और नारी, दोनों को एक साथ पराजित किया। पर याद है न, कुचली हुई नागिन की अंतिम फुफकार ! इन आँखों में अब अमृत के स्थान पर केवल विष है, विष—कहो तो भस्म कर दूँ; धर्म के पाखंडी ! मर्यादा के दीवाने !! नैतिकता के भूखे !!!

अर्जुन : क्षमा ! क्षमा !

उर्वशी : (**पैर पटककर**) छिः पौरुषहीन ! कहाँ तक क्षमा करूँ ?…तुमने मुझे कब क्षमा किया ? पर जाओ, स्त्रीत्व के उपेक्षक ! (**शाप देती हुई**) तुम्हें स्त्रियों में नर्तकी होकर रहना पड़ेगा…सम्मान-रहित…मुझसे अधिक दुःखी। तुम्हें जिस पौरुष का गर्व है…कृपण! उस निधि से विहीन !…छिः ! जाओ…उर्वशी तुम्हें जीवन-दान देती है।

[आवेश में उर्वशी का प्रस्थान, शापित अर्जुन मंच पर विह्वल]

अर्जुन : आह ! स्वर्ग की विषमय विदाई ! नृत्य-कक्ष में प्रारब्ध के साथ अन्तिम नृत्य !! …आह ! (**बाहर कोलाहल…इन्द्र का प्रवेश**)

इन्द्र : (**अर्जुन को सँभालते हुए**) पुत्र ! इतनी चिन्ता क्यों ? तुम्हारे जैसा पुत्र पाकर, सचमुच कुन्ती पुत्रवती हुई। आज तुमने अपने धैर्य से ऋषियों को भी जीता।

अर्जुन : देव ! पर उर्वशी का अमिट शाप !

इन्द्र : …कल्याण पुत्र ! व्रती धर्मात्मा इसकी चिन्ता नहीं करते; पुत्र ! हाँ, जिस समय तुम तेरहवें वर्ष गुप्तवास करोगे; उस समय तुम्हारी यह अपौरुषता तुम्हारे लिए वरदान होगी। वृहन्नला के रूप में तुम अनन्य धर्म का पालन कर सकोगे…फिर पुरुषत्व की प्राप्ति होगी।

अर्जुन (**अभिवादन से**) देव ! जय हो !!

द्वितीय दृश्य

स्थान : मर्त्यलोक में मत्स्य देश का विराट् नगर।

[राजकुमारी उत्तरा के भवन में वृहन्नला का शयन-कक्ष। कमरे में पूर्व दिशा से **दो उन्मुक्त वातायन—जिससे कमरे में पूर्णमासी के चन्द्र की चन्द्रिका फैली है।**

वृहन्नला अपने पर्यंक से वातायन के स्फटिक शिला से सिर को टिकाए हुए उन्मुक्त-पलक चन्द्रमा को देखती हुई।]

वृहन्नला : उर्वशी ! तुम कितनी दूर हो ! पर तुम्हारा शाप···नहीं, नहीं, वरदान मेरे साथ है। सुभ्रु ! तुम्हें संसार अप्सरा कहता है; पर क्या वस्तुतः तुम उसी वर्ग की हो ? नहीं···भावात्मक जगत् की प्रतिमा के लिए, पार्थिव जगत् के बन्धनों से प्रेम क्यों ? भीरु ! तुम अप्सरा नहीं, तुम उस वर्ग की राजमाताओं के रक्त से हो, जो सप्तमहर्षियों के समीप हैं। तुम्हारा शाप···मेरे अज्ञातवास का अमृत पाथेय। मेरा अभिशाप मेरे चरित्र का एकमात्र संबल। उर्वशी ! तुम महान् हो।

[अपनी तन्मयता में शय्या से उठकर दीवार पर उर्वशी का रेखाचित्र बनाती है और खड़ी-खड़ी ज्योत्स्ना में उसे निहारने लगती है।]

···फिर भी कितने मीठे !

[सहसा कमरे में उत्तरा का प्रवेश। वृहन्नला घबड़ाई हुई घूमकर दीवार पर निर्मित चित्र को निश्चेष्ट छिपाए खड़ी हो जाती है। उत्तरा के अंग-अंग से लावण्य की ज्योति। चरणों में अलक्तक और नूपुर। मणि-जड़ित कंचुक पट, उन्नत वक्षस्थल पर पीछे कसा है। कंबुकंठ पर मरकत का हार, अधरों पर ताम्बूल राग, अपांग में नीलांजन की रेखा, घुंघराली वेणी पर महीन उत्तरीय।]

उत्तरा : (**वृहन्नला के समीप जाकर**) सखी ! तुम्हारे चरित्र का यह गूढ़ रहस्य ! (**वृहन्नला को दीवार से हटाती हुई**) मुझे भी देखने दो···यह किसका चित्र है ? (**आश्चर्य से**) अरे ! स्त्री का इतना सुन्दर चित्र !

वृहन्नला : (**बात काटती हुई**) क्यों, क्या बात है, राजकुमारी ? आपको तो कल मेरे बताए हुए 'मदविलसित' और 'आवर्त' आदि मुद्राओं का अभ्यास न करना है ?

उत्तरा : अब अभ्यास तो क्या करूँगी ? मेरा पापी भ्रम। दो-तीन दिनों से संदेह बना है—सखी ! यह संदेह अब तो स्पष्ट हो रहा है—पर दुःख इस बात का है कि भोली-भाली उत्तरा वर्षों तक धोखे में डाली गई। वृहन्नले ! क्या यह तुम्हें उचित था ?

वृहन्नला : (**घबड़ाकर**) क्या है राजकुमारी, मैं कुछ समझ नहीं पा रही हूँ।

उत्तरा : मेरे भी साथ यही अभिशाप है। मैं भी तुम्हें नहीं समझ पा रही थी···और तुम्हारे द्वारा इस चित्र को अनन्य प्यार करते देख, समझने की बात तो दूर रही वृहन्नले ! मेरा मस्तिष्क चकरा रहा है।···सच, मैं आज तक जो कुछ जानती थी, वह भी भूल गई। केवल यही याद आ रहा है कि वृहन्नला, वृहन्नला नहीं। वह···।

वृहन्नला : अरे ! राजकुमारी को आज क्या हो गया है ? आपको यहाँ नृत्य की कुछ मुद्राओं का अभ्यास करना है।

उत्तरा : उत्तरा अब भुलावे में नहीं पड़ सकती। मैंने आज देखा कि पूर्णिमा की यामिनी में किस प्रकार समुद्र के साथ प्रणय-सिन्धु में भी ज्वा
छिपाया नहीं जाता, उसकी विशालता इतनी है कि

वृहन्नला : कुमारी ! इस निर्जीव रेखा-चित्र को देखकर
मिला है कि कुछ अन्य बात है ?

उत्तरा : यही क्या कम ? वर्षों से नृत्यों में पौरुषता का श
से देखा, वृहन्नला एक युवती की चित्र-प्रतिमा को
श्रवणों से सुने वृहन्नला के प्यार भरे स्फुट वाक्य—
कितने मीठे···।"

वृहन्नला : नहीं कुमारी ! मैं इस चित्र का वैसे अभ्यास
उत्तरा : और एकाकी, उस चित्र को प्यार कर रही थी,
वृहन्नला : नहीं, नहीं देवि ! हम स्त्रियों को किसी स्त्री
उत्तरा : यह तो मुझे पूछना चाहिए···हाँ उत्तर दो, फिर
वृहन्नला :·····

उत्तरा : वृहन्नले ! चुप क्यों ?···संसार की कोई ना
उपासिका नहीं हो सकती। एक नारी का व्यक्तित्व
है, शीतल छाया नहीं। नारी नारी-रूप की अपेक्षा
उपेक्षा करती है।

वृहन्नला : तो क्या राजकुमारी मेरे स्त्रीत्व के सम्बन्ध में
उत्तरा : संदेह तो पहले करती थी···अब तो उत्तरा को नि
पुर में कुमारी उत्तरा के साथ इतना गूढ़ रहस्य चल
सत्य कहती हूँ, मैंने इस संदेह पर रात-रात भर तर्क
का परिणाम यही निकलता था कि मैं प्रातःकाल होते
जैसे प्रकृति और माया।

वृहन्नला : (**घबड़ाहट से**) ऐसा न कहो राजकुमारी ! मु
उत्तरा : ऐसा न कहूँ ? अच्छा लो, दूसरी तरह स्पष्ट क
अब से मैं तुम्हें बाह्य जगत् में शरण नहीं दे सकती
वर्षों से हृदय में रख, छिपाती चली आ रही थी—
स्थूल देवता को अंक में भर लूँ।

वृहन्नला : राजकुमारी ! अपनी शरण में कुछ क्षण और नि
को यह कहकर यहाँ से न निकालो।···यह सब नि
नृत्यों में जब पुरुष बनकर तुम्हारे साथ नृत्य करती रह
करने के नाते, स्वाभाविकता लाने के लिए मैं अपने श
लेती थी।

उत्तरा : मेरी सौगन्ध। एक बात पूछूँ ? (**वृहन्नला के ह
क्या यह हाथ पुरुष के नहीं ?

वृहन्नला : ·····

ने पर्यंक मे वातायन के स्फटिक शिला से सिर को टिकाए हुए उन्मुक्त-
को देखती हुई।]

! तुम कितनी दूर हो ! पर तुम्हारा शाप···नहीं, नहीं, वरदान मेरे
! तुम्हें संसार अप्सरा कहता है; पर क्या वस्तुतः तुम उसी वर्ग की
भावात्मक जगत् की प्रतिमा के लिए, पार्थिव जगत् के बन्धनों से प्रेम
! तुम अप्सरा नहीं, तुम उस वर्ग की राजमाताओं के रक्त से हो, जो
के समीप हैं। तुम्हारा शाप···मेरे अज्ञातवास का अमृत पाथेय।
मेरे चरित्र का एकमात्र संबल। उर्वशी ! तुम महान् हो।

यता में शय्या से उठकर दीवार पर उर्वशी का रेखाचित्र बनाती है
ड़ी ज्योत्स्ना में उसे निहारने लगती है।]

कितने मीठे !

रे में उत्तरा का प्रवेश। वृहन्नला घबड़ाई हुई घूमकर दीवार पर
को निश्चेष्ट छिपाए खड़ी हो जाती है। उत्तरा के अंग-अंग से लावण्य
चरणों में अलक्तक और नूपुर। मणि-जड़ित कंचुक पट, उन्नत
पीछे कसा है। कंबुकंठ पर मरकत का हार, अधरों पर ताम्बूल राग,
लांजन की रेखा, घुंघराली वेणी पर महीन उत्तरीय।]

ा के समीप जाकर) सखी ! तुम्हारे चरित्र का यह गूढ़ रहस्य !
ी दीवार से हटाती हुई) मुझे भी देखने दो···यह किसका चित्र है ?
) अरे ! स्त्री का इतना सुन्दर चित्र !

काटती हुई) क्यों, क्या बात है, राजकुमारी ? आपको तो कल मेरे
दविलसित' और 'आवर्त' आदि मुद्राओं का अभ्यास न करना है ?
ास तो क्या करूँगी ? मेरा पापी भ्रम। दो-तीन दिनों से संदेह बना
यह संदेह अब तो स्पष्ट हो रहा है—पर दुःख इस बात का है कि
उत्तरा वर्षों तक धोखे में डाली गई। वृहन्नले ! क्या यह तुम्हें उचित

ाकर) क्या है राजकुमारी, मैं कुछ समझ नहीं पा रही हूँ।
साथ यही अभिशाप है। मैं भी तुम्हें नहीं समझ पा रही थी···और
ा इस चित्र को अनन्य प्यार करते देख, समझने की बात तो दूर रही
मेरा मस्तिष्क चकरा रहा है।···सच, मैं आज तक जो कुछ जानती
भूल गई। केवल यही याद आ रहा है कि वृहन्नला, वृहन्नला नहीं।

राजकुमारी को आज क्या हो गया है ? आपको यहाँ नृत्य की कुछ
भ्यास करना है।
ब भुलावे में नहीं पड़ सकती। मैंने आज देखा कि पूर्णिमा की यामिनी

में किस प्रकार समुद्र के साथ प्रणय-सिन्धु में भी ज्वार-भाटा आता है। भीरु ! प्रेम छिपाया नहीं जाता, उसकी विशालता इतनी है कि वह छिप नहीं सकता।

वृहन्नला : कुमारी ! इस निर्जीव रेखा-चित्र को देखकर तुम्हें यह सब कहने का अवसर मिला है कि कुछ अन्य बात है ?

उत्तरा : यही क्या कम ? वर्षों से नृत्यों में पौरुषता का शारीरिक अनुभव···आज आँखों से देखा, वृहन्नला एक युवती की चित्र-प्रतिमा को तन्मयता से प्यार कर रही है। श्रवणों से सुने वृहन्नला के प्यार भरे स्फुट वाक्य—"तुम मेरी रक्षा कर रही हो, कितने मीठे···।"

वृहन्नला : नहीं कुमारी ! मैं इस चित्र का वैसे अभ्यास कर रही थी।

उत्तरा : और एकाकी, उस चित्र को प्यार कर रही थी, कहो न !

वृहन्नला : नहीं, नहीं देवि ! हम स्त्रियों को किसी स्त्री के चित्र से क्या प्रयोजन ?

उत्तरा : यह तो मुझे पूछना चाहिए···हाँ उत्तर दो, फिर तुम ऐसा क्यों कर रही थी ?

वृहन्नला :·····

उत्तरा : वृहन्नले ! चुप क्यों ?···संसार की कोई नारी किसी भी नारी-सौन्दर्य की उपासिका नहीं हो सकती। एक नारी का व्यक्तित्व दूसरी के लिए जेठ की दुपहरी है, शीतल छाया नहीं। नारी नारी-रूप की अपेक्षा नहीं करती, वह सदैव उसकी उपेक्षा करती है।

वृहन्नला : तो क्या राजकुमारी मेरे स्त्रीत्व के सम्बन्ध में संदेह करती हैं ?

उत्तरा : संदेह तो पहले करती थी···अब तो उत्तरा को निश्चित हो गया कि इस अन्तःपुर में कुमारी उत्तरा के साथ इतना गूढ़ रहस्य चल रहा है। वृहन्नले !···मैं आज सत्य कहती हूँ, मैंने इस संदेह पर रात-रात भर तर्क किया है; और समस्त तर्कों का परिणाम यही निकलता था कि मैं प्रातःकाल होते-होते तुमसे मिल जाती थी··· जैसे प्रकृति और माया।

वृहन्नला : (घबड़ाहट से) ऐसा न कहो राजकुमारी ! मुझे शरण दो।

उत्तरा : ऐसा न कहूँ ? अच्छा लो, दूसरी तरह स्पष्ट कह दे रही हूँ कि तुम पुरुष हो। अब से मैं तुम्हें बाह्य जगत् में शरण नहीं दे सकती। तुम्हारी जिस प्रतिमा को वर्षों से हृदय में रख, छिपाती चली आ रही थी—आओ (हाथ बढ़ाकर) अपने स्थूल देवता को अंक में भर लूँ।

वृहन्नला : राजकुमारी ! अपनी शरण में कुछ क्षण और निष्कलंक रहने दो···उपेक्षिता को यह कहकर यहाँ से न निकालो।···यह सब निरर्थक है। मैं पुरुष नहीं; हाँ नृत्यों में जब पुरुष बनकर तुम्हारे साथ नृत्य करती रही, उस समय कला को स्पष्ट करने के नाते, स्वाभाविकता लाने के लिए मैं अपने शरीर को अपेक्षाकृत कड़ा कर लेती थी।

उत्तरा : मेरी सौगन्ध। एक बात पूछूँ ? (वृहन्नला के हाथ को अपने हाथ में लेकर) क्या यह हाथ पुरुष के नहीं ?

वृहन्नला :·····

उत्तरा : हृदय जब हाँ कह देता है, तब बेचारी वाणी मौन हो जाती है। अच्छा, मेरे सर की सौगन्ध, यह चित्र आपने किसका बनाया है ?

बृहन्नला : कुमारी ! मुझे पुरुषवाची शब्दों से संकेत न करो···हाँ मैं बता दे रही हूँ; यह चित्र···स्वर्ग की एक अप्सरा !

उत्तरा : स्वर्ग की अप्सरा !

बृहन्नला : हाँ, उर्वशी का ।

उत्तरा : उफ़ ! वह उर्वशी, जिसने स्वर्ग में अर्जुन को अपौरुषता का शाप दिया था ? कितनी भयानक है वह !···बृहन्नले !···

[बृहन्नला दुश्चिंता में रोती हुई अपने पर्यंक पर मुँह ढँककर लेट जाती है।]

बृहन्नले !! क्या हो गया ? और मैं कुछ नहीं कहूँगी···यह तो पिछले एक वर्ष की बात है; अब तो सम्भवतः अर्जुन अपने गुप्त वास के अन्तिम क्षणों में फिर पौरुषता को प्राप्त करते होंगे···बृहन्नले ! तुम इतनी पंडित, शास्त्री होकर क्या अर्जुन और उर्वशी की कथा नहीं जानती ?

बृहन्नला : (**रुँधे गले से**) सब मालूम है राजकुमारी ! यह प्रसंग हटाइए, मैं···

उत्तरा : (**आश्चर्य से**) तो क्या तुम्हारी अज्ञातवासी···

बृहन्नला : ·····

उत्तरा : कह दो, हाँ, चुप क्यों ?—अब निश्चित हो गया···मूक वाणी कह रही है, देव तुम्हीं हो (**दौड़कर लिपट जाती है**) आह ! मेरे देव ! पर्णकुटी में घर बैठे अपने देव की आरती लूँगी (**भावावेश में**)···गन्धर्वो, स्वर्ग की अप्सराओ ! पुष्प बरसाओ पुष्प ! उत्तरा स्वयंवर रच रही है। उसे मिल गए उसके देवता···आह ! "पलकन पग चूमूँ आज पिया के···।"

बृहन्नला : (**उठकर वेदना से**) कुमारी ! तुम्हें क्या हो गया ? चेतना में आओ, मैं फिर भी तुम्हारा गुरु हूँ।

उत्तरा : आह ! मेरे देवता ! (**अंक में सर रखकर**) मैं अपनी पूर्ण चेतना में हूँ।

[नेपथ्य में तुमुल कोलाहल; दौड़ते हुए मनुष्यों की पुकार—'बचाओ, बचाओ !']

बृहन्नला : (**बढ़ते हुए**) यह क्या राजकुमारी ?

उत्तरा : (**रोककर**) आप यहीं रहिए···मैं अभी आई—मेरी सौगन्ध, आप यहीं मेरे आने की प्रतीक्षा कीजिए।

[उत्तरा का प्रस्थान, कोलाहल धीरे-धीरे क्षीण]

बृहन्नला : (**स्वयं**) बहुत बुरा हुआ—नियति को न जाने क्या स्वीकार है ? कुशल हुआ कि मेरे अज्ञातवास की अवधि बीत चुकी है। (**चित्र के पास जाकर**) उर्वशी ! तूने मेरा कल्याण किया···धर्मनिष्ठ रखा···पवित्र उर्वशी ! तुम्हारा पवित्र शाप !

[दौड़ती हुई उत्तरा का प्रवेश।]

बृहन्नला : (**विस्मय से**) क्या है राजकुमारी ?

उत्तरा : (**बृहन्नला को पकड़कर**) कौरव लोग हम
जा रहे हैं।···अब प्रकट क्यों नहीं हो जाते ?
कुशल सारथी भी हैं, महाबाहु ! इस समय आप
कर राष्ट्र-सम्मान की रक्षा करें।

बृहन्नला : हाँ, मैं सहर्ष इसे स्वीकार करती हूँ···अ

उत्तरा : अब अपने को रहस्य में रखने से क्या लाभ ?

[बृहन्नला का प्रस्थान]

उत्तरा : (**हर्ष में एकाकी**) मेरे देवता ! कौरवों
परिचारिकाओ ! सजाओ आरती···स्वर्णक
अगरु···कस्तूरी और भर दो। अभी-अभी वि
करनी है। सजा दो सम्पूर्ण राजमहल···राज
आनन्द मनाए। आह ! अभी अपने देव के
दिशाओं की भाँति फैल जाओ, और उत्तर पथ,
रथियों···भीष्म, द्रोण, कर्ण, कृप आदि से आत्र
अपने में कस लो।

[नेपथ्य में विजयनाद ! 'अर्जुन की जय',
कुमार उत्तर के साथ अर्जुन, बृहन्नला का प्रवेश

बृहन्नला : (**हाथ उठाकर**) पुत्री ! तुम्हारी आज्ञा

उत्तर : (**हर्ष में**) बहन उत्तरा ! तुम्हें ज्ञात है ?···

उत्तरा : (**संकोच से**) भैया ! मुझे पहले से ज्ञात है
लाओ। (**सखियाँ आरती-जयमाल लाती हैं। अ**

उत्तरा : (**जयमाल लिए हुए**) देव ! स्वीकार हो।

उत्तर : हाँ देव !

बृहन्नला : देवि ! तुम्हें मैंने शिक्षा दी है···तुम मेरी
(उत्तरा पर मानो वज्रपात हुआ, मूर्च्छित हो गिर

उत्तर : ऐसा न करिए देव !

अर्जुन : (**उत्तरा को सँभालते हुए**) बेटी ! घबड़ाओ
कन्यारूप में अपनाता हूँ। अभिमन्यु तुम्हारा उ
(**नेपथ्य में हर्षनाद···जय-जयकार**)

अर्जुन : बेटी उर्वशी के चित्र को आरती लो···।
(**उत्तरा आरती लेती है**)

अर्जुन : उर्वशी ! तुम्हारा शाप मेरे अज्ञातवास का
कुटिल भौं···काँपते हुए ओंठ से निकले हुए शाप
सका। उर्वशी, तुम पवित्र···उर्वशी ! उर्वशी !

[धीरे-धीरे पर्दा गिरता है

हाँ कह देता है, तब बेचारी वाणी मौन हो जाती है। अच्छा, मेरे
ध, यह चित्र आपने किसका बनाया है ?
! मुझे पुरुषवाची शब्दों से संकेत न करो···हाँ मैं बता दे रही हूँ;
वर्ग की एक अप्सरा !
अप्सरा !
शी का।
ह उर्वशी, जिसने स्वर्ग में अर्जुन को अपौरुषता का शाप दिया था ?
नक है वह !···वृहन्नले !···

श्चिता में रोती हुई अपने पर्यंक पर मुँह ढँककर लेट जाती है।]

क्या हो गया ? और मैं कुछ नहीं कहूँगी···यह तो पिछले एक वर्ष
;अब तो सम्भवतः अर्जुन अपने गुप्त वास के अन्तिम क्षणों में फिर
प्राप्त करते होंगे···वृहन्नले ! तुम इतनी पंडित, शास्त्री होकर क्या
उर्वशी की कथा नहीं जानती ?
गले से) सब मालूम है राजकुमारी ! यह प्रसंग हटाइए, मैं···
से) तो क्या तुम्हारी अज्ञातवासी···

हाँ, चुप क्यों ? —अब निश्चित हो गया···मूक वाणी कह रही है, देव
ड़कर लिपट जाती है) आह ! मेरे देव ! पर्णकुटी में घर बैठे अपने
रती लूंगी (भावावेश में)···गन्धर्वो, स्वर्ग की अप्सराओ ! पुष्प
न ! उत्तरा स्वयंवर रच रही है। उसे मिल गए उसके देवता···आह !
चूमूं आज पिया के···।"
र वेदना से) कुमारी ! तुम्हें क्या हो गया ? चेतना में आओ, मैं
रा गुरु हूँ।
रे देवता ! (अंक में सर रखकर) मैं अपनी पूर्ण चेतना में हूँ।

मुल कोलाहल; दौड़ते हुए मनुष्यों की पुकार—'बचाओ, बचाओ !']

हुए) यह क्या राजकुमारी ?
) आप यहीं रहिए···मैं अभी आई—मेरी सौगन्ध, आप यहीं मेरे
क्षा कीजिए।

स्थान, कोलाहल धीरे-धीरे क्षीण]

) बहुत बुरा हुआ—नियति को न जाने क्या स्वीकार है ? कुशल हुआ
वास की अवधि बीत चुकी है। (**चित्र के पास जाकर**) उर्वशी ! तूने
किया···धर्मनिष्ठ रक्खा···पवित्र उर्वशी ! तुम्हारा पवित्र शाप !

उत्तरा का प्रवेश।]

वृहन्नला : (**विस्मय से**) क्या है राजकुमारी ?

उत्तरा : (**वृहन्नला को पकड़कर**) कौरव लोग हमारे राष्ट्र की समस्त गौओं को लिए जा रहे हैं।···अब प्रकट क्यों नहीं हो जाते ? सैरन्ध्री ने बताया है कि आप बहुत कुशल सारथी भी हैं, महाबाहु ! इस समय आप मेरे भाई उत्तर का सारथ्य स्वीकार कर राष्ट्र-सम्मान की रक्षा करें।

वृहन्नला : हाँ, मैं सहर्ष इसे स्वीकार करती हूँ···और यथा शक्ति···।

उत्तरा : अब अपने को रहस्य में रखने से क्या लाभ ? देव ! जाइए···मेरी मंगल-कामना।
[वृहन्नला का प्रस्थान]

उत्तरा : (**हर्ष में एकाकी**) मेरे देवता ! कौरवों को पराजित करके अभी आएँगे··· परिचारिकाओ ! सजाओ आरती···स्वर्णकलश पर सखियो ! धूम्रभाजन में अगरु···कस्तूरी और भर दो। अभी-अभी विजयी देव की पलक सम्पुट से अर्चना करनी है। सजा दो सम्पूर्ण राजमहल···राजाज्ञा दो कि समस्त विराट् नगरी आनन्द मनाए। आह ! अभी अपने देव के गले जयमाल डालूंगी। बाहुओ ! दिशाओं की भाँति फैल जाओ, और उत्तर पथ, हस्तिनापुर की ओर कौरव महा-रथियों···भीष्म, द्रोण, कर्ण, कृप आदि से आक्रमण-प्रत्याक्रमण करते हुए देव को अपने में कस लो।

[नेपथ्य में विजयनाद ! 'अर्जुन की जय', 'पांडुपुत्र की जय' का तुमल स्वर—कुमार उत्तर के साथ अर्जुन, वृहन्नला का प्रवेश]

वृहन्नला : (**हाथ उठाकर**) पुत्री ! तुम्हारी आज्ञा का पालन हुआ !

उत्तर : (**हर्ष में**) बहन उत्तरा ! तुम्हें ज्ञात है ?···ये महाबाहु अर्जुन हैं।

उत्तरा : (**संकोच से**) भैया ! मुझे पहले से ज्ञात है। सखियों···आरती···जयमाल··· लाओ। (**सखियाँ आरती-जयमाल लाती हैं। आरती होती है**)

उत्तरा : (**जयमाल लिए हुए**) देव ! स्वीकार हो।

उत्तर : हाँ देव !

वृहन्नला : देवि ! तुम्हें मैंने शिक्षा दी है···तुम मेरी पुत्री के समान हो।
(उत्तरा पर मानो वज्रपात हुआ, मूर्च्छित हो गिरना चाहती है, अर्जुन सँभालते हैं।)

उत्तर : ऐसा न करिए देव !

अर्जुन : (**उत्तरा को सँभालते हुए**) बेटी ! घबड़ाओ नहीं। तुम पवित्र हो···मैं तुम्हें कन्यारूप में अपनाता हूँ। अभिमन्यु तुम्हारा उचित वर है। पुत्री ! कल्याण !
(**नेपथ्य में हर्षनाद···जय-जयकार**)

अर्जुन : बेटी उर्वशी के चित्र को आरती लो···।
(**उत्तरा आरती लेती है**)

अर्जुन : उर्वशी ! तुम्हारा शाप मेरे अज्ञातवास का अमृत पाथेय।···उर्वशी, तुम्हारी कुटिल भौं···काँपते हुए ओंठ से निकले हुए शाप से···अपने को चरित्रनिष्ठ रख सका। उर्वशी, तुम पवित्र···उर्वशी ! उर्वशी ! !···उ···र्व···शी···

[धीरे-धीरे पर्दा गिरता है।]

महाकाल का मन्दिर

पात्र

पुष्यमित्र	:	मगध का सम्राट्
वसुमित्र	:	युवक
चित्रा	:	नर्त्तकी
ब्रह्मचारी	:	महाकाल के मन्दिर का पुजारी
अन्य	:	प्रादेशिक, अंगरक्षक, महादण्ड नायक, सुरा और ताम्बूल वाहिनी।

काल : ई० पू० 15

स्थान : उज्जयिनी

[महाकाल के विशाल मन्दिर का मंडप। कुछ यु
अलग बैठे हैं। सम्पूर्ण मंडप अपूर्व ढंग से सजाय
पुष्यराज के गजरे झूल रहे हैं। स्वर्ण के दीपाधारों
धूपदानों में कस्तूरी और अगरु से मिली हुई गन्
सामने ऊँची देहली पर अलौकिक शृंगार से भूषित
सामने सहस्र बत्तियों की जलती हुई आरती। सम
मुक्तकेश ब्रह्मचारी; जिसकी आँखों में रजोगुणी
भाग खाली है; और बीच में स्वर्णकलश पर सुरा
छोटे-छोटे सुरा पात्र। सहसा पृष्ठभूमि में मृदं
छिड़ती है और एक नर्त्तकी अपूर्व शृंगार में, एक
प्रवेश करती है, तथा महाकाल की प्रतिमा के सा
हो मूर्ति को अपलक देखने लगती है। फिर भावा
नर्त्तकी आरती करने लगती है। सारा मंडप उ
तरंगित हो उठता है। नर्त्तकी, फिर महाकाल के
तथा बीच में खड़ी होकर, समस्त दर्शकों को देखक
देती है]

ब्रह्मचारी : (**मादक मुस्कान से**) देवी !···महाका
करो !···

[नर्त्तकी उसे देखती हुई चुप खड़ी रहती है]

ब्रह्मचारी : (**मुस्करा के**) ओह ! समझी नहीं,···अच्छा
हुए सुरा कुम्भ को कालेश्वर को भेंट कर दो···।

[नर्त्तकी स्वर्ण कलश से सुरा कुम्भ को उठाकर का

नर्त्तकी : (**ब्रह्मचारी को देखकर**) ठीक है प्रभू ?

ब्रह्मचारी : ठीक है !···पर अब यह प्रसाद हम लोगों
को देखकर) युवक दर्शको ! तुम सब इस प्रसाद

महाकाल का मन्दिर

पात्र

पुष्यमित्र	:	मगध का सम्राट्
वसुमित्र	:	युवक
चित्रा	:	नर्त्तकी
ब्रह्मचारी	:	महाकाल के मन्दिर का पुजारी
अन्य	:	प्रादेशिक, अंगरक्षक, महादण्ड नायक, सुरा और ताम्बूल वाहिनी।

काल : ई० पू० 150

स्थान : उज्जयिनी

[महाकाल के विशाल मन्दिर का मंडप। कुछ युवक दर्शक प्रसन्न मुद्रा में अलग-अलग बैठे हैं। सम्पूर्ण मंडप अपूर्व ढंग से सजाया गया है—विशाल स्तम्भों से पुष्यराज के गजरे झूल रहे हैं। स्वर्ण के दीपाधारों में सुगन्धित तेलों के दीप। सर्वत्र धूपदानों में कस्तूरी और अगरु से मिली हुई गन्ध, मंडप भर में फैल रही है। सामने ऊँची देहली पर अलौकिक शृंगार से भूषित महाकाल की विशाल मूर्ति। उसके सामने सहस्र बत्तियों की जलती हुई आरती। सम्मुख उसे देखता हुआ एक युवक मुक्तकेश ब्रह्मचारी; जिसकी आँखों में रजोगुणी तेज और बल। मंडप का चौकोर भाग खाली है; और बीच में स्वर्णकलश पर सुरा कुम्भ और इसके किनारे-किनारे छोटे-छोटे सुरा पात्र। सहसा पृष्ठभूमि में मृदंग और वीणा की शृंगारिक तान छिड़ती है और एक नर्त्तकी अपूर्व शृंगार में, एक ओर से नृत्य करती हुई मंडप में प्रवेश करती है, तथा महाकाल की प्रतिमा के सामने आकर लास्य मुद्रा में खड़ी हो मूर्ति को अपलक देखने लगती है। फिर भावाभिनय, संगीत और नृत्य के साथ, नर्त्तकी आरती करने लगती है। सारा मंडप उसकी कमनीयता, नृत्य-ताल में तरंगित हो उठता है। नर्त्तकी, फिर महाकाल के समीप पुष्पाञ्जलि बिखेरती है तथा बीच में खड़ी होकर, समस्त दर्शकों को देखकर, ब्रह्मचारी के सामने मुस्करा देती है]

ब्रह्मचारी : (**मादक मुस्कान से**) देवी !···महाकाल की पिपासा की भी तृप्ति करो !···

[नर्तकी उसे देखती हुई चुप खड़ी रहती है]

ब्रह्मचारी : (**मुस्करा के**) ओह ! समझी नहीं,···अच्छा सुनो, इस स्वर्ण कलश पर रक्खे हुए सुरा कुम्भ को कालेश्वर को भेंट कर दो···।

[नर्त्तकी स्वर्ण कलश से सुरा कुम्भ को उठाकर कालेश्वर के सामने रख देती है।]

नर्त्तकी : (**ब्रह्मचारी को देखकर**) ठीक है प्रभू ?

ब्रह्मचारी : ठीक है !···पर अब यह प्रसाद हम लोगों को मिलना चाहिए। (**दर्शकों को देखकर**) युवक दर्शको ! तुम सब इस प्रसाद की अपेक्षा करते हो न ?

[सब युवक दर्शक हाँ-हाँ करते हैं—केवल एक युवक जो अभी तक अपूर्व गंभीरता से बैठा था, खड़ा हो जाता है।]

ब्रह्मचारी : (आश्चर्य से) क्या है युवक ?

युवक : (गंभीरता से) मैं मन्दिर में महाकाल की पूजा देखने आया था, सुरा पीने नहीं।

ब्रह्मचारी (व्यंग्य से हँसकर) नादान !···महाकाल की पूजा ही का तो यह विशेष अंग है ! (प्रश्न से) तुम्हें प्रसाद नहीं चाहिए।

युवक : (बैठता हुआ) जो चाहिए, वह ले लूंगा···और क्षमा !

ब्रह्मचारी : (हँसकर) अच्छा,···नर्त्तकी···इन सुरा रात्रों में और युवकों को···प्रसाद दे दो।

[नर्त्तकी सुरा कुम्भ से पात्रों में मदिरा ढालती हुई युवकों और ब्रह्मचारी को पिलाती है और सब झूम उठते हैं]

ब्रह्मचारी : (मादक वाणी से) अब नृत्य करो, और अपनी कला से सब झूमने वालों को सुला दो !

[नर्त्तकी नृत्य करने लगती है, मंडप फिर अलौकिक संगीत से अभिभूत हो जाता है। सहसा पुष्यमित्र का दो अंग-रक्षकों के साथ धीरे से प्रवेश।]

पुष्यमित्र : (डाँटकर) बन्द करो इस निन्दनीय प्रदर्शन को।
ओह ! देव मन्दिर में यह विलास !

[क्षण भर के लिए सब शान्त होकर पुष्यमित्र को देखने लगते हैं]

पुष्यमित्र : (क्रोध से) देखते क्या हो ?···अंगरक्षको ! बंदी कर लो इन्हें !

ब्रह्मचारी : (तमतमा कर) शान्त !···कौन है···तू ?···पागल !
(चित्रा से) चित्रा तूने क्यों नृत्य बन्द कर दिया ?···मैं इस अपरिचित से अभी निपट लेता हूँ !···तू नृत्य कर !

[ब्रह्मचारी खड़ा हो जाता है; चित्रा के नूपुरों की झंकार ज्यों ही आरम्भ होती है।]

पुष्यमित्र : (कड़ककर) सावधान नर्त्तकी !···स्थिर···वहीं स्थिर रहना।

ब्रह्मचारी : (बढ़कर) क्यों ?···नृत्य बंद कराने वाले तुम कौन ?

पुष्यमित्र : (आश्चर्य से) मैं···?···मुझसे पूछ रहा है,···ओह !···मौर्य्य साम्राज्य के कुमारामात्य के दिए हुए टुकड़ों पर पल कर···कुमारामात्य ही को नहीं पहचान रहा है !

ब्रह्मचारी : (आश्चर्य से) कुमारामात्य !

पुष्यमित्र : हूँ !···मैं मौर्य्य साम्राज्य का कुमारामात्य हूँ।

[सब युवक दर्शक भयभीत एक दूसरे को
केवल एक युवक वसुमित्र जिसने मदिरा ना
है]

ब्रह्मचारी : (आश्चर्य से) मौर्य्य साम्राज्य के
प्रमाण ? मुझे प्रमाण चाहिए !

पुष्यमित्र : (गंभीरता से) प्रमाण ! (चारों
चाहिए ?···यह देखो भुजाओं पर बाजूबन्द
का चिह्न देखो ! (रुककर) अंगरक्षको !
से इसका मस्तक फोड़ दो, (गिरी हुई वा
प्रमाणों को चुभा दो, इसकी रत्नारी आँखें

[अंगरक्षक ब्रह्मचारी की ओर बढ़ते हैं]

ब्रह्मचारी : शान्त !···अंगरक्षको···इधर बढ़न
पुजारी हूँ···यहाँ मेरा शासन है !

पुष्यमित्र : कभी नहीं !···धर्मशासन राज्यशासन
है ! तुझे दंड मिलना चाहिए !

ब्रह्मचारी : दंड देने की बात, राज्यदरबार में हु
है,···मैं यहाँ का स्वच्छन्द पुजारी हूँ।···य
हुई नर्त्तकी को कोई कुमारामात्य नहीं रोक

पुष्यमित्र : मैं रोक सकता हूँ···और मैंने रोक
विलासिता का प्रचार नहीं देख सकता !···
नर्त्तकी को नहीं देख सकता !

[नर्त्तकी सर झुकाकर खड़ी रहती है]

ब्रह्मचारी : अपने अन्तःपुर में देख सकते हो !

पुष्यमित्र : सावधान ! अपनी सीमा में रह कर
चिन्ता करनी है !

ब्रह्मचारी : (व्यंग्य से मुस्कराकर) ओह ! मैं
चिन्ता करो···अपनी···जो राजधानी को
दौड़ते फिरते हो।

पुष्यमित्र : (डाँटकर) शान्त !···तू बहुत बड़ा

ब्रह्मचारी (मस्ती से) वाचाल !···अपनी चेतना
करो !···यह देवमन्दिर है और मैं महाकाले

पुष्यमित्र : अंगरक्षक !

अंगरक्षक : महाराज !···आज्ञा···।

पुष्यमित्र : (उन्हें देखकर) कहाँ है उज्जैनी का प्र

ोंक हाँ-हाँ करते हैं—केवल एक युवक जो अभी तक अपूर्व गंभीरता
ड़ा हो जाता है।]

र्य से) क्या है युवक ?

) मैं मन्दिर में महाकाल की पूजा देखने आया था, सुरा पीने

हँसकर) नादान !···महाकाल की पूजा ही का तो यह विशेष अंग
तुम्हें प्रसाद नहीं चाहिए।

) जो चाहिए, वह ले लूंगा···और क्षमा !

) अच्छा,···नर्त्तकी···इन सुरा पात्रों में और युवकों को···प्रसाद

कुम्भ से पात्रों में मदिरा ढालती हुई युवकों और ब्रह्मचारी को
सब झूम उठते हैं]

वाणी से) अब नृत्य करो, और अपनी कला से सब झूमने वालों को

रने लगती है, मंडप फिर अलौकिक संगीत से अभिभूत हो जाता
मित्र का दो अंग-रक्षकों के साथ धीरे से प्रवेश।]

) बन्द करो इस निन्दनीय प्रदर्शन को !
दर में यह विलास !

ए सब शान्त होकर पुष्यमित्र को देखने लगते हैं]

देखते क्या हो ?···अंगरक्षको ! बंदी कर लो इन्हें !
कर) शान्त !···कौन है···तू ?···पागल !
ा तूने क्यों नृत्य बन्द कर दिया ?···मैं इस अपरिचित से अभी
···तू नृत्य कर !

हो जाता है; चित्रा के नूपुरों की झंकार ज्यों ही आरम्भ होती

सावधान नर्त्तकी !···स्थिर···वहीं स्थिर रहना।
क्यों ?···नृत्य बंद कराने वाले तुम कौन ?
) मैं···?···मुझसे पूछ रहा है,···ओह !···मौर्य्य साम्राज्य के
ए हुए टुकड़ों पर पल कर···कुमारामात्य ही को नहीं पहचान

से) कुमारामात्य !
मौर्य्य साम्राज्य का कुमारामात्य हूँ।

[सब युवक दर्शक भयभीत एक दूसरे को देखते हुए धीरे-धीरे प्रस्थान करते हैं, केवल एक युवक वसुमित्र जिसने मदिरा नहीं पी थी; गंभीरता से बैठा रह जाता है]

ब्रह्मचारी : (**आश्चर्य से**) मौर्य्य साम्राज्य के कुमारामात्य ?···परन्तु कहाँ इसका प्रमाण ? मुझे प्रमाण चाहिए !

पुष्यमित्र : (**गंभीरता से**) प्रमाण ! (**चारों ओर देखकर**) कितना प्रमाण तुझे चाहिए ?···यह देखो भुजाओं पर बाजूबन्द, राजमुकुट के किरीट में यह साम्राज्य का चिह्न देखो ! (**रुककर**) अंगरक्षको !···दिखाओ इसे मेरे खड्ग, स्वर्ण दण्ड से इसका मस्तक फोड़ दो, (**गिरी हुई वाणी से**) प्रमाण माँगने वाला।···सब प्रमाणों को चुभा दो, इसकी रतनारी आँखों में !

[अंगरक्षक ब्रह्मचारी की ओर बढ़ते हैं]

ब्रह्मचारी : शान्त !···अंगरक्षको···इधर बढ़ना नहीं, मैं भी महाकाल के मन्दिर का पुजारी हूँ···यहाँ मेरा शासन है !

पुष्यमित्र : कभी नहीं !···धर्मशासन राज्यशासन के अन्तर्गत है !···और तू अपराधी है ! तुझे दंड मिलना चाहिए !

ब्रह्मचारी : दंड देने की बात, राज्यदरबार में हुआ करती है, यह महाकाल का मन्दिर है,···मैं यहाँ का स्वच्छन्द पुजारी हूँ।···यहाँ महाकाल की स्तुति में नृत्य करती हुई नर्त्तकी को कोई कुमारामात्य नहीं रोक सकता !

पुष्यमित्र : मैं रोक सकता हूँ···और मैंने रोक भी दिया क्योंकि मैं धर्म के नाम पर विलासिता का प्रचार नहीं देख सकता !···मैं महाकाल के सामने इस अप्सरा-सी नर्त्तकी को नहीं देख सकता !

[नर्त्तकी सर झुकाकर खड़ी रहती है]

ब्रह्मचारी : अपने अन्तःपुर में देख सकते हो !

पुष्यमित्र : सावधान ! अपनी सीमा में रह कर बातें करो !···तुझे अपने कल्याण की चिन्ता करनी है !

ब्रह्मचारी : (**व्यंग्य से मुस्कराकर**) ओह ! मैं और कल्याण की चिन्ता !···तुम अपनी चिन्ता करो···अपनी···जो राजधानी को छोड़कर इधर-उधर नर्तकियों के पीछे दौड़ते फिरते हो।

पुष्यमित्र : (**डाँटकर**) शान्त !···तू बहुत बड़ा वाचाल दीख पड़ रहा है !

ब्रह्मचारी (**मस्ती से**) वाचाल !···अपनी चेतना और विवेक का सहारा लेकर बातें करो !···यह देवमन्दिर है और मैं महाकालेश्वर का पुजारी हूँ !

पुष्यमित्र : अंगरक्षक !

अंगरक्षक : महाराज !···आज्ञा···।

पुष्यमित्र : (**उन्हें देखकर**) कहाँ है उज्जैनी का प्रादेशिक ?

अंगरक्षक : प्रादेशिक !

पुष्यमित्र : (बिगड़कर) हाँ, हाँ, प्रादेशिक ! उसे मेरे यहाँ आने की शीघ्र सूचना दो !

अंगरक्षक : (घबड़ाकर) देव !···इधर आने से पूर्व ही मैंने उनका पता लगाया, लेकिन राजसचिव से सूचना मिली कि प्रादेशिक का कहीं पता नहीं !

ब्रह्मचारी : (व्यंग्य से) प्रादेशिक को क्या करोगे ?···वह कर ही क्या सकता है ?

पुष्यमित्र : (पैर पटककर) सावधान !···तू दंडनीय है, इसलिए मैं प्रादेशिक को पूछ रहा हूँ। और अंगरक्षक ! यह नर्त्तकी भी बंदी बनायी जायेगी।

चित्रा : मैं बहुत प्रसन्न हूँ देव !···यदि ऐसी बात हो···तो आज्ञा दीजिए···मैं उज्जैनी के प्रादेशिक को सूचना दे दूँ।

पुष्यमित्र : हाँ, हाँ···शीघ्र बताओ।

चित्रा : उज्जैनी के विश्राम-गृह में राजनर्त्तकी से संगीत सुन रहे हैं।

पुष्यमित्र : (आश्चर्य से) ओह ! मणिकान्ता के साथ ? (ऊँचे स्वर में) अंगरक्षक !

अंगरक्षक : आज्ञा देव !

पुष्यमित्र : शीघ्र जाओ···और उज्जैनी के विश्राम-गृह से प्रादेशिक को यहाँ आने की शीघ्र सूचना दो !

अंगरक्षक : (जाता हुआ) जो आज्ञा !

ब्रह्मचारी : (व्यंग्य से) हूँ···और आप यहाँ महाकाल के मन्दिर में अपने प्रादेशिक को ढूंढ़ रहे थे···शासन के इन रेंगते हुए कीड़ों के पीछे क्यों नहीं घूमते···?

पुष्यमित्र : तुम्हारे कहने का अभिप्राय क्या है ?

ब्रह्मचारी : सुनना चाहते हो; सुनो···महाकालेश्वर के पुजारी और मगध के शासक में कोई संबंध नहीं। तुम्हारा शासन-चक्र, तुम्हारी राजनीति के लिए है; धर्म के लिए नहीं। इन मन्दिरों में तुम्हारे आने की क्या आवश्यकता ?···फिर तो यहाँ महाकालेश्वर की आरती हो रही थी,···नर्त्तकी···।

पुष्यमित्र : (बीच ही में, क्रोध से बढ़कर, सुरा कुंभ और पात्रों को पैर से ठोकर मारता हुआ) यही है तुम्हारी पूजा···यही है तुम्हारी धार्मिकता, नीच !···तू अपनी मदिर आँखों को देख ! वे क्या कह रही हैं ?···तू पुजारी है···या···

ब्रह्मचारी : (कड़ककर) शान्त !···मेरी आँखें कह रही हैं कि तू इसकी ज्वाला से भस्म होना चाहता है···और यदि क्षमता हो तो···इस समय महाकालेश्वर की उन तपती हुई आँखों को देख···! और भस्म हो जा !

पुष्यमित्र : (घूमकर अंगरक्षक से) अंगरक्षक !···मैं इस बाचाल की बातें नहीं सुनना चाहता···मैं इस दंडनीय को फिर देखूंगा···चित्रा को बंदी करके ले चलो !

[अंगरक्षक आगे बढ़ता है]

ब्रह्मचारी : (डाँटता हुआ) सावधान !···चित्रा बंदी नहीं हो सकती !···ओह !··· मौर्य्य शासन में यह बच्चों का खेल !!

पुष्यमित्र : (आश्चर्य से) बच्चों का खेल !···भू
शासन !

ब्रह्मचारी : (उपेक्षा से) ओह ! वह तो एक
बात···!···

पुष्यमित्र : अतीत की बात नहीं, सुन लो—मैं उसी
हूँ···लेकिन···शासकों और धर्म-पाखंडियों से

ब्रह्मचारी : शान्त !···अब तू सीमा का उल्लंघन
पता नहीं।

पुष्यमित्रा : बंदी करो नर्त्तकी को !···मैं इसकी

चित्रा : देव···क्षमा !···उज्जैनी में कोई युद्ध मेरे
चाहती हूँ···थक चुकी देव प्रतिमा के सामने
कैसा नाच नचाता है !

पुष्यमित्र (गंभीरता से) कुशल है !

वसुमित्र : (युवक जो अभी तक मौन बैठा था उठ
चित्रा किसी भाँति भी बंदी नहीं हो सकती !

पुष्यमित्र : (आश्चर्य से) तू कौन ?

वसुमित्र : इसे बताने की कोई आवश्यकता नहीं···
हैं, तो पहले आप अपने प्रादेशिक को क्यों
व्यभिचार के अड्डे···चरित्रहीनता पर वज्र
और बंदी···

चित्रा : युवक ! धन्यवाद···तुम्हारी सहानुभूति···
जाना चाहती हूँ···किसी गहन अंधकार में···

वसुमित्र : ऐसा क्यों···चित्रा !···क्यों···

चित्रा : क्योंकि मैं बसंत के पिक स्वर की रागिनी

वसुमित्र : तो ठीक तो है, इस अमर वरदान को श
प्रकाश से···साम्राज्य के घटाटोप अंधकार को

चित्रा : नहीं, युवक !···पिकस्वर का धर्म है कि प
गहन अंधकार में आँखें मूँद ले !

वसुमित्र : और···यदि कोई उसकी जीवित रागिन
का पिक···स्वर बन जाए तो···?

पुष्यमित्र : (बीच ही में झुंझलाकर) शान्त युवक
···तू भी नर्त्तकी के साथ बंदी होना चाहता है

वसुमित्र : इसका उत्तर देने के लिए फिर···फिर प्र
मैं एक बात पूछना चाहता हूँ···कि क्या आप
सकेंगे ?

पुष्यमित्र : तुझे क्या इसमें भ्रम है युवक ?

हाँ, हाँ, प्रादेशिक ! उसे मेरे यहाँ आने की शीघ्र सूचना

देव !···इधर आने से पूर्व ही मैंने उनका पता लगाया, लेकिन मिली कि प्रादेशिक का कहीं पता नहीं !

देशिक को क्या करोगे ?···वह कर ही क्या सकता है ?

सावधान !···तू दंडनीय है, इसलिए मैं प्रादेशिक को पूछ क ! यह नर्त्तकी भी बंदी बनायी जायेगी ।

देव !···यदि ऐसी बात हो···तो आज्ञा दीजिए···मैं उज्जैनी ा दे दूं ।

बताओ ।

-गृह में राजनर्त्तकी से संगीत सुन रहे हैं ।

ओह ! मणिकान्ता के साथ ? (ऊँचे स्वर में) अंगरक्षक !

और उज्जैनी के विश्राम-गृह से प्रादेशिक को यहाँ आने को

जो आज्ञा !

···और आप यहाँ महाकाल के मन्दिर में अपने प्रादेशिक को इन रेंगते हुए कीड़ों के पीछे क्यों नहीं घूमते···?

अभिप्राय क्या है ?

ी; सुनो···महाकालेश्वर के पुजारी और मगध के शासक तुम्हारा शासन-चक्र, तुम्हारी राजनीति के लिए है; धर्म के रों में तुम्हारे आने की क्या आवश्यकता ?···फिर तो यहाँ ती हो रही थी,···नर्त्तकी···।

ोध से बढ़कर, सुरा कुंभ और पात्रों को पैर से ठोकर तुम्हारी पूजा···यही है तुम्हारी धार्मिकता, नीच !···तू ी देख ! वे क्या कह रही हैं ?···तू पुजारी है···या···

न्त !···मेरी आँखें कह रही हैं कि तू इसकी ज्वाला से ···और यदि क्षमता हो तो···इस समय महाकालेश्वर की को देख···! और भस्म हो जा !

वक से) अंगरक्षक !···मैं इस बाचाल की बातें नहीं सुनना य को फिर देखूंगा···चित्रा को बंदी करके ले चलो !

ा है]

सावधान !···चित्रा बंदी नहीं हो सकती !···ओह !··· च्चों का खेल !!

पुष्यमित्र : (आश्चर्य से) बच्चों का खेल !···भूल गए···सम्राट अशोक का धर्मानुशासन !

ब्रह्मचारी : (उपेक्षा से) ओह ! वह तो एक ऐतिहासिक घटना है,···अतीत की बात···!···

पुष्यमित्र : अतीत की बात नहीं, सुन लो—मैं उसी विजय को शाश्वत रूप देना चाहता हूँ···लेकिन···शासकों और धर्म-पाखंडियों से अवकाश तो मिले !

ब्रह्मचारी : शान्त !···अब तू सीमा का उल्लंघन कर रहा है !···मेरी शक्ति का तुझे पता नहीं ।

पुष्यमित्र : बंदी करो नर्त्तकी को !···मैं इसकी शक्ति देखना चाहता हूँ !

चित्रा : देव···क्षमा !···उज्जैनी में कोई युद्ध मेरे लिए न हो !···मैं स्वयं बंदी होना चाहती हूँ···थक चुकी देव प्रतिमा के सामने नाचते-नाचते !·· देखूं···अब मनुष्य कैसा नाच नचाता है !

पुष्यमित्र (गंभीरता से) कुशल है !

वसुमित्र : (युवक जो अभी तक मौन बैठा था उठकर)···कुशलता के मंगलदायक ! चित्रा किसी भाँति भी बंदी नहीं हो सकती !

पुष्यमित्र : (आश्चर्य से) तू कौन ?

वसुमित्र : इसे बताने की कोई आवश्यकता नहीं···आप मौर्य साम्राज्य के कुमारामात्य हैं, तो पहले आप अपने प्रादेशिक को क्यों नहीं बंदी बनाते ?···राजधानी में व्यभिचार के अड्डे···चरित्रहीनता पर वज्र क्यों नहीं गिराते ?···हूँ···चित्रा और बंदी···

चित्रा : युवक ! धन्यवाद···तुम्हारी सहानुभूति···किन्तु मैं स्वयं इस दृश्य से लुप्त हो जाना चाहती हूँ···किसी गहन अंधकार में···या किसी सिन्धु के तरल गर्भ में ?

वसुमित्र : ऐसा क्यों···चित्रा !···क्यों···

चित्रा : क्योंकि मैं बसंत के पिक स्वर की रागिनी जो हूँ ?

वसुमित्र : तो ठीक तो है, इस अमर वरदान को शाश्वत रखो···और···अपनी कला के प्रकाश से···साम्राज्य के घटाटोप अंधकार को चीर दो !

चित्रा : नहीं, युवक !···पिकस्वर का धर्म है कि पतझड़ देखने के पहले वह स्वयं किसी गहन अंधकार में आँखें मूंद ले !

वसुमित्र : और···यदि कोई उसकी जीवित रागिनी में सदा जीवन भरने के लिए बसंत का पिक···स्वर बन जाए तो···?

पुष्यमित्र : (बीच ही में झुंझलाकर) शान्त युवक···तू क्या अनर्गल बातें बकने लगा ? ···तू भी नर्त्तकी के साथ बंदी होना चाहता है क्या ?

वसुमित्र : इसका उत्तर देने के लिए फिर···फिर प्रयत्न करूँगा···लेकिन···आर्य !··· मैं एक बात पूछना चाहता हूँ···कि क्या आप अशोक के धर्म विजय पर चल सकेंगे ?

पुष्यमित्र : तुझे क्या इसमें भ्रम है युवक ?

वसुमित्र : भ्रम क्या···विश्वास है; ···आपका व्यक्तित्व, आपका कार्य इसको स्पष्ट कर रहा है; ···क्योंकि धर्मशासक का कार्य राजबंदी बनाना नहीं; धार्मिक कृत्यों पर बाधा डालना नहीं, वह वाह्याक्रमणों को रोकता है; व्यभिचारी शासकों को दंड देता है; धर्म-पाखंडियों को बंदी बनाता है; एक अबला नर्त्तकी को नहीं···!

पुष्यमित्र : चुप रह, युवक ! ···मैं तेरी मंत्रणा नहीं चाहता ! ···

वसुमित्र : यह मंत्रणा नहीं, चेतावनी है चेतावनी। मंत्रणा तो आपको नर्त्तकियों से आकीर्ण प्रादेशिक वर्ग देगा !

पुष्यमित्र : ओह ! तुम भी इतने विवाधर हो ! ··· (**रुककर, ब्रह्मचारी से**) ब्रह्मचारी ! ···इस युवक सहित यहाँ से चले जाओ···यह मेरी आज्ञा है !

ब्रह्मचारी : ऐसा क्यों ?

पुष्यमित्र : मुझे नर्त्तकी को बंदी बनाने के पूर्व कुछ गुप्त बातें करनी है···तब तक प्रादेशिक भी आ जाएगा !

ब्रह्मचारी : (**आश्चर्य से सर थाम कर**) नर्त्तकी से यहाँ गुप्त बातें ! ···विनाश ! ··· महाविनाश ! ! ···महाकाल की स्तुति में नृत्य करती हुई नर्त्तकी को छीनकर यहीं उससे गुप्त बातें ! ···महाविनाश ! ! ···महाकालेश्वर से क्षमा माँगो···तेरी रक्षा करें···विनाश···महाविनाश ! !

[सहसा अंगरक्षक का प्रवेश]

अंगरक्षक : कुमारामात्य की जय हो ! ···उज्जैनी के प्रादेशिक आ गए हैं !

पुष्यमित्र : शीघ्र उपस्थित करो !

[अंगरक्षक के साथ प्रादेशिक का प्रवेश]

प्रादेशिक : (**अभिवादन के साथ**) कुमारामात्य की जय ! ···आज्ञा सम्राट ! !

पुष्यमित्र : (**चिढ़ कर**) आज्ञा सम्राट ! बहुत बड़े आज्ञाकारी ! ! पी चुके राज-नर्त्तकी के साथ मदिरा ! थक गए संगीत सुनते-सुनते ! !

प्रादेशिक : आर्य ! मैं अपना दोष नहीं समझ सका !

पुष्यमित्र : क्यों समझोगे ? मस्तिष्क में तो अभी संगीत की लहरियाँ तैर रही होंगी !

प्रादेशिक : आर्य्य क्षमा !

पुष्यमित्र : ब्रह्मचारी ! तू भी क्षमा माँग ! तूने आज अपराध किया है; मैं इस व्यवहार से घृणा करता हूँ !

ब्रह्मचारी : (**क्रोध से**) और मैं तुझसे घृणा करता हूँ !

पुष्यमित्र : (**कड़क कर**) प्रादेशिक ! अंगरक्षको ! ···बन्दी करो इसे।

[सब उसे पकड़ने आगे बढ़ते हैं]

ब्रह्मचारी : (**क्रोध से**) सावधान ! वहीं रहना, मुझे जिसने स्पर्श किया वह भस्म हो जाएगा··· (**महाकाल के समीप जाकर**) महाकालेश्वर मुझे बल दें··· (**घूमकर**) मैं दिखा दूँगा इस अपमान का उत्तर, दिखा दूँगा अपनी शक्ति···।

[आवेश में क्रोधित ब्रह्मचारी का प्रस्थान]

पुष्यमित्र : (**घबड़ाकर सबको देखता हुआ**) जाने
शत्रु होकर क्या कर सकता है ?

प्रादेशिक : कुछ नहीं···आर्य ! ···वह साम्राज्य का क्या

पुष्यमित्र : प्रादेशिक ! ···मैं थोड़ी देर के लिए मंडप को
···मुझे नर्त्तकी से कुछ···।

चित्रा : कुछ नहीं आर्य। ···आप अपने विवेक में
कीजिए···

पुष्यमित्र : कैसी चिन्ता ? ···तुम्हारा साम्राज्य और चि

चित्रा : मैं···अब आपसे क्या बताऊँ···मैं कुछ नहीं सोच

पुष्यमित्र : लेकिन नर्त्तकी···तू अपराधिनी है···बंदी
पहले···कुछ आवश्यक कार्य हैं।

वसुमित्र : (**व्यंग्य से**) आवश्यक कार्य है। ···लेकिन वह

पुष्यमित्र : (**क्रोध से**) क्यों नहीं, इस पागल को भी बंदी

[जैसे ही अंगरक्षक आगे बढ़ते हैं, सहसा एक दौड़ते

राजपुरुष : (**अभिवादन से**) कुमार की जय हो।

पुष्यमित्र : (**घबड़ाकर**) क्या है, राजपुरुष। राजधानी

राजपुरुष : उससे भी भयानक देव। ···यवन शोण पार

पुष्यमित्र : बस इतनी ही बात !

राजपुरुष : नहीं और भी; अभी गृहमंत्री से सूचना मि
खारवेल से मिलकर मगध का विद्रोही बन गया है।

पुष्यमित्र : (**डर से**) ओह ! छोड़ो इन झंझटों को अ
सुरक्षित है। (**बढ़कर घूमते हुए**) हाँ···यह नर्त्तकी
स्थगित रहेगी। ···तुम लोग यहीं रहना···।

[पुष्यमित्र का प्रादेशिक और अंगरक्षक सहित प्रस्थ

चित्रा : (**गंभीरता से**) किन्तु क्या यही शासन है ? यहीं
का अपूर्व अपमान करता हुआ ब्रह्मचारी···प्रतिशोध
गया···और इधर निर्बल शासक कठिनाइयों के
राजधानी में ही रहना सुरक्षित है ! ···विषाक्त
प्रतिमा के सामने नतशिर होकर) शक्तिनाथ ! महा
का कल्याण !

वसुमित्र : (**पास आकर**)···चित्रा ! ···चित्रा ! ! ···तू अ

चित्रा : (**उठकर वसु को देखती हुई**) वसु ! ···वसु ! ! क
(**पीड़ा से**)···आह···बुरा हुआ !

श्वास है; ···आपका व्यक्तित्व, आपका कार्य इसको स्पष्ट कर
धर्मशासक का कार्य राजबंदी बनाना नहीं; धार्मिक कृत्यों पर
ह वाह्याक्रमणों को रोकता है; व्यभिचारी शासकों को दंड देता
ी बंदी बनाता है; एक अबला नर्त्तकी को नहीं···!
! ···मैं तेरी मंत्रणा नहीं चाहता ! ···
ं, चेतावनी है चेतावनी। मंत्रणा तो आपको नर्त्तकियों से
देगा !
इतने विवाधर हो ! ···(रुककर, **ब्रह्मचारी से**) ब्रह्मचारी !
यहाँ से चले जाओ···यह मेरी आज्ञा है !

ी बंदी बनाने के पूर्व कुछ गुप्त बातें करनी है···तब तक
गा !
र थाम कर) नर्त्तकी से यहाँ गुप्त बातें ! ···विनाश ! ···
ाकाल की स्तुति में नृत्य करती हुई नर्त्तकी को छीनकर यहीं
महाविनाश !! ···महाकालेश्वर से क्षमा माँगो···तेरी रक्षा
विनाश !!
प्रवेश]

ी जय हो ! ···उज्जैनी के प्रादेशिक आ गए हैं !
करो !
ादेशिक का प्रवेश]

साथ) कुमारामात्य की जय ! ···आज्ञा सम्राट !!
ना सम्राट ! बहुत बड़े आज्ञाकारी !! पी चुके राज-नर्त्तकी
गए संगीत सुनते-सुनते !!
ा दोष नहीं समझ सका !
मस्तिष्क में तो अभी संगीत की लहरियाँ तैर रही होंगी !

ी क्षमा माँग ! तूने आज अपराध किया है; मैं इस व्यवहार

मैं तुझसे घृणा करता हूँ !
देशिक ! अंगरक्षको ! ···बन्दी करो इसे।
बढ़ते हैं]
धान ! वहीं रहना, मुझे जिसने स्पर्श किया वह भस्म हो
के समीप जाकर) महाकालेश्वर मुझे बल दें··· (**घूमकर**) मैं
का उत्तर, दिखा दूंगा अपनी शक्ति···।

[आवेश में क्रोधित ब्रह्मचारी का प्रस्थान]

पुष्यमित्र : (**घबड़ाकर सबको देखता हुआ**) जाने दो ! ···देख लूंगा ब्रह्मचारी मेरा शत्रु होकर क्या कर सकता है ?

प्रादेशिक : कुछ नहीं···आर्य ! ···वह साम्राज्य का क्या बना-बिगाड़ सकता है ?

पुष्यमित्र : प्रादेशिक ! ···मैं थोड़ी देर के लिए मंडप को सूना चाहता हूँ···शीघ्रता करो ···मुझे नर्त्तकी से कुछ···।

चित्रा : कुछ नहीं आर्य।···आप अपने विवेक में आइए···साम्राज्य की चिन्ता कीजिए···

पुष्यमित्र : कैसी चिन्ता ? ···तुम्हारा साम्राज्य और चिन्ता से प्रयोजन ? ···बोलो···।

चित्रा : मैं···अब आपसे क्या बताऊँ···मैं कुछ नहीं सोचना चाहती···।

पुष्यमित्र : लेकिन नर्त्तकी···तू अपराधिनी है···बंदी है···और तुझे बन्दी बनाने से पहले···कुछ आवश्यक कार्य हैं।

वसुमित्र : (**व्यंग्य से**) आवश्यक कार्य है।···लेकिन वह नहीं हो पाएगा···।

पुष्यमित्र : (**क्रोध से**) क्यों नहीं, इस पागल को भी बंदी करो।

[जैसे ही अंगरक्षक आगे बढ़ते हैं, सहसा एक दौड़ते हुए राजपुरुष का प्रवेश]

राजपुरुष : (**अभिवादन से**) कुमार की जय हो।

पुष्यमित्र : (**घबड़ाकर**) क्या है, राजपुरुष। राजधानी में कोई षड्यंत्र तो नहीं ?

राजपुरुष : उससे भी भयानक देव।···यवन शोण पार कर चुके !

पुष्यमित्र : बस इतनी ही बात !

राजपुरुष : नहीं और भी; अभी गृहमंत्री से सूचना मिली है कि आन्ध्र का प्रादेशिक खारवेल से मिलकर मगध का विद्रोही बन गया है।

पुष्यमित्र : (**डर से**) ओह ! छोड़ो इन झंझटों को अब तो राजधानी में ही रहना सुरक्षित है। (**बढ़कर घूमते हुए**) हाँ···यह नर्त्तकी और युवक की मंत्रणा अभी स्थगित रहेगी।···तुम लोग यहीं रहना···।

[पुष्यमित्र का प्रादेशिक और अंगरक्षक सहित प्रस्थान]

चित्रा : (**गंभीरता से**) किन्तु क्या यही शासन है ? यही राजाज्ञा है !···शासन-सत्ता का अपूर्व अपमान करता हुआ ब्रह्मचारी···प्रतिशोध की आग में जलता हुआ चला गया···और इधर निर्बल शासक कठिनाइयों के सामने कह रहा है—"अब तो राजधानी में ही रहना सुरक्षित है !···विपाक्त राजधानी में···(**महाकाल की प्रतिमा के सामने नतशिर होकर**) शक्तिनाथ ! महाकालेश्वर !! मौर्य्य साम्राज्य का कल्याण !

वसुमित्र : (**पास आकर**)···चित्रा !···चित्रा !!···तू अब तक इतनी भोली है ?

चित्रा : (**उठकर वसु को देखती हुई**) वसु !···वसु !! क्या तूने मुझे पहचान लिया ? (**पीड़ा से**)···आह···बुरा हुआ !

वसुमित्र : चाहे जो हुआ, मैंने तुझे पहचान लिया···अकस्मात् आज इस मन्दिर में मेरा आना हुआ···मैं तो अपने रास्ते से राजगिरि जा रहा था···परन्तु वाह री···मंगल नियति !

चित्रा : (घबड़ाकर) वसु !···क्या तूने सचमुच मुझे पहचान लिया ?

वसुमित्र : हाँ···एक दृष्टि में पहचान लिया···और क्यों न पहचानता···जिस चित्रा से मुझे अणु-अणु का परिचय है !···ये मंगलमयी भौंहें !···चमकते हुए ललाट पर ···सिन्धु के किनारे की गई बालक्रीड़ा का अमिट चिह्न !···इन आँखों के नीले आकाश में मेरे भाग्य के डूबे हुए नक्षत्र···

चित्रा : (बीच ही में) आह वसु !···चुप रहो···(परेशान हो) कह दो वसु !···मैं तुझे पहचान रहा हूँ···कह दो···वसु !···पवित्र रहने दो वह स्वर्णिम अतीत···।

वसुमित्र : (सँभालता हुआ) घबड़ाओ नहीं चित्रे···

[चित्रा वसु को देखती हुई बैठ जाती है।]

चित्रा : (गंभीरता से) तुझे भी याद होगा वसु !···वह क्षिप्रा का सूना तट !··· गोधूली की बेला···जहाँ मैं माँ-बाप दोनों की दाहक्रिया एक साथ करके, अकेली बैठी थी···आत्महत्या की बात सोच रही थी और वहाँ कोई नहीं था वसु !···तुम्हीं ने, न जाने कहाँ से आकर चुपके से मेरे कान में कहा था—"चित्रा घबड़ाओ नहीं, मैं तुम्हारे साथ हूँ !" कितने भोले और पवित्र थे तुम्हारे वे शब्द !

वसुमित्र : (उत्सुकता से) हाँ, इसके बाद चित्रे !···बताओ···क्या हुआ ?

चित्रा : इसके बाद न पूछो वसु !···वसु !···इस महाकाल के मन्दिर में तूने मुझे एक नर्त्तकी के रूप में देखा···बस समझ लो वसु !···।

वसुमित्र : और···।

चित्रा : (पीड़ा से) और क्या···इसके आगे संभवतः बंदी होकर निर्बल मनुष्य के सामने नाचना पड़े···नाच चुकी महाकाल के सामने !

वसुमित्र : तो चित्रे, क्या मुझे तुम फिर त्याग दोगी ?

चित्रा : नहीं, वसु ऐसा न कहो···जिस नियति ने ठोकर देते-देते हम लोगों को अनजाने, अकस्मात् एक बार यहाँ मिलाया है···उस नियति को शत-शत प्रणाम !!और अब उसी नियति से प्रार्थना है कि मेरे जीवन के अन्तिम क्षणों में; सदा के लिए पलक-सम्पुट बन्द करते समय, तुम्हारी यह छवि-सुधा इन पिपासित नयनों में घुल जाए !

वसुमित्र : (घबड़ा कर) अपनी मृत्यु की बात मत सोचो, चित्रे !···कुछ अन्य बात सोचो !

चित्रा : अब अधिक न सोचने दो !देख रहे हो न, मौर्य्य साम्राज्य के पतन के दिन। सुन ली न यहीं, शासक और अधीन की बातें !

वसुमित्र : तो हमें इसकी क्यों चिन्ता ?···हम लोगों का जीवन तो स्वर्ण प्रभात में दो तिनकों पर पड़ी हुई ओस की बूँदों के समान है···। बस···।

चित्रा : वीर वसु !···मगध हम लोगों की मातृ
पर दो तिनकों पर पड़ी हुई ओस की बूँदों का
हम लोगों का सौभाग्य ही क्या हो सकता है ?

वसुमित्र : चित्रा, छोड़ो भी इन बातों को···चित्रा
और अगर नहीं बचा सका तो···मैं भी तुम्हारे

चित्रा : (मुस्कुराहट से) आर्य वसु !···मैं तुम्हारे
हूँ···कितने भावुक हो तुम···नन्हे शिशु की तर

[सहसा पृष्ठभूमि में कुछ गिर पड़ने की आ
क्रोधित स्वर स्पष्ट सुनाई देता है।]

चित्रा : (घबड़ाकर) वसु !···

वसुमित्र : (पास आकर) क्या है चित्रा ?···

चित्रा : (क्षीण स्वर से) सुन रहे हो न,···ब्रह्मचारी

वसुमित्र : तो···इससे क्या ?

चित्रा : तुम समझते नहीं···वसु···ब्रह्मचारी कितन
कुमारामात्य से क्रोधित होकर गया है···यह म
शत्रु !···मुझे लग रहा है···यह मौर्य साम्रा
विश्वासघात···करेगा ! आज उसकी मनोदशा

वसुमित्र : (आश्चर्य से) सचमुच !···यह क्या कह र

चित्रा : वही कह रही हूँ···जो मेरा विश्वास है···
ब्रह्मचारी शत्रुओं से न मिल जाए···और···और

वसुमित्र : (घबड़ाकर) और क्या बताओ···?

चित्रा : और उसके हाथ में एक बहुत बड़ा सूत्र है···
दे !···बसु !···

वसुमित्र : (सम्हालता हुआ) क्या है···चित्रे ? क्यों इ

चित्रा : निर्बलता ही की बात है···वसु !···सुनो···
करो···पहले···रुककर इधर-उधर देख तो लो;
रहा है ?

[वसुमित्र इधर-उधर देखता है।]

वसु : कोई नहीं है चित्रा !···क्या बात है ?

चित्रा : (स्फुट स्वर में)···सुनो···पास आ जाओ !
अन्तिम कक्ष में, शक्ति की विशाल प्रतिमा है, उस
है; जिस पर अष्ट धातु की, बीचोबीच एक आकृ
राजधानी का सुरंग खुल जाता है···!

वसुमित्र : (बीच ही में) अरे ! तुम्हें यह कैसे ज्ञात ?

आ, मैंने तुझे पहचान लिया···अकस्मात् आज इस मन्दिर में मेरा
तो अपने रास्ते से राजगिरि जा रहा था···परन्तु वाह री···मंगल

वसु !···क्या तूने सचमुच मुझे पहचान लिया ?
दृष्टि में पहचान लिया···और क्यों न पहचानता···जिस चित्रा से
ा परिचय है !···ये मंगलमयी भौंहें !···चमकते हुए ललाट पर
ारे की गई बालक्रीड़ा का अमिट चिह्न !···इन आँखों के नीले
ाग्य के डूबे हुए नक्षत्र···
) आह वसु !···चुप रहो···(**परेशान हो**) कह दो वसु !···मैं
ा हूँ···कह दो···वसु !···पवित्र रहने दो वह स्वर्णिम अतीत···।
ा हुआ) घबड़ाओ नहीं चित्रे···

देखती हुई बैठ जाती है।]

) तुझे भी याद होगा वसु !···वह क्षिप्रा का सूना तट !···
···जहाँ मैं माँ-बाप दोनों की दाहक्रिया एक साथ करके, अकेली
हत्या की बात सोच रही थी और वहाँ कोई नहीं था वसु !···तुम्हीं
से आकर चुपके से मेरे कान में कहा था—"चित्रा घबड़ाओ नहीं,
हूँ !" कितने भोले और पवित्र थे तुम्हारे वे शब्द !
से) हाँ, इसके बाद चित्रे !···बताओ···क्या हुआ ?
पूछो वसु !···वसु !···इस महाकाल के मन्दिर में तूने मुझे एक
देखा···बस समझ लो वसु !···।

ौर क्या···इसके आगे संभवतः बंदी होकर निर्बल मनुष्य के सामने
च चुकी महाकाल के सामने !
ा मुझे तुम फिर त्याग दोगी ?
ा न कहो···जिस नियति ने ठोकर देते-देते हम लोगों को अनजाने,
र यहाँ मिलाया है···उस नियति को शत-शत प्रणाम !!और अब
ार्थना है कि मेरे जीवन के अन्तिम क्षणों में; सदा के लिए पलक-
समय, तुम्हारी यह छवि-सुधा इन पिपासित नयनों में घुल जाए !
:) अपनी मृत्यु की बात मत सोचो, चित्रे !···कुछ अन्य बात

सोचने दो !देख रहे हो न, मौर्य्य साम्राज्य के पतन के दिन। सुन
क और अधीन की बातें !
की क्यों चिन्ता ?···हम लोगों का जीवन तो स्वर्ण प्रभात में दो
ुई ओस की बूंदों के समान है···। बस···।

चित्रा : वीर वसु !···मगध हम लोगों की मातृभूमि है···और मातृभूमि के बलि-पथ पर दो तिनकों पर पड़ी हुई ओस की बूंदों का उत्सर्ग कम नहीं···और इससे बढ़कर हम लोगों का सौभाग्य ही क्या हो सकता है ?

वसुमित्र : चित्रा, छोड़ो भी इन बातों को···चित्रा ! मैं तुझे बंदी होने से बचाऊँगा··· और अगर नहीं बचा सका तो···मैं भी तुम्हारे साथ बंदी हो जाऊँगा !

चित्रा : (**मुस्कुराहट से**) आर्य वसु !···मैं तुम्हारे इसी भोलेपन से पराजित हो जाती हूँ···कितने भावुक हो तुम···नन्हे शिशु की तरह···।

[सहसा पृष्ठभूमि में कुछ गिर पड़ने की आवाज होती है और ब्रह्मचारी का क्रोधित स्वर स्पष्ट सुनाई देता है।]

चित्रा : (**घबड़ाकर**) वसु !···

वसुमित्र : (**पास आकर**) क्या है चित्रा ?···

चित्रा : (**क्षीण स्वर से**) सुन रहे हो न,···ब्रह्मचारी के भयानक अट्टहास !

वसुमित्र : तो···इससे क्या ?

चित्रा : तुम समझते नहीं···वसु···ब्रह्मचारी कितना बड़ा शक्तिशाली है !···और वह कुमारामात्य से क्रोधित होकर गया है···यह मातृभूमि का अनन्य द्रोही है, घातक शत्रु !···मुझे लग रहा है···यह मौर्य साम्राज्य क्या, राष्ट्र के विरुद्ध कोई विश्वासघात···करेगा ! आज उसकी मनोदशा ठीक नहीं···।

वसुमित्र : (**आश्चर्य से**) सचमुच !···यह क्या कह रही हो चित्रा ?

चित्रा : वही कह रही हूँ···जो मेरा विश्वास है···मुझे लगता है कि कहीं क्रोधित ब्रह्मचारी शत्रुओं से न मिल जाए···और···और···!

वसुमित्र : (**घबड़ाकर**) और क्या बताओ···?

चित्रा : और उसके हाथ में एक बहुत बड़ा सूत्र है···वह कहीं इसे ही शत्रुओं को न दे दे !···वसु !···

वसुमित्र : (**सम्हालता हुआ**) क्या है···चित्रे ? क्यों इतनी निर्बल हो रही है ?

चित्रा : निर्बलता ही की बात है···वसु !···सुनो···मेरे पास आ जाओ···बहुत जल्दी करो···पहले···रुककर इधर-उधर देख तो लो; कोई कहीं छिपकर तो नहीं सुन रहा है ?

[वसुमित्र इधर-उधर देखता है।]

वसु : कोई नहीं है चित्रा !···क्या बात है ?

चित्रा : (**स्फुट स्वर में**)···सुनो···पास आ जाओ !···इस मंडप की सीध में···पीछे अन्तिम कक्ष में, शक्ति की विशाल प्रतिमा है, उसके पीछे एक चौकोर काला पत्थर है; जिस पर अष्ट धातु की, बीचोबीच एक आकृति है···उसे दबा देने से दाईं ओर राजधानी का सुरंग खुल जाता है···!

वसुमित्र : (**बीच ही में**) अरे ! तुम्हें यह कैसे ज्ञात ?

चित्रा : चुप रहो···फिर बताऊँगी···मुझे इस क्षण विश्वास हो रहा है कि कुमारामात्य से क्रोधित ब्रह्मचारी सम्राट के विरुद्ध विश्वासघात करेगा,···वीर वसु !···तुम शीघ्र उस सुरंग-द्वार की रक्षा करो !

[वसु जाने लगता है।]

चित्रा : (**रोककर**) रुको···निरस्त्र कार्य नहीं चल सकेगा; (**महाकाल के पीछे से कृपाण देती हुई**)···लो···अब जाओ···वीर वसु !···जाओ तुम्हारी पवित्र विजय के लिए, तब तक मैं महाकाल से प्रार्थना कर रही हूँ !

वसुमित्र : (**जाते हुए**) घबड़ाओ नहीं चित्रा ! मैं अभी विश्वासघाती ब्रह्मचारी का काम तमाम करके लौटता हूँ !

चित्रा : (**भावुकता से**) वीर वसु !···तुम कितने अच्छे ! जाओ, तुम्हारा पथ प्रशस्त हो,···मंगलमय···!

[वसु का प्रस्थान—चित्रा महाकाल के सामने नतशिर]

चित्रा : रक्षा करना···महाप्रभु !···मौर्य्य साम्राज्य···की रक्षा···मेरे वीर वसु की रक्षा !···क्यों नहीं तीसरा नेत्र खोलकर···राष्ट्र के कीड़ों को जला देते प्रभु !

[सहसा पुष्यमित्र का ताम्बूलवाहिनी और सुरावाहिनी के साथ प्रवेश]

पुष्यमित्र : (**आश्चर्य से**) ओह !·· महासुन्दरी···एक पत्थर की प्रतिमा की पूजा कर रही है !···मुझसे माँग लो···जो तुम्हें कुछ भी माँगना हो; महासुन्दरी को अब किसी प्रतिमा से प्रार्थना नहीं करनी है।

[चित्रा घूमकर आश्चर्य के साथ इन्हें देखती है।]

चित्रा : (**आश्चर्य से**) ओह !···क्या मैं मौर्य साम्राज्य के कुमारामात्य को देख रही हूँ ?

पुष्यमित्र : हाँ, महासुन्दरी !···आओ, मैं तुम्हें अपनी आँखों में बिठा लूँ।

चित्रा : (**क्रोध से**) शांत ! सम्राट अशोक के धर्मानुशासन पर चलने का स्वप्न देखने वाला !···अपनी आँखों में विष डाल ले !···विष !

पुष्यमित्र : (**मुस्कराकर**)···ताम्बूलवाहिनी ! पूछना···तो; महासुन्दरी की इन भौंहों पर बल क्यों ?···बसंत में ग्रीष्म कहाँ से ?

चित्रा : क्योंकि साम्राज्य की जड़ में आग लग गई है ! और कुमारामात्य···की मृत्यु हो गई है !

पुष्यमित्र : नहीं;···ऐसा न कहो···महासुन्दरी !···मुझे ··मुझे···।

चित्रा : ओह !···महाकालेश्वर,···तू इन कीड़ों को भस्म क्यों नहीं कर देता !यही है तेरी धर्मविजय !

पुष्यमित्र : (**पागल-सा**) सुरावाहिनी !···महासुन्दरी को समझा दे···धर्म-विजय एक ढोंग है ! मैं तुमसे विजित हूँ नर्त्तकी !···तुम्हारा नृत्य देखकर मैं लुट चुका हूँ !

चित्रा : (**दुःख से**) ओह ! तू मौर्य्य सम्राट है !···स्वर्गीय
दे ! उस पवित्र पद की लाज पर तू मर जा !···अब

पुष्यमित्र : सँभलना क्या है सुन्दरी ?

चित्रा : सँभलना क्या है ?···ओह! अन्धा,···मौर्य्य साम्राज
जा रहा है, दो ओर से राजधानी की ओर बढ़ते
राजधानी विश्वासघातियों से पूर्ण···और तू !···

पुष्यमित्र : मैं कुछ नहीं समझ पा रहा हूँ···सुन्दरी,···(**रुक**
चषक देना !···

[सुरावाहिनी जैसे ही चषक भरकर देने लगती है···
से मार देती है।]

चित्रा : यह है···तेरा चषक !

पुष्यमित्र : (**बल से**) नर्तकी ! सावधान ! तू इस समय
के सामने खड़ी है !

चित्रा : (**पीड़ा से**) आह ! मैं कुमारामात्य से बातें करती
पवित्र आवरण में चरित्रहीन चोर आया है !

पुष्यमित्र : इतना रूठकर बातें करोगी ?···तुम्हीं सोचो, इ
कर सकता हूँ ?

चित्रा : (**क्रोध से**) बता दूँ !···क्या कर सकते हो ? राष्ट्र
यहीं महाकाल को अपनी बलि दे दे !···समझा !

पुष्यमित्र : (**डरकर**)···यही कहोगी ?···यह कैसे ? (**चित्र
के पीछे से खड्ग निकालकर**)

चित्रा : (**ललकारती हुई**) यहीं नतशिर हो जा !···मैं
कालेश्वर स्वयं राष्ट्र-रक्षा करेंगे।

पुष्यमित्र : (**क्रोध से**)···तो···वाचाल! तुझे ही पहले मरन
को भेजता हूँ।

[आवेश में सबके साथ बाहर निकल जाता है।]

चित्रा : (**महाकाल के सामने खड्ग रखकर···**)शक्तिनाथ
में प्रलय करने वाले मौर्य्य साम्राज्य की रक्षा कीजिए
में कोई चीखकर कराह भरता है।)

चित्रा : (**घबड़ाकर**) अरे !···यह कौन आह भर रहा है
शक्तिनाथ ! उसका कार्य पूरा हो···विजयी होकर लौ

[सहसा पीछे घायल वसुमित्र लड़खड़ाता हुआ गिर
सँभालती है।]

कर बताऊँगी···मुझे इस क्षण विश्वास हो रहा है कि कुमारामात्य
वारी सम्राट के विरुद्ध विश्वासघात करेगा,···वीर वसु !···तुम
द्वार की रक्षा करो !

है।]

को···निरस्त्र कार्य नहीं चल सकेगा; (**महाकाल के पीछे से कृपाण**
···अब जाओ···वीर वसु !···जाओ तुम्हारी पवित्र विजय के
महाकाल से प्रार्थना कर रही हूँ !
घबड़ाओ नहीं चित्रा ! मैं अभी विश्वासघाती ब्रह्मचारी का
लौटता हूँ !
) वीर वसु !···तुम कितने अच्छे ! जाओ, तुम्हारा पथ प्रशस्त
··!

—चित्रा महाकाल के सामने नतशिर]

महाप्रभु !···मौर्य्य साम्राज्य···की रक्षा···मेरे वीर वसु की
हीं तीसरा नेत्र खोलकर···राष्ट्र के कीड़ों को जला देते प्रभु !

का ताम्बूलवाहिनी और सुरावाहिनी के साथ प्रवेश]

) ओह !·· महासुन्दरी···एक पत्थर की प्रतिमा की पूजा कर
माँग लो···जो तुम्हें कुछ भी माँगना हो; महासुन्दरी को अब
ार्थना नहीं करनी है।

ाश्चर्य के साथ इन्हें देखती है।]

ओह !···क्या मैं मौर्य साम्राज्य के कुमारामात्य को देख रही

दरी !···आओ, मैं तुम्हें अपनी आँखों में बिठा लूं।
त ! सम्राट अशोक के धर्मानुशासन पर चलने का स्वप्न देखने
आँखों में विष डाल ले !···विष !
ए)···ताम्बूलवाहिनी ! पूछना···तो; महासुन्दरी की इन भौंहों
'बसंत में ग्रीष्म कहाँ से ?
य की जड़ में आग लग गई है ! और कुमारामात्य···की मृत्यु हो

ा न कहो···महासुन्दरी !···मुझे ··मुझे···।
कालेश्वर,···तू इन कीड़ों को भस्म क्यों नहीं कर देता ! यही है

) सुरावाहिनी !···महासुन्दरी को समझा दे···धर्म-विजय एक
विजित हूँ नर्त्तकी !···तुम्हारा नृत्य देखकर मैं लुट चुका हूँ !

चित्रा : (**दुःख से**) ओह ! तू मौर्य्य सम्राट है !···स्वर्गीय सम्राट की आत्मा तुझे बल दे ! उस पवित्र पद की लाज पर तू मर जा !···अब से सँभल जा !

पुष्यमित्र : सँभलना क्या है सुन्दरी ?

चित्रा : सँभलना क्या है ?···ओह! अन्धा,···मौर्य्य साम्राज्य अपनी विशालता से ढहने जा रहा है, दो ओर से राजधानी की ओर बढ़ते हुए खारवेल और यवन··· राजधानी विश्वासघातियों से पूर्ण···और तू !···

पुष्यमित्र : मैं कुछ नहीं समझ पा रहा हूँ···सुन्दरी,···(**रुककर**) सुरावाहिनी !···मेरा चषक देना !···

[सुरावाहिनी जैसे ही चषक भरकर देने लगती है···चित्रा बढ़कर···पात्र को हाथ से मार देती है।]

चित्रा : यह है···तेरा चषक !

पुष्यमित्र : (**बल से**) नर्तकी ! सावधान ! तू इस समय प्रणय-भिखारी कुमारामात्य के सामने खड़ी है !

चित्रा : (**पीड़ा से**) आह ! मैं कुमारामात्य से बातें करती होती !···यहाँ तो कोई उस पवित्र आवरण में चरित्रहीन चोर आया है !

पुष्यमित्र : इतना रूठकर बातें करोगी ?···तुम्हीं सोचो, इस आपत्ति काल में मैं क्या कर सकता हूँ ?

चित्रा : (**क्रोध से**) बता दूँ !···क्या कर सकते हो ? राष्ट्र-हित की बलि-वेदी पर, तू यहीं महाकाल को अपनी बलि दे दे !···समझा !

पुष्यमित्र : (**डरकर**)···यही कहोगी ?···यह कैसे ? (**चित्रा बढ़कर, महाकाल की मूर्ति के पीछे से खड्ग निकालकर**)

चित्रा : (**ललकारती हुई**) यहीं नतशिर हो जा !···मैं तेरी बलि देती हूँ···महाकालेश्वर स्वयं राष्ट्र-रक्षा करेंगे।

पुष्यमित्र : (**क्रोध से**)···तो···वाचाल! तुझे ही पहले मरना होगा···मैं अभी दण्डनायक को भेजता हूँ।

[आवेश में सबके साथ बाहर निकल जाता है।]

चित्रा : (**महाकाल के सामने खड्ग रखकर···**)शक्तिनाथ महाकालेश्वर !! एक दृष्टि में प्रलय करने वाले मौर्य्य साम्राज्य की रक्षा कीजिए !···रक्षा देव ! (**पृष्ठभूमि में कोई चीखकर कराह भरता है।**)

चित्रा : (**घबड़ाकर**) अरे !···यह कौन आह भर रहा है ? मेरे वसु की रक्षा करना शक्तिनाथ ! उसका कार्य पूरा हो···विजयी होकर लौटे !

[सहसा पीछे घायल वसुमित्र लड़खड़ाता हुआ गिर पड़ता है, चित्रा दौड़कर सँभालती है।]

चित्रा : मेरे वीर वसु !

वसु : (**पीड़ा से**) चित्रा !···चित्रा !! आह !

चित्रा : (**डर से**) वसु !···तुम भागकर तो नहीं आ रहे हो ?···बोलो !···

वसु : नहीं चित्रे !···ब्रह्मचारी की मुझसे घोर लड़ाई हुई···और मैंने उसे मारा···परन्तु जिस समय वह चोट खाकर मर रहा था···पीछे से किसी छिपे हुए शत्रु ने मुझ पर वार किया !

चित्रा : (**प्रसन्नता से**) वीर वसु !···ब्रह्मचारी···मर गया···?

वसु : (**क्षीण स्वर से**) हाँ···ब्रह्मचारी मर गया···!

चित्रा : और वह छिपा हुआ शत्रु ?

वसु : (**क्षीण स्वर से**) पीछा करते ही, वह भाग निकला !

चित्रा : (**वसु से चिपककर**) मेरे वीर वसु !

[वसुमित्र शिथिल होकर बेहोश हो जाता है ।]

चित्रा : (**घबड़ाकर**) अरे !···मेरे जीवन के वीर देवता !···तुम पर शत-शत चित्रा का बलिदान ! (**महाकाल से**) शक्तिनाथ ! मेरे वसु की रक्षा ! मौर्य साम्राज्य की रक्षा !···वसु !···आँखें खोलो !···तुम्हारी पलकों में मेरा साम्राज्य छिपा है !···बोलो···तुम्हारे ओंठों पर मेरा जीवन राग मुस्करा रहा है !···मुझे देखो ···वसु !···मुझे कुछ आज्ञा दो !

[सहसा पुष्यमित्र का दण्डनायक के साथ प्रवेश]

पुष्यमित्र : (**प्रवेश करते ही**) बन्दी कर लो···इन्हें ! (**आश्चर्य से रुक जाता है**) अरे ! युवक···की मृत्यु !

[दोनों झुककर देखने लगते हैं ।]

दण्डनायक : (**आश्चर्य से**)···यह क्या हुआ सम्राट ?···लेकिन···अभी तो युवक जी रहा है !

पुष्यमित्र : यह क्या हुआ नर्तकी ?

चित्रा : (**पीड़ा से**) तुझे क्या बताऊँ, निर्बल !···इसी महाकाल से पूछ ! नष्ट होते हुए मौर्य्य साम्राज्य से पूछ !···अपने पूरे वैभव के साथ ढहते हुए मगध के सिंहासन से पूछ !

पुष्यमित्र : बात क्या है ?···चित्रा···!

चित्रा : निर्बल ! राजधानी तक पहुँचने का सुरंग-द्वार···इस मन्दिर में है···और तुमसे क्रोधित ब्रह्मचारी ने इस सुरंग-द्वार को अभी-अभी शत्रुओं को दे दिया था···वीर वसु ने इसकी रक्षा की···ब्रह्मचारी मारा गया···मेरा···वसु···एक छिपे हुए··· शत्रु से घायल हुआ है !

पुष्यमित्र : ओह, वीर वसु !

दण्डनायक : देवी नर्तकी ! अब क्या किया जाए ?

चित्रा : वीर वसु···के वक्षस्थल से बहते हुए रक्त को
नष्ट होते हुए···मौर्य साम्राज्य को बचा लो···!
हैं; विश्वासघाती शासक शत्रुओं से मिल चुके हैं

[दोनों वसु के रक्त को श्रद्धा से अपने मस्तक प
चेतना आ जाती है ।]

चित्रा : (**प्रसन्नता से वसु से लिपटकर**) मेरे वीर वसु

वसुगुप्त : चित्रा !···चित्रा !!···

चित्रा : वसु ! वसु !!···अपनी अँगुली से बहते हुए
दो !···मुझे पवित्र कर लो वसु !···मेरे वसु !

[पृष्ठभूमि में तुमुल स्वर]

महाकाल प्रसन्न हों !

मौर्य्य साम्राज्य की जय

वसु और चित्रा

[धीरे-धीरे तुमुल स्वर क्षीण हो जाता है ।]

!
ा !···चित्रा !! आह !
!···तुम भागकर तो नहीं आ रहे हो ?···बोलो !···
ह्मचारी की मुझसे घोर लड़ाई हुई···और मैंने उसे मारा···परन्तु
ोट खाकर मर रहा था···पीछे से किसी छिपे हुए शत्रु ने मुझ पर

वीर वसु !···ब्रह्मचारी···मर गया···?
हाँ···ब्रह्मचारी मर गया···!
ा हुआ शत्रु ?
पीछा करते ही, वह भाग निकला !
कर) मेरे बीर वसु !
ल होकर बेहोश हो जाता है ।]
अरे !···मेरे जीवन के वीर देवता !···तुम पर शत-शत चित्रा
(महाकाल से) शक्तिनाथ ! मेरे वसु की रक्षा ! मौर्य साम्राज्य
सु !···आँखें खोलो !···तुम्हारी पलकों में मेरा साम्राज्य छिपा
तुम्हारे ओंठों पर मेरा जीवन राग मुस्करा रहा है !···मुझे देखो
कुछ आज्ञा दो !
न का दण्डनायक के साथ प्रवेश]
रते ही) बन्दी कर लो···इन्हें ! (आश्चर्य से रुक जाता है)
की मृत्यु !
देखने लगते हैं ।]
र्य से)···यह क्या हुआ सम्राट ?···लेकिन···अभी तो युवक जी

आ नर्तकी ?
ुझे क्या बताऊँ, निर्बल !···इसी महाकाल से पूछ ! नष्ट होते हुए
से पूछ !···अपने पूरे वैभव के साथ ढहते हुए मगध के सिंहासन

है ?···चित्रा···!
धानी तक पहुँचने का सुरंग-द्वार···इस मन्दिर में है···और तुमसे
ी ने इस सुरंग-द्वार को अभी-अभी शत्रुओं को दे दिया था···बीर
ा की···ब्रह्मचारी मारा गया···मेरा···वसु···एक छिपे हुए···
आ है !
वसु !
की ! अब क्या किया जाए ?

चित्रा : वीर वसु···के वक्षस्थल से बहते हुए रक्त को अपने मस्तक पर लगाओ···और नष्ट होते हुए···मौर्य साम्राज्य को बचा लो···! शत्रु राजधानी में प्रवेश कर चुके हैं; विश्वासघाती शासक शत्रुओं से मिल चुके हैं !

[दोनों वसु के रक्त को श्रद्धा से अपने मस्तक पर लगाते हैं, धीरे-धीरे वसुगुप्त को चेतना आ जाती है ।]

चित्रा : (प्रसन्नता से वसु से लिपटकर) मेरे वीर वसु !

वसुगुप्त : चित्रा !···चित्रा !!···

चित्रा : वसु ! वसु !!···अपनी अँगुली से बहते हुए इस पवित्र रक्त से मेरी माँग भर दो !···मुझे पवित्र कर लो वसु !···मेरे वसु !!···

[पृष्ठभूमि में तुमुल स्वर]

महाकाल प्रसन्न हों !

मौर्य्य साम्राज्य की जय !
वसु और चित्रा की

[धीरे-धीरे तुमुल स्वर क्षीण हो जाता है ।]

नूरजहाँ की एक रात

पात्र

नूरजहाँ	:	(मेहरुन्निसा) भारत सम्राज्ञी, उम्र 30 वर्ष।
जहाँगीर	:	भारत सम्राट, उम्र 35 वर्ष।
लैला	:	शाहज़ादी, उम्र 14 वर्ष।
खातून	:	बाँदी, उम्र 24 वर्ष।

समय—16वीं शताब्दी

स्थान—आगरे के शाही हरम

[जब मेहरुन्निसा सम्राट् अकबर के हरम में बाँदी शाहज़ादा जहाँगीर, मेहर की खूबसूरती से हार मान ऐसा दूरदर्शी सम्राट्; उसने फौरन सत्तरह वर्षीया के जागीरदार शेर अफ़गन से कर दी। लेकिन सन् तेरह वर्ष बाद, बंगाल के सूबेदार कुतुबुद्दीन ने एक हत्या कर डाली।

दुःखी विधवा मेहर के साथ, उस समय 10 स और मेहर इसी लड़की को लेकर, अपने शौहर की हरम में चली आई। वह हरम में दिन-रात रोती रह जहाँगीर का कलेजा फटता रहता। और बात तो दिमाग़ में यह बात घर कर चुकी थी कि शेर अफ़गन रूप से जहाँगीर का हाथ था।

मेहर जहाँगीर को अपनी जान से भी प्यारी किसी तरह खुश करके अपने प्रेम को जीतना चाहत वर्षों तक अपने शौहर की मौत की ग़मी मनाती रही जहाँगीर की ओर देखा तक भी नहीं। उसे कभी खुल थी।

आज रात को मेहरुन्निसा अपने पलंग पर अ प्यारी बाँदी खातून सिरहाने खड़ी होकर धीरे-धीरे शु कमरे में सजावट से अधिक वातावरण की पवित्रता है

सिरहाने, दो नीले मूँगे जड़े हुए—ऊँचे शमा प्रकाश दे रहा है। दाईं ओर सात रंग का मद्धिम प्रका झाड़-फ़ानूस लटक रहा है। पलंग से कुछ दूर, सिर सुन्दर तिपाई पर अजीब सजावट के साथ कुछ शीशिय भी पीछे, दीवार से सटाकर एक चाँदी के ऊँचे स्टैण्ड सुन्दर सुराही रखी हुई है, जो पन्नों के काम वाले हुई है—शायद इसमें गुलाब जल है। पास ही में दो रखे हैं।

नूरजहाँ की एक रात

पात्र

:	(मेहरुन्निसा) भारत सम्राज्ञी, उम्र 30 वर्ष ।
:	भारत सम्राट, उम्र 35 वर्ष ।
:	शाहज़ादी, उम्र 14 वर्ष ।
:	बाँदी, उम्र 24 वर्ष ।

समय—16वीं शताब्दी

स्थान—आगरे के शाही हरम में नूरजहाँ का कक्ष

[जब मेहरुन्निसा सम्राट् अकबर के हरम में बाँदी के रूप में थी, उसी समय शाहज़ादा जहाँगीर, मेहर की खूबसूरती से हार मान चुका था। लेकिन अकबर ऐसा दूरदर्शी सम्राट्; उसने फौरन सत्तरह वर्षीया मेहरुन्निसा की शादी, बंगाल के जागीरदार शेर अफ़गन से कर दी। लेकिन सन् 1606 में, मेहर की शादी के तेरह वर्ष बाद, बंगाल के सूबेदार कुतुबुद्दीन ने एक षड्यन्त्र में शेर अफ़गन की हत्या कर डाली।

दुःखी विधवा मेहर के साथ, उस समय 10 साल की एक लड़की लैला थी और मेहर इसी लड़की को लेकर, अपने शौहर की पाक-याद मान, जहाँगीर के हरम में चली आई। वह हरम में दिन-रात रोती रहती और उसके ग़म से सम्राट् जहाँगीर का कलेजा फटता रहता। और बात तो यह थी कि विधवा मेहर के दिमाग़ में यह बात घर कर चुकी थी कि शेर अफ़गन की मृत्यु-षड्यंत्र में, निश्चित रूप से जहाँगीर का हाथ था।

मेहर जहाँगीर को अपनी जान से भी प्यारी थी और वह एक बार उसे किसी तरह खुश करके अपने प्रेम को जीतना चाहता था। पर मेहर सतत चार वर्षों तक अपने शौहर की मौत की ग़मी मनाती रही और उसने इस बीच कभी जहाँगीर की ओर देखा तक भी नहीं। उसे कभी खुलकर पूरी नींद भी नहीं आती थी।

आज रात को मेहरुन्निसा अपने पलंग पर अस्तव्यस्त सो गई है। उसकी प्यारी बाँदी खातून सिरहाने खड़ी होकर धीरे-धीरे शुतरमुर्ग़ के पंख डुला रही है। कमरे में सजावट से अधिक वातावरण की पवित्रता है।

सिरहाने, दो नीले मूंगे जड़े हुए—ऊँचे शमादान पर दीपक मधुर-मधुर प्रकाश दे रहा है। दाईं ओर सात रंग का मद्धिम प्रकाश करता हुआ, छत से छोटा झाड़-फ़ानूस लटक रहा है। पलंग से कुछ दूर, सिरहाने की ओर, संगमूसा की सुन्दर तिपाई पर अजीब सजावट के साथ कुछ शीशियाँ और प्याले रखे हैं। उसके भी पीछे, दीवार से सटाकर एक चाँदी के ऊँचे स्टैण्ड पर लम्बे मुँह वाली, सोने की सुन्दर सुराही रखी हुई है, जो पन्नों के काम वाले एक छोटे-से रूमाल से ढकी हुई है—शायद इसमें गुलाब जल है। पास ही में दो बेशक़ीमती पर्सियन प्याले रखे हैं।

बाईं ओर दीवार में, एक चौड़ी खुली हुई खिड़की है, जिस पर का नीला रेशमी पर्दा दोनों ओर खिंचा हुआ है। और इससे कमरे में, चाँद-सितारे और रोज सुबह को निकला हुआ नया आफ़ताब पहले नूरजहाँ को ही झाँककर ऊपर चढ़ता है। दाईं ओर एक खुला हुआ दरवाज़ा है जिस पर आबेरवाँ का कीमती गुलाबी पर्दा झूल रहा है।

परदा उठने पर—नूरजहाँ पलंग पर अस्तव्यस्त सोई मिलती है। उसकी कीमती शलवार पर चुस्त कुर्ती में लिपटी हुई सफेद ओढ़नी। ज़र्द चेहरे पर चिंता और उदासी की रेखाएँ। कमरे में आती हुई हवा उसके स्याह गेसू में अजीब अदा से बल खा रही है। बाँदी सिरहाने उसे सावधानी से देखती हुई धीरे-धीरे पंखा झल रही है। थोड़ी-सी रात बीत चुकी है।

सहसा, दायें दरवाजे से, जहाँगीर सहमा हुआ सफेद शाही पोशाक में धीरे से पर्दा हटाकर बिल्ली की तरह प्रवेश करता है।]

जहाँगीर : (**पास आकर, आश्चर्य-युक्त स्वर से**) अरे !···मेहर को नींद आ गई।··· मेहर की ख़ामोश आँखों में नींद !! मेरी मेहर सो गई···!!! (**बुलाकर**) मेहर कब से सो रही है ?

ख़ातून : (**पलंग से कुछ दूर हट कर**) जहाँपनाह ! बेगम को बहुत तरकीबों के बाद अभी-अभी नींद आई है !

जहाँगीर : (**भावुकता से नूरजहाँ की ओर झुका हुआ**) अभी नींद आई है ?···तू बहुत अच्छी है ख़ातून, बहुत अच्छी !···अब चाँद से कह दे, वह जहाँ है वहीं चुप ख़ामोश रुक जाए!···जा कह दे सितारों से, वे बहुत धीरे-धीरे प्यार के नग़मे गुन-गुनाएँ···हवा आके यहाँ मेरी मेहर को प्यार की थपकियाँ दे···यह जहाँगीर का शाही फ़रमान है ! (**भावुकता से**) आह !···प्यारी मेहर को नींद आ गई।

ख़ातून : (**परेशान हो**) लेकिन, जहाँपनाह, यहाँ बोलना ठीक नहीं, बेगम के जग जाने का अन्देशा है···बेगम···जग···।

जहाँगीर : (**बीच ही में आश्चर्य से**) बेगम जग जाएगी !···(**विह्वलता से**) नहीं··· नहीं···ऐसा न कह ! (**ख़ातून को धीरे से बुलाकर, जहाँगीर नूरजहाँ की ओर झुककर**) देख !···मेहर की ख़ामोश निगाहों में कोई थक कर सो गया है ! इन काली ज़ुल्फ़ों में दिल कहता है कि छिप जाऊँ।···इन गोरी कलाइयों को चूम लूँ।

ख़ातून : (**डर से**) नहीं,···जहाँपनाह !···चुप हो जाइए !···

जहाँगीर : (**धीरे से**) अच्छा, अभी चुप हो जाता हूँ···लेकिन तू भी तो देख ले !··· देख···इन बंद पलकों में से प्यार मुस्करा रहा है !···कितनी मासूम आँखें हैं ! इन प्यारे-प्यारे पतले लबों पर जैसे मुहब्बत कुछ गाके चुप हो गई है !

ख़ातून : (**घबड़ाहट से**) जी हाँ, जहाँपनाह !···लेकिन कनीज़ माफ़ी चाहती है··· बेहतर होता आप ज़रा बेगम के पास से इधर आ के···।

जहाँगीर : (**दूर हटता हुआ**) तू ठीक कहती है···ठ
लेकिन, ख़ातून ! अब तो दिल कहता है कि मे
बंद आँखों के नीले आसमान की गहराई को दे

ख़ातून : (**सहम कर**) जी हाँ, ···आप शौक़ से दे
कनीज़ इसके लिए माफ़ी चाहती है।

जहाँगीर : (**आश्चर्य से**) बोलूँ नहीं !···जहाँगीर अ
रहे? हाँ मैं यहीं करूँगा ख़ातून! लेकिन एक बात
से झुककर) ज़रा देख तो ले ! नींद में डूबी हु
ख़्वाब देख रही है। प्यारा ख़्वाब !! मेरी मुहब्ब
बस रही है !···मैं अपने हाथों से मेहर के सर
